नूतन

पर्यायवाची एवं विपर्याय कोश

संपादक

डॉ० बदरीनाथ कपूर

विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी

NUTAN
PARYAYVACHI AVAM VIPARYAY KOSH

Dictionary of Synonyms
and
Antonyms

Edited by

Dr. Badri Nath Kapoor

1991
ISBN 81-7124-074-5

प्रथम संस्करण : 1991 ई०

प्रकाशक
विश्वविद्यालय प्रकाशन
चौक, वाराणसी

मुद्रक
वाराणसी एलेक्ट्रानिक कलर प्रिण्टर्स प्रा० लि०
वाराणसी

हिन्दी सेवियों में

अनन्य

प्रोफेसर तोशियो तनाका

को

भूमिका

1935 में हिन्दी का प्रथम पर्यायवाची कोश काशी से प्रकाशित हुआ था जिसके संपादक थे सेन्ट्रल हिन्दू स्कूल के प्राध्यापक पं० श्रीकृष्ण शुक्ल विशारद। शुक्ल जी लाला भगवानदीन जी के प्रिय शिष्यों में से थे और उन्हीं की सत्प्रेरणा से पर्यायवाची कोश के संपादन में प्रवृत्त हुए थे। उन दिनों हिन्दी में जितने शब्दकोश प्रकाशित हुए थे वे सब के सब पाश्चात्य अक्षरक्रमवाली पद्धति पर बने थे और शुक्ल जी का यह कोश ही ऐसा कोश था जो प्राचीन भारतीय कोश-पद्धति पर अर्थात् संस्कृत की अमरकोशवाली पद्धति पर आधारित था। पाश्चात्य पद्धति का मुख्य उद्देश्य शब्द के अर्थ का ज्ञान कराना होता है जबकि प्राचीन भारतीय पद्धति का मुख्य उद्देश्य विषय के आधार पर शब्द का ज्ञान कराना होता है। कहना न होगा कि अंग्रेजी के राजेट कृत थेसारस (THESAURUS) का निर्माण इसी भारतीय पद्धति पर ही हुआ है। खेद है कि हिन्दी में अब तक थेसारस जैसा कोई समृद्ध कोश तैयार नहीं हो सका।

सामान्य शब्दकोश में सभी शब्द अक्षरक्रम से रखे जाते हैं इसलिए उन्हें ढूँढने में विशेष प्रयास अपेक्षित नहीं होता। परन्तु पर्यायवाची कोशों में विभिन्न विषयों के आधार पर बनाए हुए खंडों तथा वर्गों में से शब्द खोजना पड़ता है। यह कार्य अपेक्षाकृत अधिक समयसाध्य तथा श्रमसाध्य होता है। शुक्ल जी ने अपने पर्यायवाची कोश को चार खंडों में विभाजित किया है। प्रथम खंड में देव आदि शब्दों के पर्याय दिए हैं। इसमें 267 पर्यायमालाएँ हैं जो छह वर्गों में विभाजित हैं। दूसरा जल-स्थल खंड है जिसमें 586 पर्यायमालाएँ हैं जो 15 वर्गों में रखी गई हैं। तीसरा खंड मानवजगत है जिसमें 998 पर्यायमालाएँ हैं जिन्हें 11 वर्गों में विभाजित किया गया है। चौथा और अंतिम मानवेतर जीव खंड है जिसमें 400 पर्यायमालाएँ हैं जिन्हें 5 वर्गों में बाँटा गया है। इस प्रकार इस कोश में 2251 पर्यायमालाएँ हैं जो चार खंडों और 37 वर्गों में विभाजित हैं।

उक्त कोश प्रारंभिक प्रयास था। इसलिए इसमें कमियों का रह जाना स्वाभाविक था। पहली कमी यह थी कि इसमें सामान्य व्यवहार के शब्द कम थे नामवाची शब्दों की ही भरमार थी। दूसरी कमी यह थी कि पर्यायमालाएँ जिस-जिस प्रमुख शब्द के अंतर्गत रखी गई थीं उनका कोई क्रम नहीं था। कभी-कभी तो यह सोच पाना भी कठिन होता है कि कौन प्रमुख शब्द किस खंड के किस वर्ग में मिलेगा। उदाहरण के लिए 'आँसू' के पर्याय आप जानना चाहते हैं तो इसके लिए पहले यह निश्चित करना होगा कि यह जल-स्थल खंड में होगा, मानवजगत खंड में होगा या मानवेतर जीव खंड में। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि इसे मानवजगत खंड

के मनुष्य वर्ग में स्थान प्राप्त हुआ है। अब मनुष्य वर्ग में चलिए। पर्याय मालाओं के प्रमुख शब्द इस प्रकार आरंभ होते हैं-शरीर, अंग, शिखा, चोटी, सिर, ललाट, जटा, कान, कनपटी, भौंह, बरौनी, आँख, आँख की पुतली, आँख का गोला, आँख का कोना, पलक, गाल, नाक, ओठ, ठुड्डी, मूँछ, दाढ़ी, मुँह, जीभ, दाँत, जबड़ा, तालु, कंठ, गरदन, कंधा, घंटी, छाती, स्तन, स्तन का अग्र भाग, काँख, कमर, कूल्हा, पेट, नाभि, पीठ, पंसली, लिंग, अंडकोश, योनि, नितंब, मलद्वार, मलाशय, मूत्राशय, जाँघ, घुटना, पैर, एड़ी, पैर का तलवा, पैर की उँगली, बाँह, केहुनी (कोहनी?), हाथ, हथेली, हथेली के पीछे, उँगुली, गावा, उँगुली के पोर, नाखून, इन्द्रिय, थप्पड़, घूँसा, गोद, रोम, रोमांच, आँसू, पसीना, चमड़ा..... आदि आदि ।

मेरा आशय है कि पन्नों पर पन्ने छानने और प्रकारान्तर से भटकने पर कहीं वांछित पर्यायमाला के दृष्टिगत होने की सम्भावना है।

उक्त कोश के प्रकाशन के कोई बीस वर्ष बाद सन् 1954 में डॉ० भोलानाथ तिवारी का वृहद पर्यायवाची कोश इलाहाबाद से प्रकाशित हुआ। यद्यपि इसमें खंडों की संख्या बढ़कर 8 हो गई फिर भी मुख्य ढाँचा पूर्ववत् ही रहा। मुख्य शब्दों का इसमें भी कोई क्रम नहीं तो भी कोष की उपादेयता इस दृष्टि से बढ़ गई कि एक तो मूल शब्दों को संख्याबद्ध कर दिया गया और दूसरे कोश में प्रयुक्त समस्त शब्दों की अंत में अक्षरक्रम से सूची प्रस्तुत कर दी गई। अक्षरक्रम से दी हुई इस सूची के शब्दों के आगे उस मूल शब्द के खंड तथा क्रम संख्या का निर्देश है जिस शब्द के पर्याय आपको चाहिए। उसे पहले इस सूची में देख लीजिए और तब उसके आगे जिस खंड तथा क्रमसंख्या का उल्लेख है वहाँ पहुँच जाइए। आपको वांछित पर्याय मिल जाएँगे। इसकी दूसरी बड़ी विशेषता यह थी कि पर्यायमालाओं के समस्त पर्याय शब्द अक्षरक्रम से रखें गए थे। इसमें दो राय नहीं कि यह कोश अत्यंत लोकप्रिय भी रहा और अत्यंत उपयोगी भी सिद्ध हुआ।

1974 में काशी से राजेश दीक्षित का आदर्श हिन्दी पर्यायवाची कोश निकला। यह कोश पद्धति की दृष्टि से शुक्ल जी के कोश से विशेष भिन्न नहीं था।

पिछले दशक में दो पर्यायवाची कोश सामने आए। इनमें से एक है अभिनव पर्यायवाची कोश[1] और दूसरा है हिन्दी-अंग्रेजी पर्यायवाची कोश।[2] ये दोनों दिल्ली से प्रकाशित हुए हैं। इन दोनों कोशों की विशेषता यह है कि इनमें खंडों और वर्गों में पर्यायमालाओं को बाँटने का झंझट ही समाप्त कर दिया है। पर्यायमालाओं के प्रमुख शब्दों को अक्षरक्रम से लगाया गया है। पाठकों के लिए यह पद्धति निश्चित रूप से सरल और सुविधाजनक सिद्ध हुई है। दो शब्द प्रस्तुत पर्यायवाची कोश के संबंध में भी। कार्य-पद्धति निर्धारित करते समय जो बातें मेरे ध्यान में आईं उनपर यहाँ संक्षेप में विचार कर लें तो अच्छा हो।

1. संपादक, डॉ० रामप्रकाश
2. संपादक, श्री गोपीनाथ श्रीवास्तव

1. पर्यायमालाओं का निर्धारण :

किसी पर्यायमाला में किस शब्द को स्थान मिले और किसको न मिले इस संबंध में ढुलमुल नीति ही अपनाई जाती रही है। उदाहरण के लिए गोपीनाथ श्रीवास्तव के हिंदी-अंग्रेजी पर्यायवाची कोश में 'युक्ति' के पर्यायों का अवलोकन करें:

युक्ति– कौशल, चातुर्य, चाल, अभ्युपाय, तरकीब, योजना, आयोजन, तर्क, दलील, उपाय, साधन

अब जरा ध्यान दीजिए। क्या कौशल, योजना, तर्क और साधन के अर्थों में कुछ समानता है ? उत्तर होगा नहीं। पर्याय तो ये तब होते जब इनमें कुछ अर्थगत समानता होती। पर्यायों की प्रचलित परिभाषा है- ऐसे शब्द जिनके सारभूत अर्थ समान हों। प्रस्तुत कोश में सारभूत अर्थों के विचार से उक्त माला के शब्द निम्नलिखित मालाओं में रखे गए है :

(1) **युक्ति**- उपाय, कटकीना, फँडा, गुट, गोटियाचाल, चाल, जुगत, जोड़-तोड़, टिप्पस, टोटका, ढील-ढाल, ढंग, तरकीब, तरीका, तोड़-जोड़, दाँव, दाँवपेंच, रीति, लटका, विधि, सिप्पा, हथकंडा (device, trick)

(2) **कौशल**- उस्तादी, कला, कारीगरी, चतुरता, चतुराई, चातुर्य, दक्षता, निपुणता, पटुता, प्रवीणता, फन, युक्ति, विज्ञता, विदग्धता, सफाई, हिकमत । (skill, adroitness, expertise, knack, art)

(3) **तर्क**- दलील । (argument)

(4) **उपाय**- करीना, जुगत, जुगाड़, तदबीर, तरकीब, तरीका, ब्योंत, मार्ग, युक्ति, रास्ता, राह, विधि, साधन, हथकंडा, हल (device, way, means)

मेरा अभिप्राय यह है कि युक्ति में चार अर्थ हैं और इस आधार पर चार मालाएँ बनाई गई हैं। अन्य कोशों की तरह विभिन्न अर्थों के सूचक शब्दों को एक ही माला में नहीं रखा गया।

अभिनव पर्यायवाची कोश में 'आरंभ' के पर्याय इस प्रकार दिए हैं-

आरंभ– आदि, अथ, प्रथम, उपोद्घात, उपक्रम, आर्विभाव, उद्भव, सूत्रपात, शुरुआत, इब्तदा।

प्रस्तुत कोश में इन शब्दों को निम्नलिखित मालाओं में रखा गया है।

आरंभ- आदि, उद्घाटन, उपक्रम, प्रवर्तन, प्रारंभ, बिसमिल्ला, बीजारोपण, शुभारंभ, शुरुआत, श्रीगणेश, समारंभ, सूत्रपात (beginning, commencement, start, opening, inauguration)

आविर्भाव- अवतरण, उत्पत्ति, प्रकटन, प्रकटीकरण, प्रस्फुटन, प्राकट्य, प्राकाम्य, प्रादुर्भाव (emergence, advent, appearance)

इब्तदा, अथ आदि शब्द प्रचलन में नहीं इसलिए इन्हें नहीं लिया गया। खटकनेवाली एक बात यह भी है कि पता नहीं कि अभिनव पर्यायवाची कोश में

'प्रथम' को किस आधार पर 'आरंभ' का पर्याय माना गया है। 'आरंभ' संज्ञा शब्द है, 'प्रथम' विशेषण।

'पाबंद' की माला अभिनव पर्यायवाची कोश में देखने योग्य है;

पाबंद- बद्ध, नियमित, विवश, अनुशासित, बद्धता, लाचारी, बाध्यता, मजबूरी।

'पाबंद' विशेषण है और इसके बद्धता, लाचारी, बाध्यता, और मजबूरी संज्ञा पद कैसे पर्याय हो सकते हैं? ये तो विवशता के पर्याय हैं। हमारे कोशकारों को ऐसी असावधानी से तो निश्चय ही बचना चाहिए। कभी-कभी कोशकार ऐसे शब्दों को पर्याय बतला देते हैं जिनके अर्थों में कुछ भी समानता नहीं होती। गोपीनाथ श्रीवास्तव कृत हिंदी-अंग्रेजी पर्यायवाची कोश में निम्नलिखित माला देखिए।

तहजीब- सभ्यता, शिष्टता, शुद्धता, संस्कार।

प्रथम दो शब्द सभ्यता और शिष्टता तो तहजीब के पर्याय है परंतु शुद्धता और संस्कार तहजीब के पर्याय नहीं।

2. पर्यायमालाओं के प्रमुख या मूल शब्द का निर्धारण :

माला के प्रमुख शब्द के चुनाव का आधार क्या हो ? वस्तुतः जो शब्द अधिक प्रचलित हो वही माला का प्रमुख शब्द भी होना चाहिए या फिर अर्थ की दृष्टि से अधिक व्यापक भी प्रमुख शब्द हो सकता है। परंतु इस साधारण से नियम के पालन मे हमारे कोशकार चूके है। उदाहरण के लिए गोपीनाथ श्रीवास्तव ने तअज्जुब, तअस्सुब, तंबीह आदि को मुख्य शब्द बनाया है और उनके अंतर्गत अन्य पर्यायों को दिया है जबकि इनके अधिक प्रचलित पर्याय है— आश्चर्य, पक्षपात और चेतावनी। प्रस्तुत कोश मे आश्चर्य, पक्षपात, चेतावनी आदि शब्दो को ही मुख्य माना गया है और उन्ही में पर्याय दिए गए हैं।

कुछ ऐसी मालाएँ भी है जिन के दो-दो या तीन-तीन शब्द प्रमुख प्रतीत होते है। ऐसी स्थिति मे निर्णय करना कठिन होता है कि किस शब्द को प्रमुख शब्द माना जाए। इस कोश में कुछ मालाएँ ऐसी है जो दो दो मूल शब्दो के अंतर्गत रखी गई हैं। ऐसा पाठकों की सुविधा की दृष्टि से किया गया है।

अभिनव पर्यायवाची कोश में एक माला मेरे देखने में आई है जिसमें सात शब्द हैं और सातों को मुख्य मानकर सात बार एक ही पर्यायमाला रख दी गई है। वस्तुतः ऐसा करना शक्ति और समय का तो दुरुपयोग है ही, कोश-विज्ञान के सिद्धांतों का भी मजाक उडाना है। उक्त माला है :

अभिलाषा– आकांक्षा, इच्छा, कामना, चाह, वासना, लालसा।

यदि कोश मे कुल 3000 मालाएँ हों और एक एक माला की सात बार आवृत्ति हो तो वास्तविक मालाओं की सख्या 500 से भी कम ठहरेगी। प्रस्तुत कोश में उक्त माला इच्छा मुख्य शब्द के अंतर्गत आई है और इस प्रकार है :

इच्छा- अभिलाषा, अरमान, आकांक्षा, आरज़ू, उच्चाकांक्षा, एषणा, कामना,

ख्वाहिश, चाह, चाहत, तमन्ना, तृष्णा, मनोकामना, मर्जी, महत्वाकांक्षा, मुराद, रजा, ललक, लालसा, वांछा, साध, स्पृहा, हुड़क, हविस, हवस, हसरत, हाई, और हिर्स।

मुख्य शब्दों के क्रम-संबंधी अभिनव पर्यायवाची कोश तथा हिन्दी-अंग्रेजी पर्यायवाची कोश में अनेक भूलें हैं। लगता है कि हमारे कोशकार सामान्य हिंदी शब्दकोशों में प्रस्तुत शब्दक्रम से भी अनभिज्ञ हैं। हिंदी अंग्रेजी पर्यायवाची कोश में 'दक्ष' के बाद दंगा और दंभ रखे गए हैं जबकि दंग से दोनों पहले आने चाहिए। 'दारुण' और 'दास' के बीच में 'दाँव' शब्द रखा है। आखिर यह कहाँ का क्रम है ?

3. पर्यायों का संकलन :

पर्याय शब्दों का संकलन कोशगत शब्दों के आधार पर सामान्यतः किया जाता है। इस कोश में साहित्य तथा बोल-चाल से भी पर्याय शब्द ढूँढने का प्रयास किया गया है। इस प्रकार पर्याय-संपदा के अभिवर्धन का प्रयत्न भी इस कोश का उद्देश्य रहा है। उदाहरण के लिए 'आज्ञा' शब्द के पर्यायों का अवलोकन कीजिए :

गोपीनाथ श्रीवास्तव कृत हिंदी-अंग्रेजी पर्यायवाची कोश	डॉ० रामप्रकाश कृत अभिनव पर्यायवाची कोश	प्रस्तुत कोश
आज्ञा	आज्ञा	आज्ञा
आदेश	आदेश	अधिदेश
समादेश	अनुमति	अध्यादेश
निदेश	अनुशासन	अनुज्ञा
अनुदेश	आयसु	अनुदेश
हुक्म	निर्देश	अनुमति
व्यादेश	निदेश	अनुशासन
(6)	अनुज्ञा	अभिदेश
	स्वीकृति	आदेश
	इजाजत	आयसु
	हुक्म	आर्डर
	(10)	कहना
		कहा
		निदेश
		निर्देश
		परमादेश
		परवाना
		[illegible]

फरमान
समादेश
हिदायत
हुकुम
हुक्म
(22)

जो शब्द दो-दो रूपों में चलते हैं वे तो ले लिए गए हैं और जो शब्द प्रयोग में नहीं रह गए उन्हें छोड़ दिया गया है।

गोपीनाथ श्रीवास्तव कृत हिंदी-अंग्रेजी पर्यायवाची कोश	डॉ० रामप्रकाश कृत अभिनव पर्यायवाची कोश	प्रस्तुत कोश
भय	भय	डर
आतंक	डर	आतंक
आशंका	शंका	आशंका
डर	त्रास	खतरा
खौफ	भीति	खौफ
खतरा	आशंका	डरावा
संत्रास	विपद (?)	त्रास
भीति	अनिष्ट	दहशत
त्रास	खतरा	भय
संकट	खौफ	भीति
जोखिम	(9)	विभीषिका
(10)		संकट
		संत्रास
		हवस
		(13)

4. पर्यायों का प्रस्तुतीकरण :

सामान्यतः पर्याय कोशों में पर्यायों को प्रस्तुत करने का कोई निश्चित विधान नहीं। डॉ० भोलानाथ तिवारी ने अवश्य पर्यायों को अक्षरक्रम से रखा था और मेरी समझ में यही नीति अन्य कोशकारों को भी अपनानी चाहिए थी।

पर्यायों के प्रस्तुतीकरण की एक पद्धति और भी हो सकती है। वह यह कि जो महत्वपूर्ण शब्द हों वे पहले रखे जाएँ और कम महत्वपूर्ण बाद में। परंतु कौन शब्द अधिक महत्वपूर्ण है और कौन कम इसका निर्धारण बहुत कठिन काम है। इसलिए डॉ० भोलानाथ तिवारी की नीति ही ठीक है। प्रस्तुत कोश में यही नीति अपनाई गई है। देखें :

चिरौरी- अनुनय, अनुनय-विनय, गिड़गिड़ाहट, निहोरा, मिन्नत, याचना, विनती।

सभी शब्द अक्षरक्रम से आए हैं।

5. अंग्रेजी समानक :

हर माला के साथ कुछ महत्वपूर्ण अंग्रेजी समानक या तदर्थी शब्द भी दिए गए हैं।

मुझे आशा है कि इससे अंग्रेजी के प्रेमी मेरे कुछ मित्रों को हिन्दी से स्नेह बढ़ाने का अवसर मिलेगा। कम से कम उनकी यह धारणा अवश्य बदलेगी कि हिंदी में शब्द-दारिद्रय है। हिन्दी निश्चय ही सबल और संपन्न भाषा है।

6. विपर्याय या विलोम शब्द :

गोपीनाथ श्रीवास्तव के पर्यायवाची कोश में कहीं-कहीं विपर्याय या विलोम शब्द भी दिए गए हैं। यह कार्य अत्यंत स्तुत्य है। परंतु उनसे बहुत बड़ी चूक हो गई। विपर्याय शब्दों का आधार केवल रूप नहीं अर्थ भी होता है। अब जरा देखिए उक्त कोश में दिए हुए कुछ विपर्यायों को :

उद्देश्य	निरुद्देश्य
प्रयोजन	निष्प्रयोजन
मेल	बेमेल
आधार	निराधार
आलंब	निरालंब
संदेह	निस्संदेह
विघ्न	निर्विघ्न
उपाय	निरुपाय
भ्रम	निर्भ्रम
मजा	बेमजा
होश	बेहोश

यहाँ बाईं ओर के सभी शब्द संज्ञापद हैं और उनके आगे दिए हुए विपर्याय या विलोम शब्द विशेषण या क्रियाविशेषण हैं। संज्ञा का विपर्याय संज्ञा ही होगा, विशेषण का विशेषण और क्रियाविशेषण का क्रियाविशेषण। वस्तुतः निरुद्देश्य उद्देश्यपूर्ण का, निष्प्रयोजन सप्रयोजन का, निराधार साधार का, निर्भ्रम भ्रमपूर्ण का, होशमंद बेहोश का विपर्याय है। 'बेमजा' मजा का विपर्याय नहीं बल्कि 'मजेदार' का विपर्याय है।

प्रस्तुत कोश में पहली बार विपर्यायों की लंबी सूची देने का प्रयास किया गया है।

इस कोश में 4300 से कुछ अधिक ही पर्याय मालाएँ दी गई हैं जिनमें 25000 से अधिक पर्याय शब्दों का संकलन हुआ है। हज़ारों मालाएँ तो बिल्कुल नई हैं।

इस कोश के प्रेरक श्री पुरुषोत्तमदास मोदी हैं और निरंतर प्रोत्साहन प्रदान करते रहे हैं डॉ० ब्रजमोहन और श्री विश्वनाथ मुकर्जी। अनेक बहुमूल्य संशोधनों तथा सुझावों से उपकृत किया है डॉ० गिरीन्द्र नाथ शर्मा, डॉ० आर० पी० पाण्डेय, फा० अमलदास तथा श्री शारदाशंकर द्विवेदी ने। हृदय से उक्त महानुभावों के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ।

पुस्तक समर्पित है तोक्यो विश्वविद्यालय के प्रसिद्ध विद्वान तथा हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर तोशियो तनाका को। हिन्दी की समृद्धि ही जिनके जीवन का एकमात्र ध्येय है।

शब्दलोक
47 लाजपत नगर
वाराणसी 221 002

बदरीनाथ कपूर

विषय-सूची

●

संकेताक्षर

क्रि	क्रिया
क्रिपद	क्रियापद
क्रिवि	क्रियाविशेषण
दे०	देखें
पुं०	पुंलिंग
वि०	विशेषण
सं०	संज्ञा
स्त्री०	स्त्रीलिंग

निर्देश

1. पर्यायमालाएँ प्रमुख विशेषतः अधिक प्रचलित शब्दों के अंतर्गत दी गई हैं। कोश में ये सभी प्रमुख शब्द अक्षरक्रम से दिए गए है।
2. कोश के अंत में उक्त मालाओं के सभी शब्दों की अक्षरक्रम से सूची दी गई है। सूची में छपे मोटे अक्षरों में पर्याय मालाओं के प्रमुख शब्द हैं अर्थात् इन के अंतर्गत पर्यायमालाएँ दी गई हैं। जिन शब्दों के सामने दे० अमुक शब्द लिखा हो कृपया उस शब्द को देखें। उसी में उस शब्द के पर्याय मिलेंगे।

प्रथम खण्ड

पर्यायवाची कोश

अंक (पुं.) आँकड़ा, तादाद, नंबर, संख्या, संख्यांक, हिंदसा ।
number, digit, figure(s), numeral.

अंकगणित (पुं.) अंकविद्या, गणित, हिसाब।
arithmetic.

अंकन (पुं.) आलेखन, चित्रण, चित्रलेखन, वर्णन ।
delineation, depiction, description, portrayal, narration.

अंकित (वि.) उरेहा हुआ, चित्रित, वर्णित ।
delineated, depicted, described, portrayed, narrated.

अंकित करना (क्रिपद) चित्रण करना, चित्रित करना, वर्णन करना ।
to delineate, to depict, to describe, to portray, to narrate.

अंकुर (पुं.) अँखुआ, आँख, कल्ला, किसलय, कोंपल ।
sprout, shoot.

अंकुरित होना (क्रिपद) अँकुरना, अँखुआना, अँखुआ फूटना, उपजना, जमना, निकलना, प्रस्फुटित होना ।
to sprout, to germinate.

अंकुश (पुं.) १. गजबाग ।
goad of an elephant.
–२. नियंत्रण (दे.)

अंग (पुं.) १. अवयव, भाग, शरीर का हिस्सा, हाथ-पाँव ।
limb, part of the body.
–२. पक्ष, पहलू, पार्श्व ।
aspect, facet, side.

अंगड़-खंगड़ (पुं.) अगड़म-बगड़म, काठ-कबाड़, कूड़ा-कर्कट, फालतू सामान ।
junk, lumber, oddments.

अँगड़ाना (क्रि.) अँगड़ाई लेना ।
to stretch limbs.

अंग-प्रत्यंग (पुं.) अंजर-पंजर, जोड़-जोड़, हड्डी-पसली ।
body and its parts, joints of a body or structure.

अँगूठा (पुं.) अंगुष्ठ ।
thumb.

अँगूठी (स्त्री.) छल्ला, मुँदरी, मुद्रिका, वलय।
ring.

अंगूर (पुं.) दाख, द्राक्षा ।
grapes.

अंग्रेज (पुं.) आंग्लदेशी, इंग्लिस्तानी, गोरा, गौरांग, फिरंगी, विलायती ।
Englishman.

अंग्रेजी (स्त्री.) गिटपिट (उपेक्षासूचक) ।
English Language.

अंडकोश (पुं.) अंड, आँड़, पोता, फोता ।
scrotum, testis, testicles.

अंडबंड (वि.) अंटशंट, अनाप-शनाप, अनर्गल, उलटा-सीधा, ऊलजलूल, बेतुका ।
incoherent, irrelevant, bizarre.

अंडबंड बकना (क्रि.) अंटशंट बकना, अपशब्द कहना, अनाप-शनाप कहना, ऊलजलूल बातें करना, गाली/गालियाँ देना, गाली-गलौज करना, दुर्वचन कहना।
to indulge in irrelevant talk, to abuse.

अंतःकरण (पुं.) अंतस्, अंतस्तल, उर, चित्त, जिया, जी, दिल, मन, मनुआ, हृदय, मानस ।
heart, innerself.

अंतःपुर (पुं.) जनानखाना, रनिवास, हरम ।
harem, seraglio.

अंत (पुं.) १. अवसान, इति, इतिश्री, उपसंहार, खात्मा, पटाक्षेप, पर्यवसान, समापन, समाप्ति, सिरा ।
end, expiry, finish, termination, closure, completion, finale.
–२. रहस्य (दे.)
–३. परिणाम (दे.)

अंत कर देना (क्रिपद) अस्तित्व मिटा देना, उखाड़ फेंकना, खत्म कर देना, खात्मा कर देना, न रहने देना, मार डालना , समाप्त कर देना ।
to put an end to, to terminate.

अंतकाल (पुं.) अंतिम क्षण (घड़ी, वेला, समय) मरणवेला, मरने का समय,

मृत्युकाल।

last moment, time of death.

अंततः (क्रिवि.) अंत में, अंततोगत्वा, आखिर में, आखिरकार।

finally, at last, ultimately, in the end.

अंतरंग (वि.) अंतरतम, अभिन्न, घनिष्ठ, गहरा, जिगरी, दिली, पक्का, प्रगाढ़, लँगोटिया।

intimate, fast, close, closest, inmost.

अंतर (पुं.) १. असमानता, फर्क, भिन्नता, भेद, प्रभेद, पार्थक्य, भेदभाव, विभिन्नता, विभेद, विषमता, वैषम्य, व्यतिरेक।

difference, dissimilarity, diversity, variation, distinction.

–२. अंतराल, दूरत्व, दूरी, फासला।

distance, interval of time or space.

अंतरण (पुं.) तबदीली, तबादला, स्थानांतरण, हस्तांतरण।

transfer.

अंतराल (पुं.) अवकाश, मध्यांतर, मध्यावकाश, व्यवधान।

interval, recess, break, gap.

अंतरिम (वि.) अंत:कालीन, अंतर्वर्ती, बिचला, मध्यकालीन, मध्यम, मध्यवर्ती।

interim, intermediate, intermediary, buffer.

अंतर्गत (वि.) अंतर्निहित, अंतर्भूत, अंतर्वर्ती, अंतर्हित, गर्भित, मिला हुआ, विवक्षित, शरीक, शामिल, संनिविष्ट, समाविष्ट, समावेष्टित।

included, incorporated, contained, impregnated, implied, inserted.

अंतर्दृष्टि (स्त्री.) कल्पना-शक्ति, सूझ, सूझ-बूझ।

insight, power of imagination.

अंतर्धान[1] (वि.) अगोचर, अदृश्य, अलक्षित, ओझल, गायब, तिरोभूत, तिरोहित, लुप्त, विलीन, विलुप्त।

disappeared, vanished, invisible.

अंतर्धान[2] (पुं.) अदर्शन, तिरोधान, तिरोभाव, लोप, विलोप।

disappearance, vanishing.

अंतर्धान हो जाना (क्रिपद) अगोचर हो जाना, अदृश्य हो जाना, अलक्षित हो जाना, ओझल हो जाना, खिसक जाना, गायब हो जाना, तिरोभूत हो जाना, तिरोहित हो जाना, चलता होना, नौ दो ग्यारह होना, पलायन करना, रफूचक्कर होना, लुप्त हो जाना, फुर हो जाना, लोप हो जाना, विलीन हो जाना।

to disappear, to go out of sight, to vanish, to become invisible.

अंतर्भाव (पुं.) अंतर्वेशन, समावेश, समावेशन, सम्मिलन।

inclusion, incorporation.

अंतिम (वि.) अंततम, अंततोगत, आंतिक, आखिरी, पिछला।

last, final, latest.

अंत्येष्टि (स्त्री.) अंतिम संस्कार, अग्निकर्म, अग्निक्रिया, अग्निसंस्कार, दाह, दाहकर्म, दाहक्रिया, दाह-संस्कार, मरनी-करनी, शवदाह।

cremation, funeral rites.

अंदर (क्रिवि.) भीतर।

inside.

अंदर जाना (क्रिपद) घुसना, पैठना, प्रविष्ट होना, प्रवेश करना, भीतर जाना।

to go in, to enter, to penetrate, to pass into.

अंधकार (पुं.) १. अँधेरा, अँधेरा-घुप, अँधियारा, अँधियारी, तम, तमिस्र, तिमिर, निशांधकार।

dark, darkness.

–२. अज्ञान, अविद्या, भ्रांति।

ignorance, illusion

अंधा (वि.) १. चक्षुहीन, दृष्टिहीन, नेत्रहीन, सूर, सूरदास।

blind, without sight.

–२. अज्ञानी, अविवेकी, विमूढ़, विवेकशून्य।

indiscreet.

अंधकूप (पुं.) तमसावरण, ब्लैक-आउट।
black-out.

अंधाधुंध (क्रिवि.) अंधे होकर, उन्मत्त होकर, पागलों की तरह, बिना विचारे, बेतहाशा।
blindly, indiscriminately.

अंधापन (पुं.) १. अंधता, दृष्टिहीनता, नेत्रहीनता।
blindness.
—२. अज्ञान (दे.)

अंधेर (पुं.) १. अंधेर-खाता, अव्यवस्था, कुप्रबन्ध, विधिहीनता।
lawlessness.
—२. अराजकता (दे.)
—३. अन्याय (दे.)

अंश (पुं.) १. खंड, टुकड़ा, पार्ट, प्रक्षेत्र, भाग, प्रभाग, विभाग, हिस्सा।
part, portion, division, piece, section, sector.
—२. पत्ती, भाग, शेयर।
share.

अंशदान (पुं.) अवदान, योगदान, शिरकत, सहभागिता।
contribution, participation.

अकंटक (वि.) काँटों से रहित, निर्विघ्न, निष्कंटक, बिना किसी बाधा का।
thornless, unimpeded, unobstructed, trouble free.

अकड़ (स्त्री.) अकड़-फूँ, ऐंठ, इतराहट, शेखी, हेकड़ी।
airs, strut.

अकड़ना (क्रि.) १. अकड़ जाना, ऐंठ जाना, कड़ा हो जाना, पथरा जाना, लकड़ाना।
to stiffen.
—२. इतराना (दे.)

अकथनीय (वि.) अकथ्य, अनिर्वचनीय, अनिर्वाच्य, अपरिभाषेय, अवर्णनीय, अवर्ण्य, बयान से बाहर, न कहने योग्य, वर्णनातीत।
unutterable, indescribable, ineffable, indefinable, unspeakable.

अकथित (वि.) अनकहा, अचर्चित, अवर्णित, बिन-कहा।
untold, indescribed, unmentioned.

अकाट्य (वि.) अकाट, अखंडनीय, अखंड्य, अविवाद्य।
irrefutable, unquestionable, beyond question, indisputable.

अकारण (क्रिवि.) अहेतुक, ऐसे ही, ख्वामख्वाह, निष्कारण, बिना मतलब, बेमतलब, बेवजह, यों ही।
without cause, without any rhyme or reason.

अकाल (पुं.) १. कहत, दुर्भिक्ष, दुष्काल।
famine.
—२. कमी (दे.)

अकुलाना (क्रि.) अधीर होना, घबराना, परेशान होना, बेचैन होना, विकल होना, व्यग्र होना, व्याकुल होना।
to feel restless, to be anxious.

अकुशल (वि.) अदक्ष, अनाड़ी, अनिपुण, अनिष्णात, अपटु, अप्रवीण, बेहुनर।
unskilled, unversed, unskilful.

अकुशलता (स्त्री.) अदक्षता, अनाड़ीपन, अनिपुणता, अपटुता, अप्रवीणता।
unskilledness, unskilfulness.

अकृतज्ञ (वि.) एहसानफरामोश, कृतघ्न, नमकहराम।
ungrateful, unthankful.

अकृतज्ञता (स्त्री.) एहसानफरामोशी, कृतघ्नता, नमकहरामी।
ungratefulness, unthankfulness, thanklessness.

अकेला (वि.) १. इकलौता, एकमात्र, एकल, एकाकी, तन्हा, निस्संग, फकत, विजन।
single, alone, only, sole, solitary, aloof.
—२. अद्वितीय (दे.)

अकेलापन (पुं.) एकांतवास, एकाकीपन, तन्हाई।
loneliness, solitariness, solitude, aloofness.

अक्खड़ (वि.) १. उजड्ड, गँवार, गुस्ताख, धृष्ट, प्रगल्भ, फूहड़, बड़बोला, बदतमीज़, मुँहफट।
impolite, rude, immodest, impertinent, ill-mannered, unman-

nerly, uncivil, recalcitrant, blunt, cheeky, curt, discourteous.
–२. अशिष्ट (दे.)

अखत (वि.) १. अनाहत (अन्+आहत), क्षतिहीन।
unhurt, uninjured.
–२. अविच्छिन्न, अटूट, अखंडित, अभग्न, अभंग।
unbroken, uninterrupted.
–३. पूरा (दे.)

अखरना (क्रि.) अच्छा न लगना, अप्रिय लगना, कचोटना, चुभना, बुरा लगना, सालना।
to be sore, to be hurtful.

अखाड़ा (पुं.) १. मल्लभूमि, मल्लशाला।
arena, wrestling field.
–२ मठ (दे.)

अखाड़ेबाज (वि.,पुं.) बैठकबाज।
companionable.

अखाद्य (वि.) अनद्य, अभक्ष्य, न खाने योग्य।
inedible, uneatable.

अगम्य (वि) अपारणीय, दुर्गम, अलंघ्य, विकट।
unpassable.

अगर (योजक) अगरचे, यदि।
if.

अगला (वि.) अग्र, अग्रवर्ती, आसन्न, आगामी, आनेवाला, परवर्ती, बादवाला, भावी।
next, following, coming, subsequent, consequent, later.

अगोरना (क्रि.) चौकसी करना, चौकीदारी करना, देखभाल करना, निगरानी करना, देख-रेख करना, पहरा देना, पहरेदारी करना, रक्षा करना, रखवाली करना, हिफाजत करना।
to look after, to keep watch over.

अग्रिम (पुं.) अग्रिम राशि, एडवांस, बयाना, साई।
advance, advance payment.

अघाना (क्रि.) अघा जाना, खूब खाना-पीना, छकना, जी भर जाना, तृप्त हो जाना, तृप्ति होना, पेट भर जाना, मन भर जाना, संतुष्ट हो जाना।
to be satiated.

अचानक (क्रिवि.) अकस्मात्, अप्रत्याशित रूप से, एकदम, एकबारगी, एकाएक, झट से, बैठे-बैठाए, यकायक, सहसा।
suddenly, unexpectedly, all of a sudden, all at once, accidentally. without any warning.

अचिंतनीय (वि.) अकल्पनीय, अशोचनीय।
inconceivable, unthinkable, unimaginable.

अचूक (वि.) अक्सीर, अमोघ, न चूकनेवाला, रामबाण।
infallible, unfailing.

अचेत (वि.) चेतनारहित, चेतनाशून्य, चेतनाहीन, बेसुध, बेहोश, मूर्च्छित, संज्ञारहित, संज्ञाशून्य, संज्ञाहीन।
unconscious, senseless, fainted.

अचेतनता (स्त्री.) गश, बेसुधी, बेहोशी, मूर्च्छा, संज्ञाशून्यता, संज्ञाहीनता।
unconsciousness, faint.

अच्छा (वि.) १. उत्कृष्ट, उत्तम, उम्दा, नीक, नीका, बढ़िया, बेहतर, श्रेष्ठ।
good, nice, fine.
–२. नेक, भद्र, भला, सच्चरित्र, सज्जन, सद्।
gentle, virtuous, good.
–३. स्वस्थ (दे.)

अच्छाई (स्त्री.) उत्कृष्टता, अच्छापन, उत्तमता, उम्दगी, खूबी, गुण, बेहतरी, भलाई, श्रेष्ठता।
goodness, virtue, excellence, merit.

अच्छा करना (क्रिपद) चंगा करना, ठीक करना, तंदुरुस्त बनाना, नीरोग करना, स्वस्थ करना।
to cure, to heal, to make better, to restore, to remedy.

अच्छाई-बुराई (स्त्री.) ऊँच-नीच, नेकी-बदी, भला-बुरा।
good and evil.

अछूत (वि.,पुं.) अंत्यज, अस्पृश्य, हरिजन।

untouchable.

अछूता (वि.) अस्पृष्ट, कोरा।
untouched.

अजनबी (वि., पुं.) अज्ञात, अनजान, अनजाना, अपरिचित, ऐरा-गैरा, चलता-फिरता, बाहरी, विदेशी।
stranger, outsider, foreigner.

अजन्मा (वि.) अजात, अनुत्पन्न, अयोनिज, जन्मरहित।
unborn.

अजातशत्रु (वि.) शत्रुविहीन।
having no enemy, without enemy.

अजेय (वि.) अजय, अजित, अदम्य, अदमनीय, अनियंत्रणीय, अपराजेय, दुर्जेय, दुर्दमनीय, दुर्दम्य, दुर्दांत, दुर्भेद्य।
unconquerable, irrepressible, impregnable.

अज्ञात (वि.) अनजाना, अननुभूत, अनवगत, अपरिचित, अलक्षित, अविदित, नामालूम।
unknown, unidentified, obscure, unfamiliar, unheard-of.

अज्ञातवास (पुं.) एकांतवास, गुप्तवास।
dwelling in an unknown place.

अज्ञान (पुं.) १. अज्ञता, अनभिज्ञता, अपरिचय, अविद्या, गैर-जानकारी, नावाकफियत।
non-acquaintance, unfamiliarity, ignorance.
–२. मूर्खता (दे.)

अज्ञेय (वि.) अगोचर, अनधिगम्य, इंद्रियातीत।
unknowable, imperceptible.

अज्वलनशील (वि.) अदह्य, अदाह्य।
incombustible, non-combustible.

अटना (क्रि.) आ जाना, पूरा पड़ना, समाना।
to be able to hold, to be accommodated.

अट्टहास (पुं.) कहकहा, किलकारी, खिलखिलाहट, जोर की हँसी, ठहाका।
guffaw, boisterous laugh.

अट्टहास करना (क्रिपद) कहकहा मारना, किलकारी मारना, खिलखिलाना, ठट्ठा मारना, ठहाका मारना/लगाना।
to guffaw, to chortle.

अठन्नी (स्त्री.) अधेली, आठ आने का सिक्का।
eight anna coin.

अड्डा (पुं.) ठिया, डेरा।
1. resting or halting place.
2. perch.

अत: (क्रिवि.) अतएव, इस कारण, इसलिए, चूँकि, लिहाजा।
therefore, hence, so.

अतिथि (पुं.) अभ्यागत, आगंतुक, गृहागत, नवागंतुक, पाहुन, पाहुना, मिलनेवाला, मुलाकाती, मेहमान।
guest, visitor, caller, visitant.

अतिथि-भवन (पुं.) अतिथि-गृह, अतिथिशाला, धर्मशाला, मुसाफिरखाना।
guest house.

अतिथि-सत्कार (पुं.) अतिथि-सेवा, आवभगत, खातिर, खातिर-तवाजा, मेहमानदारी, मेहमान-निवाजी, स्वागत-सत्कार।
hospitality, hospitableness.

अतिरंजन (पुं.) अतिरंजना, अतिशयोक्ति, अत्युक्ति, मुबालगा।
exaggeration, hyperbole, overstatement, amplification.

अतिरंजन करना (क्रिपद) अतिरंजित करना, अतिशयोक्ति करना, अत्युक्ति करना, नमक-मिर्च लगाकर कहना, बढ़ा-चढ़ाकर कहना, मिर्च-मसाला लगाकर कहना।
to exaggerate, to inflate, to magnify.

अतिरिक्त (वि.) ऊपरी, फाजिल, फालतू, बाहरी, बेकार।
additional, superfluous. extra,

अतिरिक्त (के) (परसर्ग) (के) अलावा, (के) सिवा, (को) छोड़कर।
except, except for, apart from, other than.

अतिसार (पुं.) ग्रहणी, दस्त की बीमारी, प्रवाहिका, संग्रहणी।

diarrhoea.

अत्तार (पुं.) इतरफरोश, गंधी।
perfumer.

अत्यधिक (वि.) अतीव, अतिशय, अत्यंत, अनल्प, अपार, अमित, घोर, ढेरों, धुर, ताबड़तोड़, नितांत, निहायत, परले सिरे का, प्रचंड, बहुत ज्यादा, बेअंत, बेतरह, बेशुमार, बेहद, बेहिसाब, भूरि-भूरि, विपुल।
excessive, enormous, overwhelming, profound, immense.

अत्यधिकता (स्त्री.) अतिशयता, इंतिहा, बहुतायत, बहुलता, भरमार।
abundance, plenty, affluence.

अत्यल्प (वि.) अनधिक, जरा-सा, नाम को, नाम मात्र का, बहुत कम, बहुत थोड़ा।
too little, infinitesimal.

अत्याचार (पुं.) १. उत्पीड़न, जबरई, जबरदस्ती, जुल्म, ज्यादती, धींगामुश्ती, तानाशाही, नादिरशाही, निरंकुशता, नृशंसता, परपीड़न, मनमानी, शोषण, सख्ती, सितम, स्वेच्छाचार।
tyranny, oppression, high-handedness.
—२. अन्याय (दे.)

अत्याचारी (पुं.) उत्पीड़क, क्रूर, जालिम, जुल्मी, निर्दय, तानाशाह, नृशंस, परपीड़क, सख्त आदमी, स्वेच्छाचारी।
tyrant, oppressive.

अत्यावश्यक (वि.) अर्जेंट, अविलंबनीय, तुरंती।
urgent.

अत्युत्तम (वि.) अतिश्रेष्ठ, उत्तमोत्तम, बहुत बढ़िया, सर्वोत्तम।
most excellent, very good, best.

अथवा (योजक) किंवा, या, वरन, वरना, वा।
or, otherwise.

अदूरदर्शिता (स्त्री.) अल्पदृष्टि, अविचार, विचारशून्यता, विवेकशून्यता।
short-sightedness.

अदूरदर्शी (वि., पुं.) अल्पदृष्टि, अविचारी, विचारशून्य, विवेकशून्य।
short-sighted, injudicious.

अद्यतन (वि.) १. अद्यावधिक, अधुनातन, अप-टू-डेट।
up-to-date.
—२. नया (दे.)

अद्वितीय (वि.) अतुलनीय, अतुल्य, अनुपम, अनूठा, अनोखा, अनन्य, अपूर्व, अप्रतिम, अभूतपूर्व, निराला, निरुपम, बेजोड़, बेमिसाल, लाजवाब, लासानी।
unique, unmatched, matchless, peerless, unprecedented, incomparable.

अधिक (वि.) ज्यादा, पुष्कल, प्रचुर, प्रभूत, बहुत, बहुतेरा, बहुल, बेशी।
more, plentiful, abundant, ample, bounteous.

अधिकतम (वि.) अधिक से अधिक, ज्यादा से ज्यादा, महत्तम।
maximum.

अधिकतर (वि.) अधिकांश, ज्यादातर।
most, nearly all.

अधिकता (स्त्री.) अति, अतिरेक, अतिशयता, आधिक्य, प्रचुरता, प्राचुर्य, बरकत, बहुतायत, बहुलता, बाहुल्य, विपुलता।
excess, plenty, abundance, affluence, opulence, plenitude..

अधिकार (पुं.) अध्यर्थन, अभ्यर्थन, आधिपत्य, इख्तियार, कब्जा, दखल, दावा, दावेदारी, प्रभुत्व, प्राधिकार, शक्ति, सत्ता, स्वत्व, स्वामित्व, हक।
right, possession, claim.

अधिकार करना (क्रिपद) अधीन करना, कब्जा करना, कब्जे में लाना, काबू करना, वश में लाना/लेना, वशीभूत करना।
to take possession of, to subjugate, to bring into subjection.

अधिकारी (पुं.) अफसर, आफिसर, कार्यसंचालक, कार्याधिकारी, नौकरशाह, पदाधिकारी, प्राधिकारी, मंसबदार, हाकिम।
officer, official, executive, bureaucrat.

अधिकृत (वि.) आधिकृत।

authorised.

अधिनायक (पुं.) एकाधिपति, डिक्टेटर, तानाशाह, निरंकुश शासक, स्वेच्छाचारी शासक।

dictator, despot, autocrat.

अधिनायकता (स्त्री.) अधिनायकत्व, डिक्टेटरशिप, तानाशाही, स्वेच्छाचारिता।

dictatorship, autocracy, despotism.

अधीन (वि.) अधीनस्थ, अवलंबित, आश्रित, निर्भर, परतंत्र, परवश, पराधीन, पराश्रित, मातहत।

depending, subject to, subordinate.

अधीनता (स्त्री.) अवलंबन, आश्रय, निर्भरता, परतंत्रता, परवशता, पराधीनता, पराश्रय, मातहती।

dependence, subjection, subservience, subordination.

अधूरा (वि.) अधकचरा, अधबना, अनिष्पन्न, अपूर्ण, असमाप्त।

incomplete, imperfect, lacking, partial, unfinished, unaccomplished.

अधूरापन (पुं.) अनिष्पन्नता, अपूर्णता, अभाव, असमाप्ति, कमी।

incompleteness, imperfection.

अधेला (पुं.) धेला।

a half-pice coin.

अध्यक्ष (पुं.) अधिष्ठाता, चेयरमैन, प्रधान, प्रमुख, सभापति, सदर।

president, chairman, speaker, director.

अध्यक्षता (स्त्री.) चेयरमैनी, प्रधानता, सदारत, सभापतित्व।

chairmanship, presidentship.

अध्ययन (पुं.) अनुशीलन, पठन, पढ़ना, पढ़ाई, परिशीलन, मनन, स्टडी।

study, reading, learning.

अध्यापक (पुं.) उस्ताद, गुरु, टीचर, प्रवक्ता, प्रशिक्षक, प्राध्यापक, प्रोफेसर, मास्टर, मुदर्रिस, व्याख्याता, शिक्षक।

teacher, professor, trainer.

अध्यापन (पुं.) अवबोधन, पढ़ाना, पाठन, प्रशिक्षण, प्राध्यापन, मुदर्रिसी, शिक्षण, शिक्षा, सिखाई।

teaching, coaching, educating, training.

अध्याय (पुं.) कांड, खंड, परिच्छेद, पर्व, पाठ, प्रकरण, भाग, विभाग, समुल्लास, सर्ग, स्कंध।

chapter, part, section, episode.

अध्याहार (पुं.) न्यूनपद, पदलोप।

ellipsis.

अनंत (वि.) अंतहीन, अक्षय, अनादि, अपरिमित, अपार, अमर, अमित, अमेय, असीम, चिरंतन, निस्सीम, बेहद, शाश्वत, सनातन।

infinite, eternal, never-ending, boundless, immense, endless.

अनगिनत (वि.) अगणनीय, अगणित, अगण्य, अनगिना, अटाटूट, अपार, असंख्य, गणनातीत, बहुसंख्यक, बेइंतहा, बेशुमार, बेहद, बेहिसाब, संख्यातीत।

countless, innumerable, numberless, numerous.

अनजान (वि.) अज्ञान, अबोध, अनभिज्ञ, अविज्ञ, नादान, नासमझ, बेसमझ।

ignorant, unaware, unknowing, innocent, unenlightened.

अनन्य (वि.) एकनिष्ठ, एकांतिक, एकाश्रयी।

exclusive, undivided.

अनपढ़ (वि.) अपढ़, अप्रशिक्षित, अशिक्षित, जाहिल, निरक्षर, बेपढ़ा।

illiterate, uneducated, untrained.

अनचीता (वि.) अकाम्य, अनचाहा, अनभिलषित, अनाकांक्षित, अनिच्छित।

undesired, unintended, uncherished.

अनर्जित (वि.) अनकमाया, अनुपार्जित, बेकमाया।

unearned.

अनर्थकारी (वि.) अनर्थक, [illegible], अनर्थपूर्ण, घोर, [illegible], [illegible]

ही बुरा, भयानक, भयावह, विनाशक, विपदाकारक।
disastrous, calamitous, catastrophic, destructive, detrimental, dreadful, terrible.

अनवसर (पुं.) असमय, कुसमय, गलत मौका, बेमौका, बेवक्त।
wrong occasion, inopportune time.

अनाड़ी (वि.) अकुशल, अदक्ष, अनभ्यस्त, कौशलरहित, गँवार, देहाती, फूहड़, बेढंगा, बेढब, बेसलीका, बेशऊर, बेहुनर।
skill-less, unskilled, unversed, unskilful.

अनाड़ीपन (पुं.) गँवारपन, बेढंगापन, फूहड़पन, बेशऊरी।
unskilfulness.

अनाथ (वि., पुं.) मातृ-पितृविहीन, यतीम।
orphan.

अनाथता (स्त्री.) मातृ-पितृविहीनता, यतीमी।
orphanhood.

अनाथालय (पुं.) यतीमखाना।
orphange.

अनाधिकारिक (वि.) अनधिकृत, अप्राधिकृत।
unauthorised.

अनाम (वि.) अज्ञातनाम, अनामक, अनामी, गुप्तनाम, गुमनाम, नामहीन, बेनाम, संज्ञाहीन।
anonymous, nameless.

अनायास (क्रिवि.) आसानी से, बिना उद्योग के, बिना कठिनाई के, बिना प्रयत्न के।
with ease, without any difficulty, without effort.

अनार्य (पुं.) म्लेच्छ, शूद्र।
non-Aryan.

अनावर्ती (वि.) अनावर्त, अनावर्तक।
non-recurring.

अनावश्यक (वि.) अकारथ, अनुपयोगी, गैरज़रूरी, निरर्थक, निष्प्रयोजन, फ़ज़ूल, बेकार, बेफायदा, बेमतलब।
useless, of no use, unnecessary, pointless, non-essential.

अनाहूत (वि.) अनामंत्रित, अनिमंत्रित, बिन-बुलाया।
uninvited, unasked, not asked.

अनिच्छा (स्त्री.) अचाह, अरुचि, बेमर्ज़ी, वितृष्णा, विराग।
unwillingness, reluctance.

अनिच्छापूर्वक (क्रिवि.) न चाहते हुए, निरुत्साहपूर्वक, बेदिली से, बेमन से, भारी मन से।
half-heartedly.

अनिच्छित (वि.) अनचाहा, अनाकांक्षित, अयाचित, बिनमाँगा।
not desired, undesired, unwanted.

अनियंत्रित (वि.) अनर्गल, अप्रतिबंधित, अबाध, अबाधित, असंयमित, निर्बाध, बस के बाहर, बेकाबू, बेरोक, बेलगाम, मुँहजोर।
unrestrained, unrestricted, unchecked.

अनियमित (वि.) अवैध, अवैधानिक, असंवैधानिक, नियमविरुद्ध, बेकायदा, बेज़ाबता, रीतिविरुद्ध, विधिविरुद्ध।
irregular, unconstitutional, invalid, unconventional, contrary to the rule.

अनियमितता (स्त्री.) बेकायदगी।
impropriety, irregularity.

अनिवार्य (वि.) अपरिहार्य, अवश्यंभावी, लाज़िम, होनहार।
inevitable, ordained, unavoidable.

अनिश्चित (वि.), अनियत, अनिर्दिष्ट, अनिर्धारित, दुविधात्मक, संदिग्ध, संदेहास्पद, संशययुक्त।
uncertain, doubtful, indefinite.

अनिश्चितता (स्त्री.) दुविधात्मकता, संदिग्धता, संशयात्मकता।
doubtfulness.

अनुकरण (पुं.) अनुकृति, अनुगमन, अनुसरण, देखादेखी, नकल, भेड़िया-धसान।
imitation, copy, blind following.

अनुकरणीय (वि.) अनुकरण-योग्य,

अनुगमनीय, अनुगम्य, अनुसरणीय।
imitable.

अनुकूल (वि.) अप्रतिकूल, उपयुक्त, माफ़िक़ (मुआफ़िक़), सहायक।
favourable, suitable, helpful.

अनुचित (वि.) अनुपयुक्त, अकरणीय, अप्रासंगिक, अयुक्त, अशोभनीय, असंगत, असंबद्ध, असमीचीन, आपत्तिजनक, ओछा, गलत, गैरमुनासिब, गैरवाजिब, बेजा, बेढंगा, बेतुका, बेमेल, बेहूदा, बेसिर-पैर का, लचर, विसंगत।
undoable, wrong, improper, irrelevant, inconsistent, absurd, unbecoming. unseemly, unreasonable, incoherent, undue.

अनुत्तरदायित्व (पुं.) गैर-जिम्मेदारी।
irresponsibility.

अनुत्तरदायित्वपूर्ण (वि.) गैर-जिम्मेदाराना।
irresponsible.

अनुत्तरदायी (वि., पुं.) गैर-जिम्मेदार।
irresponsible.

अनुद्यत (वि.) अकटिबद्ध, अप्रस्तुत, बिना तैयारी का।
unprepared, not ready.

अनुपजाऊ (वि.) अनुत्पादक, अनुर्वर, ऊसर, पटपर, बंजर, बाँझ, बंध्य।
infertile, barren, unproductive.

अनुपयुक्त (वि.) अनुचित, अशोभनीय, असंगत, असम्यक्, अयथोचित, अयुक्तियुक्त, अयोग्य, उलटा-सीधा, बेठीक, विसंगत।
improper, misfit, inapt, indecent, unbecoming, unseemly, ill-timed.

अनुपयोगी (वि.) किसी काम का नहीं, बेकार, बेमसरफ़, रद्दी।
useless, hopeless, futile, of no use, vain.

अनुपस्थित (वि.) अवर्तमान, अविद्यमान, गैरमौजूद, गैरहाज़िर।
absent, not present.

अनुपस्थिति (स्त्री.) अवर्तमानता, अविद्यमानता, गैरहाज़िरी, नागा।
absence, absence from work, gap.

अनुपात (पुं.) समानुपात।
proportion, ratio.

अनुप्राणित करना (क्रिपद) अनुप्राणन करना, जान डालना, जीवंत बनाना, प्राण डालना/फूँकना, सजीव बनाना।
to animate, to enliven, to energise.

अनुबंध (पुं.) करार, ठेका, संधि, संविदा।
contract, agreement, treaty.

अनुभव (पुं.) अनुभूति, एहसास, तजरबा, बोध, संवेदन, संवेदना।
experience, feeling, sensation.

अनुभव करना (क्रिपद) अनुभव करना, अनुभूत करना, प्रतीत होना, प्रतीति होना, बोध होना, महसूस करना, लगना।
to feel, to experience.

अनुभवहीन (वि.) अनाड़ी, नौसिखुआ।
unexperienced.

अनुभवी (वि.) अनुभव-प्राप्त, तजुरबेकार, गुणी, घुटा हुआ, दुनियासाज़, सयाना।
experienced, worldlywise.

अनुमति (स्त्री.) अनुज्ञप्ति, अनुज्ञा, इजाज़त, मंजूरी, रज़ामंदी, सम्मति, सहमति, स्वीकृति।
assent, permission, consent, sanction, licence, permit.

अनुमान (पुं.) अंदाज़, अंदाजा, अटकल, अटकलबाज़ी, कल्पना, कूत, कूतकात, तख़मीना, तुक्का, धारणा, परिकल्पना, प्राक्कलन, प्राक्कल्पना।
guess, conjecture, supposition, speculation.

अनुमानित (वि.) अटकलपच्चू, परिकल्पित।
estimated.

अनुमोदक (पुं.) ताईद करनेवाला, पुष्टि करनेवाला, समर्थक, समर्थन करनेवाला, हामी भरनेवाला।
seconder, supporter.

अनुमोदन (पुं.) ताईद, परिपुष्टि, पुष्टि, पुष्टीकरण, मंडन, समर्थन, हामी।
affirmation, seconding, support.

अनुयायी (वि.,पुं.) अनुगामी, चेला, पिछलग्गू, मतानुयायी, मतावलंबी, लग्गू-भग्गू, शिष्य।
follower, adherent.

अनुरूप (वि.) १. अनुहारी, एकसा, मिलता-जुलता, तद्रूप, सदृश, समरूप, सरिस, सरीखा।
resembling.
–२. समान (दे.)

अनुरोध (पुं.) आग्रह, ताकीद, फर्माइश।
pressing request, insistence.

अनुवाद (पुं.) उल्था, छायानुवाद, तर्जुमा, भाषांतर, रूपांतर।
translation, adaptation.

अनुवादक (पुं.) तर्जुमान, भाषांतरकार, रूपांतरकार।
translator.

अनुसंधान (पुं.) अन्वेषण, खोज, गवेषणा, रिसर्च, शोध।
research.

अनुसरण (पुं.) अनुगमन, पीछा।
act of following, chase, pursuit.

अनुसरण करना (क्रिपद) अनुगमन करना, पीछा करना, पीछे चलना, पीछे दौड़ना, पीछे पड़ना।
to follow, to chase, to pursue, to run after.

अनुसार (क्रि.) (परसर्ग) (के) मुताबिक।
according to.

अनुसूचित (वि.) परिगणित।
scheduled.

अनेक (वि.) अनेकानेक, कई, कोटिशः, बहुत से, बहुतेरे।
many.

अनेकार्थ (वि.) नानार्थ।
homonym.

अनैतिक (वि.) असंवैधानिक, कर्मविरुद्ध, नियमविरुद्ध, दुराचारपूर्ण, निंद्य, न्यायविरुद्ध, पापपूर्ण, पापमय, भ्रष्ट।
immoral, evil, wrong, unethical.

अनौचित्य (पुं.) असमयुक्तता, अयुक्तता, असंगति, असंबद्धता, बेढंगापन, बेतुकापन, बेहूदापन, लचरपन, विसंगति।
absurdity, inconsistency, discrepancy, irrelevancy, inconsistency.

अनौपचारिक (वि.) बेतकल्लुफ।
informal.

अनौपचारिकता (स्त्री.) बेतकल्लुफी।
informality.

अन्न (पुं.) अनाज, खाद्यान्न, गल्ला, धान्य।
cereal, corn, grain.

अन्य (वि.) अलग, इतर, और, दूसरा, पर, पराया, भिन्न, विभिन्न।
other, different.

अन्यमनस्क (वि.) अनमना, अनवधान, अनवस्थित, अस्थिरचित्त, खोया-खोया, दुचित्ता, दुदिला, भ्रांतचित्त।
absent-minded, distracted, unheeding.

अन्यमनस्कता (स्त्री.) अनमनापन, अनवधानता, खोयापन, दुचित्ति, भ्रांतचित्तता।
absent mindedness, distraction.

अन्याय (पुं.) अंधेर, अंधेर-खाता, अनीति, अधर्म, अनाचार, जुल्म, दुराचार, नाइंसाफ़ी, बेइंसाफी।
impropriety, highhandedness, injustice.

अन्यायी (वि.) अनीतिमान्, अधर्मी, अनाचारी, जालिम, दुराचारी, बेइंसाफ़, स्वेच्छाचारी।
unjust, unfair.

अपकर्म (पुं.) १. अपचार, कारगुजारी, कुकर्म, गलत काम, दुराचार, दुष्कर्म, बुरा काम।
misdeed, misconduct.
–२. अपराध (दे.)

अपकर्मी (वि.) अपचारी, कुकर्मी, दुराचारी, दुष्कर्मी।
evildoer.

अपच (पुं.) अजीर्ण, अनपच, बदहजमी।
indigestion.

अपना (वि.) आत्मीय, आपन, आपुन, ख़ासी, निज का, निजी, व्यक्तिगत, वैयक्तिक, स्व।
own, personal, private, individual.

अपने-आप (क्रिवि.) अनजाने ही, आप-से-आप, यंत्रवत्।
automatically, involuntarily.

अपमान (पुं.) अनादर, अप्रतिष्ठा, अवज्ञा, अवमान, अवहेलना, किरकिरी, ख्वारी, जिल्लत, तिरस्कार, तौहीन, तौहीनी, निरादर, फ़ज़ीहत, बेइज़्ज़ती, बेकद्री, मानभंग, मानमर्दन, मानहानि, हतक, हेठी।
insult, disrespect, disregard, dishonour, humiliation, defamation,

अपमान करना (क्रिपद) अनादर करना, अपमानित करना, अवहेलना करना, ज़लील करना, तिरस्कार करना, दुत्कार देना, निरादर करना, बेआबरू करना, बेइज़्ज़त करना, बेइज़्ज़ती करना, हेठी करना।
to insult, to humiliate, to defame.

अपमानजनक (वि.) अनादरपूर्ण, तिरस्कारपूर्ण, लज्जाजनक, शर्मनाक।
disgraceful, disreputable, blameworthy, contemptible.

अपमानित (वि.) अवमानित, अनादृत, तिरस्कृत, निरादृत, बेआबरू, बेइज़्ज़त, मानमर्दित, लज्जित।
insulted, disrespected, dishonoured, humiliated.

अपयश (पुं.) अपकीर्ति, अप्रतिष्ठा, कुख्याति, बदनामी।
disgrace, infamy, illfame, disrepute, ignominy, shame.

अपराध (पुं.) अपकर्म, कसूर, गुनाह, जुर्म, दोष, पातक, पाप।
offence, crime, wrong doing, fault, sin.

अपराधी (वि., पुं.) अभियुक्त, अपकर्मी, कसूरवार, खतावार, दोषी, गुनहगार, पातकी, प्रतिवादी, मुजरिम।
accused, offender, criminal, sinner, wrongdoer.

अपरिवर्तनशील (वि.) १. अविकारी, एकरस, निर्विकार।
changeless, unchangeable, static.
—२. स्थिर (दे.)

अपलक (क्रिवि.) एकटक, टकटकी लगाए, निर्निमेष, बिना आँख झपके, बिना पलक गिराए।
without winking, without blinking.

अपवित्र (वि.) अपावन, अशुचि, अशुद्ध, जूठा।
unholy, irreligious, profane.

अपव्यय (पुं.) उड़ाऊपन, अर्थविनाश, फ़िज़ूलखर्ची, शाहखर्ची।
extravagance.

अपव्ययी (वि.) उजाड़ू, खाऊ-उड़ाऊ, उड़ाऊ, उड़ाऊ-खाऊ, फ़िज़ूलखर्च, बहाऊ, मुक्तहस्त, लुटाऊ, शाहखर्च।
extravagant, spendthrift, prodigal, squanderer, waster.

अपहरण करना (क्रिपद) अपनयन करना, उठा लेना, उड़ा ले जाना, बलात् ले जाना, भगाकर ले जाना, हरण करना, हर ले जाना।
to kidnap, to abduct, to hijack.

अपात्र (वि.) अनधिकारी, अयोग्य, कुपात्र, नाक़ाबिल।
unworthy, undeserving, unbecoming.

अपूर्ण (वि.) अधूरा, अनिष्पन्न, असमाप्त, आधा-अधूरा।
incomplete, imperfect, lacking, undone, unfinished, not whole.

अपूर्व (वि.) १. अभूतपूर्व, बेनज़ीर।
unprecedented, unheard of.
—२. अद्वितीय (दे.)

अप्रसन्न (वि.) १. असंतुष्ट, कुपित, खफ़ा, खिन्न, नाखुश, नाराज़, रंजीदा, रिसियाया, रुष्ट।

unhappy, unsatisfied.
–२. क्रुद्ध (दे.)

अप्राप्त (वि.) अगृहीत, अनधिगत, अनुपलब्ध।
not received, unobtained.

अप्राप्य (वि.) अलभ्य, दुर्लभ, दुष्प्राप्य, नायाब, विरल।
rare, scarce, hard to get, unobtainable.

अप्रिय (वि.) अटपटा, अप्रीतिकर, अरुचिकर, अशोभन, अशोभनीय, खराब, नागवार।
unpleasant, unpleasing, disliked.

अप्रौढ़ (वि.) अधकचरा, अधपका, अपरिपक्व, कच्चा।
immature, half-ripe, not yet ripe, not yet adult.

अप्सरा (स्त्री.) किन्नरी, देवकन्या, देवबाला, देवांगना, परी, सुरबाला, हूर।
fairy.

अफवाह (स्त्री.) उड़ती खबर, किंवदंती, जनरव, जनश्रुति, प्रवाद।
rumour, hearsay.

अब (क्रिवि.) अब, अभी, इन दिनों, आज-कल, इस समय, फिलहाल, संप्रति।
now, just now, now a days, in these days.

अबाध (वि.) निर्विघ्न, बेरोक।
without check.

अभागा (वि.) कन्यारासी, कम्बख्त, कर्मजला, कर्महीन, दुर्भाग्यशाली, नसीबजला, नामुराद, निगोड़ा, बदकिस्मत, बदनसीब, भाग्यहीन, मंदभाग्य, विफल-मनोरथ, शामत का मारा, हतभाग्य।
unfortunate, luckless, unlucky, illfated, cursed, damned.

अभाव (पुं.) कमी, कसर, तंगी, न्यूनता, हीनता।
want, lack, shortage, shortcoming.

अभावुक (वि.) अभावप्रवण, भावशून्य, शुष्क-प्रकृति।
unemotional, not sentimental, chilly.

अभिजात वर्ग (पुं.) उमरा, उच्चवर्ग, रईस लोग, श्रीमंत वर्ग।
upper class, privileged class, nobility.

अभिनय (पुं.) नाटकीयता।
acting, performance.

अभिनय करना (क्रिपद) नाटक करना, रूप भरना, स्वांग रचना।
to act.

अभिनेता (पुं.) एक्टर, किरदार, कलाकार, नट, नायक, पात्र।
actor, artist, play-actor.

अभिनेत्री (स्त्री.) एक्ट्रेस, तारिका, नटनी, नटी, नायिका, पात्री, सिनेतारिका।
actress.

अभिभावक (पुं.) धनी-धोरी, पालक, मुतवल्ली, सरपरस्त।
guardian.

अभिमान (पुं.) अहंकार, अहम्मन्यता, गरूर, गर्रा, गर्व, गुमान, दर्प, फख्र, मगरूरी, मद, मदांधता, मिथ्याभिमान।
pride, arrogance, egotism, conceit, haughtiness, vainglory, vanity.

अभिमानी (वि.) अकड़ू, अहंकारी, गर्वित, गर्वीला, गुमानी, घमंडी, दंभी, दिमागदार, मगरूर, मदगर्वित, मदांध, मानी, मिजाजी, मुटासा, शेखीखोर।
proud, conceited, haughty.

अभियोग (पुं.) १. आक्षेप, आरोप, दावा, दोषारोप।
allegation, accusation, blame, charge, indictment.
–२. नालिश, मामला, मुकदमा।
case.

अभियोग लगाना (क्रिपद) अपराधी ठहराना, अभियोजन करना, आरोप लगाना, इल्जाम लगाना, दोष लगाना, दोषारोपण करना, दोषी ठहराना।
to indict, to charge, to accuse, to blame.

अभियोगी (पुं.) अभियोक्ता, अभियोगकर्ता,

दोषारोपक, वादी।
accuser, complainant, plaintiff.

अभिवादन (पुं.) जुहार, तसलीम, नमस्कार, प्रणति, बंदगी, सलाम, सलामी, साहब-सलामत।
salutation, greeting.

अभिवृत्ति (स्त्री.) चिंतन-शैली, दृष्टिकोण, मनोवृत्ति, रुख, विचार-पद्धति, सोचने का ढंग।
attitude, mentality.

अभी तक (क्रिवि.) आज तक, इस समय तक।
till now . upto now.

अभ्यस्त (वि) आदी, रवाँ, सिद्धहस्त।
accustomed, habituated, acclimatized.

अभ्यास (पुं) १ कवायद, ड्रिल, दलेल।
exercise, drill.
–२. पूर्वाभ्यास, प्रयोग, प्रैक्टिस, मश्क, महारत, रियाज़, रिहर्सल।
practice, use, usage, rehearsal.
–३ आदत (दे)

अमर (वि) अक्षय, अक्षर, अनश्वर, चिरंतन, चिरस्थायी, नित्य, मृत्युंजय, शाश्वत, सनातन, सर्वकालिक।
immortal, imperishable, everlasting, perpetual.

अमरता (स्त्री.) अमरत्व।
athanasia immortality.

अमानत (स्त्री.) गिरवी, थाती, धरोहर, बंधक, रेहन।
sacred trust, pledge.

अमानवीय (वि.) अमनुष्योचित, अमानुषिक, पाशविक, वहशियाना।
inhuman.

अमुक (वि.) फ़िलाँ, फलाँ, फलाना।
such a one.

अमूल्य (वि.) अनमोल, अमोल, कीमती, बहुमूल्य, बेशकीमती, मूल्यवान।
invaluable, precious, priceless, valuable, very costly.

अमृत (पुं.) अमी, आबेहयात, पीयूष, सुधा, सोम।
nectar, ambrosia.

अम्लीय (वि.) अम्लिक, आम्ल, तेज़ाबी।
acidic.

अयोग्य (वि.) १. अक्षम, अशक्त, असमर्थ, नाकाबिल, नालायक।
unable, incapable, incompetent, powerless, unfit, unworthy.
–२. अपात्र (दे.)

अयोग्यता (स्त्री.) अक्षमता, अशक्तता, असमर्थता, नाकाबिलियत, नालायकी।
incapability, incompetence, unworthiness.

अरज़ (स्त्री.) चौड़ाई, चौड़ान, पनहा, पाट, विस्तार।
breadth, width.

अरथी (स्त्री.) जनाज़ा, टिकठी, ताबूत।
bier, coffin.

अराजकता (स्त्री.) अंधेर, अंधेर-खाता, अंधेरगर्दी, अव्यवस्था, अशांति, अस्तव्यस्तता, गड़बड़।
anarchy, chaos, disorder.

अरुचि (स्त्री.) अनाकर्षण, अनिच्छा, नापसंदी, विमुखता विरक्ति, विराग।
unwillingness, aversion, dislike.

अरुचिकर (वि.) अरोचक, उकतानेवाला, उबाऊ, उबानेवाला, थकानेवाला, नीरस, बेदिलचस्प, भारी, रूखा।
uninteresting, dull, boring, dreary, dry, monotonous, wearisome.

अर्थ (पुं) अभिप्राय, आशय, अभिधार्थ, तात्पर्य, भाव, भावार्थ, मतलब, मानी, माने, लक्षणार्थ, वाच्यार्थ, विवक्षा, व्यंग्यार्थ, व्यंजनार्थ।
meaning, connotation, denotation, import, sense, significance.

अर्थहीन (वि.) अर्थशून्य, निरर्थक, बेसिर-पैर का, बेतुका, बेमानी, बेमतलब, बेहूदा, महत्त्वहीन, लचर।
absurd, meaningless, senseless, useless, worthless.

अर्थहीनता (स्त्री.) अर्थशून्यता, निरर्थकता, बेतुकापन, बेहूदापन, महत्त्वहीनता, लचरपन।

absurdity, senselessness, uselessness, worthlessness.

अर्थात् (क्रिवि.) यथा, यानी।
namely, that is to say, as per.

अर्बुद (पुं.) गुल्म, ट्यूमर।
tumour.

अलंकृत (वि.) आभूषित, भूषित, विभूषित, शोभित, सुशोभित, सुसज्जित।
embellished, decorated, adorned.

अलग (वि.) १. अलग-थलग, असंबद्ध, जुदा, न्यारा, पृथक, विच्छिन्न, वियुक्त, विलग, विजातीय।
separate, isolated, detached, unconnected, unattached.
—२. दूसरा (दे.)

अलगाना (क्रि.) अलग-अलग करना, छाँटना, पार्थक्य दिखलाना, पृथक करना, बिलगाना, विभेद करना।
to separate, to isolate, to segregate, to detach, to disjoin.

अलगाव (पुं.) किनाराकशी, जुदाई, दूरी, पार्थक्य, पृथकता, बिलगाव, विछोह, विदाई, रंगभेद।
separation, aloofness, segregation.

अलसाना (क्रि.) आलस करना, आलस्य करना, सुस्ताना, सुस्ती करना।
to feel drowsy.

अलैंगिक (वि.) अलिंगी, अमैथुन, अमैथुनिक।
asexual.

अलौकिक (वि.) अतिमानवीय, अतिमानुषिक, अपार्थिव, दिव्य, दैवी, लोकातीत।
super-natural, unwordly.

अल्पकालीन (वि.) अंशकालीन, अचिरस्थायी, अनंतिम, अल्पकालिक, कामचलाऊ, क्षणिक।
provisional, temporary, momentary, transitory, short-lived, part time.

अल्पवयस्क (पुं.) अल्पवयी, नाबालिग।
minor, under-age.

अल्पवयस्कता (स्त्री.) नाबालिगी।
minority.

अल्पाहारी (वि.) कम खानेवाला, मिताहारी।
austere in food.

अवकाश (पुं.) खाली वक्त, फुर्सत, वक्त, समय।
leisure, free time, spare time.

अवगत कराना (क्रिपद) आगाह करना, इत्तला करना, खबर करना, खबर देना, जताना, बताना, विदित करना, समाचार देना, सूचना देना, सूचित करना।
to apprise, to inform, to make aware.

अवज्ञा (स्त्री.) अनाज्ञाकारिता, अनादर, अनादरण, अवहेलना, आज्ञाभंग, उपेक्षा, तिरस्कार।
defiance, disobedience, disregard.

अवज्ञा करना (क्रिपद) अनादर करना, अवहेलना करना, उपेक्षा करना, तिरस्कार करना, परवाह न करना।
to defy, to flout, to disobey, to despise.

अवज्ञाकारी (वि.) बेकहा, बेलिहाज।
disobedient, having no regard and consideration.

अवधि (स्त्री.) कार्यकाल, कालावधि, मियाद, मुद्दत, सत्र।
period, session, term, duration.

अवरुद्ध (वि.) १. जाम, निरुद्ध, बैठा हुआ (गले के संबंध में), रुका हुआ, रुद्ध।
obstructed, jammed, choked.
—२. अविकसित, मंदित, विकास-रुद्ध।
arrested, confined, retarded.

अवलंबित (वि.) आश्रित, निर्भर, परमुखापेक्षी, पराश्रित।
depending, dependent, relying on.

अवश्य (क्रिवि.) जरूर, जरूर-जरूर, निर्विवाद रूप से, निश्चित रूप से, निस्संदेह।
surely, certainly, definitely,.

without fail, positively, assuredly, decidedly, unequivocally.

अवसर (पुं.) अवकाश, फुरसत, वक्त, समय, सुअवसर।

opportunity, occasion, chance, convenience, free time, spare time, leisure.

अवसरवादिता (स्त्री.) मौकापरस्ती, जमानेसाजी, सुविधाधर्म।

opportunism.

अवसरवादी (वि.) मौकापरस्त, जमानेसाज, सुविधाधर्मी, सुविधावादी।

opportunist.

अवस्था (स्त्री.) १. दशा, परिस्थिति, स्थिति, हालत।

state, condition, situation, circumstance.

–२. आयु (दे.)

अवांछित (वि.) अचाहा, अनचाहा, अनभिप्रेत, अनभिलषित, अनभीष्ट।

unwanted, undesired.

अविकसित (वि.) अपुष्ट, अवर्द्धित, रुद्धविकास, वर्धरुद्ध।

undeveloped, immature, undergrowth.

अविकृत (वि.) अदूषित, अविकारी, निर्विकार।

unvarying, unimpaired.

अविच्छिन्न (वि.) अजस्र, अटूट, अनवरत, अविरल, निरंतर, लगातार चलनेवाला।

constant, continuous, unbroken, ceaseless, incessant, uninterrupted.

अविवाहित (वि.) अनूढ़, कुँआरा, कुमार, बालब्रह्मचारी, बिनब्याहा।

unmarried, bachelor.

अविवाहिता (वि. स्त्री.) अनूढ़ा, अपरिणीता, कुँआरी, कुमारिका, कुमारी, बालब्रह्मचारिणी, बिनब्याही।

unmarried, virgin, maid.

अविवेकी (वि.) १. अंधा, अदूरदर्शी, अबोध, अविचक्षण, विचारहीन।

injudicious, indiscreet, lacking judgement, irrational, thoughtless, blind.

–२. मूर्ख (दे.)

अविश्वास (पुं.) अनास्था, बिश्वासहीनता, बेएतबारी।

want of faith, distrust.

अविश्वसनीय (वि.) बेएतबार।

distrustful, mistrusted.

अविस्मरणीय (वि.) चिरस्मरणीय, न भूलने योग्य।

unforgetable, ever-memorable.

अवैध (वि.) अग्राह्य, अमान्य, असिद्ध, नाजायज़, नियम-विरुद्ध।

invalid, null, void.

अव्यवस्थित (वि.) अस्तव्यस्त, उलटा-पुलटा, गड़बड़, तितर-बितर, बिखरा हुआ, बेतरतीब, विपर्यस्त, विशृंखलित।

unsystematic, unmethodical, disordered, bedraggled, chaotic, upset, topsyturvy, helter-skelter.

अव्यवस्थित रूप से (क्रिवि.) बेतरतीब, बेतरीके।

unmethodically, unsystematically.

अशक्त (वि.) कमहिम्मत, कमजोर, क्षीण, दुर्बल, निर्बल, पस्तहिम्मत, बेदम, शक्तिहीन।

weak, feeble, shaky, weak-hearted.

अशरीरी (वि.) अपार्थिव, अभौतिक, अमूर्त, विदेह।

bodiless, incorporeal.

अशांत (वि.) १. अस्थिर, उद्विग्न, चलचित्त, परेशान, बेचैन, विह्वल, व्यग्र, व्याकुल।

restless, perturbed, agitated, fickle, uneasy, listless.

–२. उपद्रवग्रस्त, दंगाग्रस्त।

riot-ridden, disturbed.

अशांति (स्त्री.) अव्यवस्था, खलबली, गड़बड़, बेअमनी, हलचल।

unrest, disturbance, agitation.

अशिक्षित (वि.) अज्ञ, अनपढ़, अबुद्ध, न लिखा न पढ़ा, निरक्षर, निरक्षर भट्टाचार्य, बेपढ़ा, विद्याविहीन, शिक्षाविहीन।

illiterate, uneducated, unlettered, untaught, untutored.

अशिष्ट (वि.) १. अभद्र, अविनयी, अविनीत, असभ्य, कुढंगा, खबीस, बदतमीज़, बौंगड़ू, बेअदब, बेहूदा, लट्ठमार, वाहियात।

uncivil, unmannerly, mannerless, good for nothing.

–२. अक्खड़ (दे.)

अशिष्टता (स्त्री.) दुर्व्यवहार, बदतमीजी, बुरा बर्ताव, बेअदबी, रुखाई, रूक्षता।

rudeness, unmannerliness.

अशुभ (वि.) अमंगल, अमंगलकारी, अमांगलिक, अलाभकारी, अशुभसूचक, अहितकर, नसूड़िया।

inauspicious, ill-omened.

अश्लील (वि.) १. अशोभनीय, गंदा, नंगा, नग्न, फूहड़, बेहूदा, भद्दा, भ्रष्ट।

sluttish, obscene, nude, filthy, indecent, pornographic.

अश्वशाला (स्त्री.) अस्तबल, घुड़सार।

stable.

असंगत (वि.) अप्रासंगिक, असमान, असामंजस्यपूर्ण, बेमेल, विसंगत।

inconsistent, irrelevant.

असंतुष्ट (वि.) १. अतृप्त, असंतृप्त।

not satisfied, dissatistied, discontented, unsatisfied.

–२. अप्रसन्न (दे.)

असंतोष (पुं.) अतृप्ति, असंतुष्टि, असंतृप्ति, उद्वेग, क्षोभ, खिन्नाहट, व्यथा।

dissatisfaction, discontent.

असंतोषजनक (वि.) असंतोषप्रद, क्षोभकारक, क्षोभजनक।

unsatisfactory, disappointing.

असंभव (वि.) गैर-मुमकिन।

impossible.

असंयम (पुं.) अतिभोग, अतिसेवन, बदपरहेजी, विषयासक्ति।

intemperance.

असंयमी (वि.) अतिभोगी, अतिसेवी, अमर्यादित, असंतुलित, असंयत, बदपरहेज, विषयासक्त।

intemperate.

असत्य (वि.) अयथार्थ, अशुद्ध, गलत, झूठा, बेजा, भ्रांत, मिथ्या।

untrue, false, wrong, unreal.

असफल (वि.) अनुत्तीर्ण, नाकाम, नाकामयाब, फेल, विफल, विफल-मनोरथ।

unsuccessful, failed.

असफलता (स्त्री.) नाकामयाबी, नाकामी, विफलता।

failure.

असमंजस (पुं.) उधेड़-बुन, ऊहापोह, आगा-पीछा, झिझक, दुविधा, पसोपेश, संकल्प-विकल्प, हिचक, हिचकिचाहट।

indecision, hitch, hesitation, dubitation, suspense, perplexity, fix.

असम (वि.) असमतल, ऊँचा-नीचा, ऊबड़-खाबड़, विषम।

uneven, rough and rugged.

असमय (क्रिवि.) बेवक्त।

untimely.

असमान (वि.) अतुल्य, अनमेल असम, असमरूप, बेमेल, विषम।

dissimilar, unequal.

असमानता (स्त्री.) असमता, असमरूपता, विषमता।

inequality.

असहाय (वि.) अनवलंबित, दीनहीन, निरवलंब, निराश्रय, निरुपाय, बापुरो, बेकस, बेचारा, बेपनाह, बेसहारा, मजबूर, मुहताज, लाचार, विवश।

helpless, powerless, shelterless

असह्य (वि.) नागवार, बर्दाश्त के बाहर।

unbearable.

असाध्य (वि.) अचिकित्स्य, अशमनीय, लाइलाज।

incurable, irremediable, remediless.

असामयिक (वि.) अकाल, अकालिक, असमयोचित, बेमौके का।

untimely, illtimed, mistimed, inopportune.

असामान्य (वि.) अपवाद-स्वरूप, अपवादिक, अप्रसम, अप्राकृत, असम, असाधारण, अस्वाभाविक, गैर-मामूली, विकृत।
abnormal, exceptional, irregular, unnatural.

असार (वि.) तत्त्वहीन, तथ्यहीन, थोथा, निस्सार, निरर्थक, बेदम, सत्त्वहीन, सारहीन।
worhtless, insubstantial, empty, useless.

असावधान (वि.) अचेत, अनवधान, असतर्क, गाफिल, बेखबर, बेसुध, बेपरवाह, प्रमादी, लापरवाही।
careless, heedless, unattentive, neglectful.

असावधानता (स्त्री.) अचेतता, अनवधानता, असतर्कता, असावधानी, प्रमाद, बेखबरी, बेपरवाही, बेसुधी, लापरवाही।
carelessness, negligence, inattention, indifference, unawareness.

असिद्ध करना (क्रिपद) अप्रमाणित करना, असत्य सिद्ध करना, गलत साबित करना, झूठा ठहराना, झूठा सिद्ध करना, मिथ्या निरूपित करना।
to prove false, to falsify.

असीम (वि.) अनंत, अपरिमित, अपार, निस्सीम, बेहद।
limitless, boundless.

अस्थायी (वि.) अंतःकालीन, अंतरिम, अनंतिम, अल्पकालिक, आरजी, कामचलाऊ, संक्रमणशील।
temporary, interim, provisional, transitional.

अस्थिर (वि.) १. चंचल, चल-विचल, चलायमान, डगमग, डाँवाडोल, ढुलमुल, दोलायमान, बेपेंदी का लोटा, विचलित, हिलता हुआ।
restless, unstable, unsteady, fickle, fluctuating.
—२. अशांत (वि.)

अस्थिर-चित्त (वि.) अनिश्चयी, चलचित्त।
fickle-minded, irresolute, unstable, unpredictable.

अस्पष्ट (वि.) अपाठ्य, अवाच्य, गिचपिच, गोलमोल, घसीट, दुरूह, धुँधला, धूमिल, संदिग्ध।
indistinct, ambiguous, illegible, indefinite.

अस्वस्थ (वि.) नासाज, बीमार, रुग्ण, रोगी, रोगग्रस्त, व्याधिग्रस्त, व्याधित।
indisposed, ill, sick.

अस्वीकार करना (क्रिपद) इन्कार करना, नकारना, न मानना, नामंजूर करना, नापसंद करना, नापास करना, निराकरण करना, मुकरना।
to reject, to deny, to decline, to disallow.

अस्वीकृति (स्त्री.) असहमति, इन्कार, नामंजूरी।
non-acceptance, refusal.

अहं (पुं.) अहंभाव, अहंमन्यता, खुदी।
egoism.

आँकना (क्रि.) कूतना, दाम लगाना/ठहराना, मूल्य-निरूपण करना, मूल्यांकन करना।
to assess, to estimate, to value.

आँख (स्त्री.) अक्षि, चक्षु, चश्म, दृग, नयन, नेत्र, लोचन।
eye.

आँगन (पुं.) अजिर, चौक, प्रांगण, सहन।
courtyard.

आंग्ल (वि.) ब्रिटिश, ब्रितानी, विलायती।
British, Britannic, European.

आँच आना (क्रिपद) हरफ आना।
to be under fire, being attacked by harsh criticism.

आंतरिक (वि.) अंदरूनी, आंतर, आन्तरिक, आभ्यंतर, भीतरी।
internal, inside.

आँधी (स्त्री.) अंधड़, अतिवात, चंडवात, झंझा, झंझावात, झक्कड़, तूफान, चक्रवात, धूल-अक्कड़, बवंडर, वातचक्र।
windstorm, strong gale, tempest, gale, hurricane, squall, storm, tornado, typhoon, cyclone.

आँसू (पुं.) अश्रु, दृगंबु, दृगजल।
tear.

आकर्षक (वि.) खींचनेवाला, चारु, चित्तचोर, चित्तहारी, चित्ताकर्षक, दिलकश, दिल को छू लेनेवाला, दिलचस्प, दिलपसंद, प्रलोभक, मनमोहन, मनहर, मनोमुग्धकारी, मनोरम, मनोहर, मनोहारी, मर्मस्पर्शी, मोहक, मोहन, रुचिकर, रुचिर, ललचौंहा, लुभावना, विमोहक, हृदयग्राही, हृदयस्पर्शी।
charming, captivating, fascinating, attractive, appealing, enticing, alluring, tempting.

आकर्षण (पुं.) कशिश, खिंचाव, प्रकर्षण, प्रलोभन, रिझाव, लुभाव, मोहिनी शक्ति, विमोहन।
attraction, attractiveness, charm, fascination, inducement, temptation.

आकस्मिक (वि.) अनियत, अप्रत्याशित, सामयिक।
casual, unexpected, accidental, contingent, uncertain.

आकार-प्रकार (पुं.) डील-डौल।
size and shape.

आकाश (पुं.) अंतरिक्ष, अंबर, अभ्र, आसमान, गगन, नभ।
sky, outer space.

आकाशगंगा (स्त्री.) छायापथ, डहर, मंदाकिनी, व्योमगंगा।
galaxy, milky way.

आकृति (स्त्री.) आकार, रूप, रूपरेखा, शक्ल, स्वरूप, हुलिया।
figure, shape, form, outline.

आकृष्ट (वि.) खिंचा हुआ, मोहित, मुग्ध, लट्टू, लुब्ध, विमुग्ध, विमोहित।
charmed, infatuated.

आक्रमण (पुं.) चढ़ाई, छापा, धावा, प्रहार, वार, हमला।
attack, invasion, aggression, assault, raid, charge.

आक्रमण करना (क्रिपद) चढ़ आना, चढ़ाई करना, छापा मारना, धावा बोलना, धावा मारना, हमला करना।
to attack, to invade, to raid, to assault.

आग (स्त्री.) अग्नि, पावक, बसंतर।
fire.

आगबबूला होना (क्रिपद) आँखें तरेरना/दिखाना, त्योरी चढ़ाना, दाँत किटकिटाना, लाल-पीला होना।
to chafe, to be irritated, to be infuriated, to grind the teeth.

आगमन (पुं.) आना, आवना, पदार्पण, पौरा।
advent, incoming.

आग लगाना (क्रिपद) चिट्टे लड़ाना, लगाई-बुझाई करना।
to abet in quarrelling.

आगे (क्रिवि.) समक्ष, सम्मुख, सामने।
in front of, afore, before.

आघात (पुं.) १. कुघात, कुठाराघात, चोट, प्रहार, वार, वज्राघात, सदमा।
blow, attack, knock, punch, smack.
—२. झटका, दचक, धक्का, हिचकोला।
jerk, jolt, push, setback.

आजीवन (क्रिवि.) आजन्म, आमरण, उम्रभर, ताजिंदगी, यावज्जीवन, सारी जिंदगी।
life long, since birth, for the whole life.

आज्ञा (स्त्री.) अधिदेश, अनुज्ञा, अनुदेश, अनुमति, अनुशासन, अभिदेश, आदेश, आर्डर, कहना, कहा, निदेश, निर्देश, परमादेश, परवाना, प्रादेश, फरमान, समादेश, हिदायत, हुकुम, हुक्म।
order, command, instruction, mandate, ordinance, licence.

आज्ञाकारी (वि.) अनुगामी, अनुवर्ती, अनुशासनबद्ध, आज्ञानुवर्ती, आज्ञापालक, कर्तव्यनिष्ठ, कर्तव्यपरायण, कर्तव्यशील, ताबेदार, हाजिरबाश।
obedient, dutiful, subservient.

आज्ञापालन (पुं.) अनुगामिता, आज्ञाकारिता, आज्ञानुवर्तन, आज्ञापरता,

कर्तव्यपरायणता, कर्तव्यपालन, ताबेदारी।

obedience, dutifulness, observance, compliance, subservience.

आडंबर(पुं.) १. ठाठ, ठाठ-बाट, दिखावट, दिखावा, प्रदर्शन।

ostentation, display, exhibition, pomp, showiness.

—२. तड़क-भड़क (दे.)

आडंबरपूर्ण(वि.) दिखाऊ, दिखावटी, दिखौवा, नुमाइशी, भड़कदार, भड़कीला।

ostentatious, flashy, gaudy, pompous, showy, vain.

आड़ (स्त्री.) १. ओट, पर्दा, रोक।

screen.

—२. आश्रय (दे.)

आतंक (पुं.) खलबली, त्रास, दहशत, भीषिका, विभीषिका।

panic, terror.

आतंकवादी(वि., पुं.) आतंकी, उग्रवादी, नक्सलवादी, नक्सली।

terrorist, extremist, naxalite, radical.

आत्मकथा(स्त्री.) आत्मकथा, आत्मचरित्र, आत्मवृत्त, आत्मवृत्तांत, आप-बीती, जीवनी, स्वकथा।

autobiography, biography.

आत्मज्ञान(पुं.) तत्त्वज्ञान, ब्रह्मज्ञान।

self-knowledge, self-realization, divine reality.

आत्मनियंत्रण(पुं.) आत्मसंयम, मनोनिग्रह।

self-control.

आत्मनिर्भर(वि.) स्वावलंबी।

self-reliant.

आत्मनिर्भरता(स्त्री.) स्वावलंबन।

self-reliance.

आत्मसंतुष्ट(वि.) आत्मतुष्ट, आत्मतृप्त।

complacent.

आत्मसात् करना(क्रिपद) अंतर्ग्रहण करना, पचा लेना, स्वांगीकरण करना, हृदयंगम करना।

to assimilate, to absorb, to digest, to imbibe, to take in.

आत्महत्या(स्त्री.) आत्मघात, खुदकुशी।

the act of killing oneself, suicide.

आत्मा(स्त्री.) अंतरात्मा, जीवात्मा, रूह।

soul, conscience, spirit.

आदत (स्त्री.) अभ्यास, चस्का, टेव, दुर्व्यसन, प्रवृत्ति, बान, लत, व्यसन।

habit, practice, addiction, vice.

आदत पड़ना (क्रिपद) अभ्यस्त होना, आदी बनना, बान पड़ना, लत पड़ना, स्वभाव होना।

to habituate, to get accustomed to.

आदमी(पुं.) १. इंसान, पुरुष, मनुष्य, मानव, मानुस, मर्द, व्यक्ति, शख्स।

man, person, individual.

—२. पति। (दे.)

आदर(पुं.) अदब, आदर-भाव, आदर-सत्कार, आदर-सम्मान, इज्जत, पूछ, मान, श्रद्धा, सत्कार, समादर, सम्मान।

respect, admiration, honour, reverence, veneration.

आदरणीय(वि.) १. नमस्य, पूजनीय, पूज्य, पूज्यपाद, प्रातःस्मरणीय, भदंत, माननीय, मान्य, मान्यवर, श्रद्धास्पद, श्रद्धेय, समादरणीय, सम्माननीय, सम्मान्य।

respected, reverend.

—२. प्रतिष्ठित (दे.)

आदर्श(पुं.) उदाहरण, दृष्टांत, नमूना, प्रतिमान।

ideal.

आदि-अंत(पुं.) आरंभ-समाप्ति, ओर-छोर, शुरुआत-खात्मा।

beginning and end.

आदिवासी(पुं.) आदिम निवासी, मूल निवासी।

aboriginal.

आदेशात्मक(वि.) अधिदेशात्मक, आज्ञासूचक, आधिकारिक, निदेशात्मक, निर्देशात्मक।

imperative, authoritative.

आधार (पुं.) नींव, मूल, बुनियाद।
base, foundation.

आधारभूत (वि.) आधारिक, तात्त्विक, बुनियादी, मूल, मूलभूत, मौलिक।
basic, fundamental, prime.

आधारहीन (वि.) झूठा, निराधार, निर्मूल, मिथ्या।
baseless, groundless, unfounded.

आनंद (पुं.) आह्लाद, उल्लास, खुशी, परमानंद, प्रफुल्लता, प्रमोद, प्रसन्नचित्तता, प्रसन्नता, मजा, मोद, रंगरली, लुत्फ, विनोद, सुख, हर्ष, हुलास।
joy, joyfulness, jubilation, ecstasy, exhilaration.

आनंदमग्न (वि.) आनंदविभोर, रसमग्न, रसविभोर।
lost in ecstasy, overjoyed, rapturous.

आनंदात्मक (वि.) आनंदप्रद, आह्लादकारक, उल्लासजनक, प्रसन्नतादायक, मजेदार, मोदकारी, रमणीक, रमणीय, रुचिर, सुखद, सुखदायक, सुखप्रद, हर्षकारक, हर्षप्रद।
delightful, pleasant, joyous, pleasing, pleasurable, rapturous.

आनंदित (वि.) उल्लसित, खुश, प्रमुदित, प्रसन्न, प्रसन्नचित्त, प्रहर्षित, मुदित, सुखी, हर्षित।
joyful, jubilant, exhilarating.

आना [1] (पुं.) इकन्नी।
an old one anna coin.

आना [2] (क्रि.) आगमन होना, आ टपकना, आ धमकना, आ पहुँचना, उपस्थित होना, तशरीफ लाना, पर्दापण होना, पधारना, पहुँचना, पैर पड़ना, हाजिर होना।
to come, to reach, to arrive.

आनुपातिक (वि.) समानुपातिक।
proportional.

आनेवाला (वि.) अगला, आगामी, आसन्न, बादवाला, भावी।
coming, following, next.

आपत्ति (स्त्री.) असहमति, उज्र, उपालंभ, एतराज, ताना, मनुनेच, विरोध।
objection, protest, taunt.

आपद (स्त्री.) आपत्ति, कष्ट, आपदा, आफत, बला, मुसीबत, विपत्ति, संकट।
trouble, suffering, torment, vexation, woe.

आपबीती (स्त्री.) दुखड़ा, राम-कहानी, रोना, रोना-धोना।
tale of one's own suffering, sorrowful story.

आप-से-आप (क्रिवि.) अपने-आप, बेसाख्ता, सहजत:।
involuntarily.

आपादमस्तक (क्रिवि.) सिर से पैर तक।
cap-a-pie.

आबाद (वि.) जनाकीर्ण, बसा हुआ, वसित।
inhabited, populated.

आमने-सामने (क्रिवि.) दूबदू, रूबरू।
face to face.

आमोद-प्रमोद (पुं.) भोग-विलास, मौज, मौज-मस्ती, रंगरली, रंगरेली, रंगीनी, राग-रंग।
merry-making, revelry, fun, festivity.

आयु (स्त्री.) अवस्था, आयुष्य, उम्र, वय, वयस्।
age.

आयोग (पुं.) कमीशन, ट्रिब्युनल, प्राधिकरण।
commission, tribunal.

आयोजित (वि.) प्रस्तावित, योजनाबद्ध, संयोजित।
planned, proposed.

आरंभ (पुं.) आदि, उद्घाटन, उपक्रम, प्रवर्तन, प्रारंभ, बिस्मिल्ला, बीजारोपण, शुभारम्भ, शुरुआत, श्रीगणेश, सूत्रपात।
beginning, commencement, start, opening, inauguration, initiation.

आरंभ करना (क्रिपद) उद्घाटन करना,

उद्घाटित करना, उपक्रम करना, छेड़ना, प्रवर्तन करना, प्रवर्तित करना, शुभारंभ करना, शुरुआत करना, शुरू करना, श्रीगणेश करना, सूत्रपात करना।
to begin, to commence, to start, to open, to inaugurate.

आरंभ होना(क्रिपद) उद्घाटन होना, उद्घटित होना, छिड़ना, ठनना, प्रवर्तन होना, प्रवर्तित होना, प्रारंभ होना, मचना, शुभारंभ होना, शुरुआत होना, शुरू होना, श्रीगणेश होना, सूत्रपात होना।
to start, to begin, to commence, to open, to inaugurate.

आरंभिक(वि.) आद्य, पहला, प्राथमिक, प्रारंभिक, शुरुआती, शुरू का।
initial, elementary, first.

आरती(स्त्री.) दीपदान, नीराजन।
ceremonial adoration with lighted lamps.

आर्थिक(वि.) अर्थ-संबंधी, धन-संबंधी, वित्तीय, माली, राजस्व-संबंधी।
economic, financial.

आलसी(वि.) अकर्मण्य, अक्रिय, अनुद्योगशील, अनुद्योगी, कामचोर, काहिल, आँगरचोर, निकम्मा, निष्क्रिय, निश्चेष्ट, पलंगतोड़, सुस्त।
lazy, inactive, idle, indolent, lethargic, sluggish.

आलिंगन(पुं.) परिरंभण, प्रेमालिंगन, स्नेहालिंगन।
embrace.

आलिंगन करना(क्रिपद) आलिंगित करना, गले लगाना, चिपका लेना, चिपटा लेना, छाती से लगाना, बाहों में जकड़ लेना, भुजाओं में भर लेना, लिपट जाना।
to embrace.

आलोचक(पुं.) मूल्यांकनकर्ता, समालोचक, समीक्षक, समीक्षाकार।
critic, reviewer.

आलोचना(स्त्री.) मूल्यांकन, रिव्यू, समालोचना, समीक्षा।
review, criticism.

आवरण(पुं.) अवगुंठन, आच्छादन, ओढ़ना, कवर, प्रच्छादन, बेठन, वेष्टन।
covering, wrapper.

आवश्यक(वि.) अनिवार्य, अत्यावश्यक, अपरिहार्य, जरूरी, लाजिमी।
most urgent, urgent, essential, unavoidable.

आवश्यकता(स्त्री.) अनिवार्यता, अपेक्षा, गरज, जरूरत, दरकार, माँग।
necessity, need, demand, urgency.

आवागमन(पुं.) आना-जाना, आवाजाही, गमनागमन, यातायात।
coming and going, communication.

आवारा(वि.,पुं.) १. आवारागर्द, खानाबदोश, घुमक्कड़, टलेनवीस, लोफर, सैलानी।
rover, wanderer, nomad, vagabond, loafer.
—२. गुंडा (दे.)

आवारागर्दी(स्त्री.) आवारगी, खानाबदोशी, टलेनवीसी, सैलानीपन।
vagabondage, vagabondism, loafing, idling away time.

आवारागर्दी करना(क्रिपद) आवारा घूमना, खानाबदोशी करना, घूमते रहना, भटकते फिरना, मारे-मारे फिरना।
to vagabondise.

आवास(पुं.) १. आलय, आवास-स्थान, डेरा, निवास, निवास-स्थान, रिहाइश।
—२. घर। (दे.)
residence, dwelling, habitation, home, house.

आवासिक(वि.) आवासी, रिहायशी।
residential.

आविर्भाव(पुं.) अवतरण, उत्पत्ति, उभरकर आना, प्रकटन, प्रकटीकरण, प्रस्फुटन, प्राकट्य, प्राकाश्य, प्रादुर्भाव।
emergence, advent, appearance.

आविर्भूत(वि.) अवतरित, प्रादुर्भूत।
emerged, appeared.

आविष्कर्ता(पुं.) अनुसंधानकर्ता, अनुसंधायक, ईजादकर्ता, खोजकर्ता, खोजी।

inventor, discoverer, investigator, explorer, originator.

आविष्कार(पुं.) अनुसंधान, अन्वेषण, ईजाद, उपज्ञा, खोज, शोध।
discovery, invention, exploration,

आविष्कृत(वि.) अन्वेषित, उपज्ञात।
discovered, invented.

आवृत्ति(स्त्री) दुहराव, पुनरावृत्ति।
repetition, revision.

आवृत्ति करना(क्रिपद) दुसराना, दुहराना, पुनरावृत्ति करना।
to repeat, to do again once or several times.

आवेदक(पुं.) आवेदनकर्ता, निवेदक, निवेदनकर्ता, प्रार्थी।
applicant.

आवेदन(पुं) निवेदन, प्रार्थना, विनती।
submission, application.

आवेदन करना(क्रिपद) आवेदित करना, निवेदन करना, निवेदित करना, प्रार्थना करना, विनती करना।
to submit, to move, to advance.

आवेदनपत्र(पुं) अर्जी, दरख्वास्त, प्रार्थना-पत्र।
application.

आवेश(पुं.) आवेग, उद्रेक, उद्वेग, जोश, झोंक, भावावेश, मनोवेग।
impulse, excitement, flurry, stimulus, urge.

आशंका(स्त्री.) अंदेशा, खटका, डर, भय।
apprehension, misapprehension, misunderstanding, fright, fear.

आशा(स्त्री.) १. आस, उम्मीद, प्रत्याशा, संभावना।
hope, expectation, anticipation.
–२. कामना (दे.)

आशाजनक(वि.) आशापूर्ण, आशाप्रद, आस जगानेवाला, आस बनाए रखनेवाला, उत्साहवर्धक, संभावनापूर्ण।
hopeful, promising, bright, propitious, encouraging.

आशावान(वि.) आत्मविश्वासी, आशान्वित, आश्वस्त।
hopeful, assured, confident.

आशीर्वाद(पुं.) असीस, दुआ, शुभाशीष।
blessing, gracious benediction.

आश्चर्य(पुं.) अचंभा, अचरज, अजूबा, गजब, चमत्कार, ताज्जुब, विस्मय, हैरत, हैरानी।
surprise, astonishment, amazement, wonder, curio, marvel.

आश्चर्यजनक(वि.) अजीब, अद्भुत, अनोखा, गजब का, चौंकानेवाला, विचित्र, विलक्षण, विस्मयकर, विस्मयकारी, सनसनीखेज, हैरानी में डालनेवाला।
wonderful, amazing, startling, surprising, astonishing.

आश्रय(पुं.) अवलंब, आसरा, ओट, पनाह, शरण, सहारा।
shelter, refuge, support.

आसक्त(वि.) अनुरक्त, फिदा, मुग्ध, मोहित, रागी, लट्टू, लिप्त, लुब्ध, विमुग्ध, सम्मोहित।
enamoured, infatuated, bewitched, captivated.

आसक्ति(स्त्री.) १. अनुरक्ति, दिल की लगी, राग, लगाव, लगावट, लगी, सम्मोहन।
infatuation, passion, attachment.
–२. प्यार (दे.)

आस-पास(क्रिवि.) अड़ोस-पड़ोस में, पास-पड़ोस में।
about, near about.

आस्तिक(वि., पुं.) ईश्वरवादी, खुदापरस्त, धर्मविश्वासी।
theist.

आस्तिकता(स्त्री.) आस्तिक्य, ईश्वरवाद, खुदापरस्ती, धर्मविश्वास।
theism

इंद्र(पुं.) अमरपति, देवपति, देवराज, देवाधिप, देवेंद्र, देवेश, पुरंदर, मघवा, वज्रपाणि, शचीपति, सुरराज, सुराधिप, सुरेंद्र, सुरेश।
lord Indra, God of rains.

इंद्रियग्राह्य(वि.) गोचर।

perceptible.

इकट्ठा (वि.) एकत्र, एकत्रित, जमा, पुंजित, राशीभूत, संकलित, संगृहीत, संचित।

collected, gathered, amassed, accumulated, assembled.

इकट्ठा करना (क्रिपद) एकत्र करना, एकत्रित करना, उगाहना, उसारना, जमा करना, जुटाना, जोड़ना, ढेर लगाना, तहसीलना, पुंजित करना, बटोरना, वसूल करना, वसूलना, वसूली करना, संकलित करना, संग्रह करना, संचय करना, संचित करना, संजोना, समेटना, सहेजना, हिलोरना।

to collect, to gather, to amass, to accumulate, to assemble.

इकट्ठा होना (क्रिपद) एकत्र होना, एक हो जाना, जमना, जुटना, मिल जाना, मिलना, संयुक्त होना।

to be united, to come together.

इच्छा (स्त्री.) अभिलाषा, अरमान, आकांक्षा, आरज़ू, उच्चाकांक्षा, एषणा, कामना, चाह, चाहत, ख्वाहिश, तमन्ना, तृष्णा, मनोकामना, मर्ज़ी, महत्त्वाकांक्षा, मुराद, रज़ा, ललक, लालसा, साध, स्पृहा, हड़क, हवस, हविस, हसरत, हाईं, हाहीं, हिर्स।

desire, want, wish, yearning, craving, aspiration, longing, hankering, cherished desire, thirst, ardent desire.

इच्छित (वि.) अभिप्रेत, अभीष्ट, आकांक्षित, काम्य, चाहा हुआ, मनचाहा, मनचीता, मनपसंद, मनोवांछित, वांछनीय, वांछित।

desired, wanted, wished, cherished, intended, desirable.

इच्छुक (वि.) अभिलाषी, आकांक्षी, उच्चाकांक्षी, चाहनेवाला, महत्त्वाकांक्षी, रज़ामंद, राज़ी, सहमत, स्पृही।

desirous, aspiring, willing, wishing, yearning, craving.

इतने में (क्रिवि.) इसी बीच, इसी बीच।

just then, meanwhile, meantime, at the sametime.

इतराना (क्रि.) इठलाना, चोंचले दिखाना, चटकना-मटकना, छमकना, नखरा दिखाना, मटकना।

to strut.

इसलिए (योजक) अतः, अतएव, अस्तु, इस वास्ते, इस हेतु।

therefore, hence, thus, for this reason.

इस संदर्भ में (क्रिवि.) इस प्रसंग में, इस बारे में, इस विषय में।

in this context, in this matter.

इस्पात (पुं.) फौलाद, स्टील।

steel.

ईमान (पुं.) धर्मनिष्ठा, धर्मभावना।

religious faith, devoutness.

ईमानदार (वि.) खरा, दयानतदार, धर्मनिष्ठ, धर्मशील, धर्मी, निश्छल, नेकनीयत, पुण्यात्मा, बेलाग, सच्चरित्र, सच्चा, सत्यनिष्ठ, सत्यशील।

honest, guileless, without vile, true, truthful, virtuous.

ईमानदारी (स्त्री.) खरापन, दयानत, दयानतदारी, निश्छलता, नेकनीयती, सच्चरित्रता, सच्चाई, सत्यनिष्ठा, सत्यवादिता, सत्यशीलता।

honesty, truthfulness, virtuousness, verity.

ईर्ष्या (स्त्री.) असूया, कीना, कुढ़न, खार, गंस, डाह, जलन, मत्सर।

envy, jealousy, grudge.

ईर्ष्या करना (क्रिपद) असूया रखना, कीना करना, कुढ़ना, डाह करना, जलना।

to envy, to be envious, to grudge.

ईश्वर (पुं.) अकालपुरुष, अल्लाह, अंतरात्मा, करतार, परमेश्वर, परवरदिगार, खुदा, प्रभु, खुदावंद, ब्रह्म, जगत्‌-पिता, जगदीश, जगदीश्वर, भगवान, मालिक, रब, जगन्नाथ, विश्वनाथ, प्रभु, जगन्नियंता, सच्चिदानंद, त्रिलोकीनाथ, दीनानाथ, परब्रह्म, विश्वंभर, परमपिता, सृष्टिकर्ता, परमात्मा, स्वामी।

God, Lord, the creator of the universe.

ईसा (पुं.) ईसामसीह, ख्रीस्त, मसीहा, यीशु।
Christ, Jesus Christ.

उकसाना (क्रि.) उत्तेजित करना, उभाड़ना, जोश दिलाना, ताव दिलाना, प्रवृत्त करना, प्रेरणा देना, प्रेरित करना, प्रोत्साहित करना, बढ़ावा देना, बहकाना, लगाना, बरगलाना, शह देना।
to incite, to instigate, to inspire, to encourage, to provoke, to stir up, to rouse.

उक्ति (स्त्री.) कथन, कहावत, नीतिवचन, मसल, वचन, सुकथन, सुभाषित, सूक्ति, सूत्र।
utterance, remark, saying, maxim, apophthegm, quotable quote, proverb,

उगलवाना (क्रि.) कुरद कुरेदकर पूछना।
to pick one's brain.

उग्र (वि.) उत्कट, घोर, जोरदार, तीव्र, तूफानी, तुमुल, तेज़, दारुण, प्रचड, भयानक, भीषण, रौद्र, लट्ठमार, विकट।
violent, fiery, terrific, awful, terrible, gruesome, severe, intense, dreadful, harrowing, horrifying, horrid, horrible.

उग्रता (स्त्री.) उत्कटता, तीव्रता, तेजी, दारुणता, प्रचंडता, भयानकता, भीषणता, विकटता।
intensity, severeness, horridness, fierceness.

उचित (वि.) अवसरानुकूल, उपयुक्त, ठीक, जायज, नीतिसम्मत, बजा, मुनासिब, मौजूं, यथोचित, युक्तियुक्त, योग्य, वाजिब, विहित, श्रेयस्कर, समीचीन, सही।
right, upright, proper, fair, good, ethical, just, righteous.

उच्चतर (वि.) महत्तर, श्रेष्ठतर।
higher, greater.

उच्चारण (पुं.) तलफ्फुज़।
pronunciation.

उजाड़ू (वि.) १. घर-गँवाऊ, घर-घालू, घर-फूँकू, घर-लुटाऊ।
prodigal, wasteful.
–२. अपव्ययी (वि०)

उज्ज्वल (वि.) उजला, चमचम, झकाझक, धवल, शुभ्र, हिमश्वेत।
bright, shining, snowwhite.

उतरना (क्रि.) १. अवतरित होना, नीचे आना।
to come down.
–२. कम हो जाना, घटना।

उतार-चढ़ाव (पुं.) आरोह-अवरोह, कमी-बेशी, घटती-बढ़ती, घट-बढ़।
1. rise and fall, up and down.
2. fluctuation, variation.

उतावला (वि.) अधीर, आकुल, उद्विग्न, जल्दबाज, बेकरार, बेचैन, बेताब, बेसबरा, बेसब्र, विकल, व्यग्र, व्याकुल, हड़बड़िया।
impatient, lacking patience, hasty, restless, rash.

उतावली (स्त्री.) अधीरता, अधैर्य, आकुलता, उद्विग्नता, जल्दबाजी, बेकरारी, बेताबी, बेसब्री, विकलता, व्याकुलता, व्यग्रता, हड़बड़, हड़बड़ाहट, हड़बड़ी।
impatience, haste, hastiness, rashness.

उत्कट (वि.) अदमनीय, अदम्य, तीव्र, तेज़, दारुण, घमासान, घोर, प्रचंड, भारी, प्रबल, सख्त।
intense, fierce, acute, profound, severe, irrepressible, oppressive.

उत्कटता (स्त्री.) तीव्रता, तेजी, दारुणता, प्रचंडता, प्रबलता।
intenseness, intensity, fierceness acuteness, severeness, severity,

उत्कर्ष (पुं.) अभ्युदय, आरोहण, उठाव, उत्थान, उत्थापन, उत्तोलन, उदय, उन्नति, उन्नयन, उभार, ऊर्ध्वगमन, चढ़ाव, सर्वोदय।
eminence, rise, advancement, ascent.

उत्तम (वि.) अत्युत्तम, उत्कृष्ट, उल्लेखनीय, दिव्य, नफीस, नायाब, बढ़ा-चढ़ा, बढ़िया, बालानशीन, बेहतरीन, भव्य, श्रेष्ठ, सर्वश्रेष्ठ, सर्वोच्च, सर्वोत्तम।

excellent, outstanding, best, exquisite, remarkable.

उत्तर (पुं.) १. जवाब, प्रतिवचन, प्रत्युत्तर।
answer, reply.
—२. शुमाल।
North.

उत्तरदायित्व (पुं.) जवाब-देही, जिम्मा, जिम्मेदारी, दायित्व, देयता।
responsibility.

उत्तरदायित्वहीन (वि.) गैर-जिम्मेदार, दायित्वहीन।
irresponsible.

उत्तरदायी (वि.) जवाबदेह, जिम्मेदार, जिम्मेवार।
responsible.

उत्तराधिकार (पुं.) दायाधिकार, बपौती, विरासत, हक।
inheritance.

उत्तराधिकारी (पुं.) दायाधिकारी, वारिस, हकदार।
successor, heir, inheritor.

उत्तेजक (वि.) उत्तेजनापूर्ण, आवेशपूर्ण, क्षोभकारक, जोशीला, भड़काऊ, विक्षोभकारक, सनसनीखेज, सनसनीदार।
provocative, sensational, thrilling.

उत्तेजना (स्त्री.) १. आवेश, क्षोभ, जोश, तनाव, तैश, विक्षोभ, सनसनी।
excitement, agitation, perturbation, turbulance, tension.
—२. प्रेरणा (दे.)

उत्तेजित (वि.) आवेशपूर्ण, उत्तेजनापूर्ण, उद्दीप्त, क्षुब्ध, क्षोभकारक, जोश-भरा, जोशीला, तनाव-भरा, विक्षोभपूर्ण।
provoking, exciting, tense.

उत्पत्ति (स्त्री.) १. आविर्भाव, उद्भव, जन्म, पैदाइश, प्राकट्य, प्रादुर्भाव।
creation, birth, appearance, manifestation.
—२. उत्पाद, उत्पादन।
production, produce.

उत्पन्न (वि.) आविर्भूत, उद्भूत, जन्मा, जात, पैदा, प्रसूत।
born.

उत्पन्न करना (क्रिपद) जनना, जन्म देना, पैदा करना, प्रसव करना।
to give birth (to).

उत्पन्न होना (क्रिपद) अवतरित होना, आविर्भूत होना, उद्भूत होना, जन्मना, जन्म लेना, पैदा होना, प्रकट होना, प्रसव होना।
to come into being, to be born.

उत्पीड़क (वि., पुं.) अत्याचारी, दमनकारी, परपीड़क, बरजोर, बलप्रयोक्ता, बलात्कारी, सितमगर, सीनाजोर।
coercionary, coercionist, persecutor.

उत्पीड़न (पुं.) जबरदस्ती, ज़ोर-जबरदस्ती, ज़ोर-जुल्म, दमन, बरजोरी, बलप्रयोग, बलात्कार, सितम, सीनाज़ोरी।
coercion, duress, oppression, persecution.

उत्सव (पुं.) आनंद-मेला, जयंती, जलसा, जश्न, पर्व, महापर्व, महोत्सव, मेला, समारोह।
festival, anniversary, fete, function, celebration.

उत्साह (पुं.) उमंग, चाव, जोम, ज़ोर-शोर, जोश, जोश-खरोश, भावावेश, सरगर्मी, साहस, हिम्मत, हौसला।
zeal, enthusiasm, avidity, ardour, impulse, earnestness.

उत्साही (वि.) उमंग-भरा, चाव-भरा, जोशीला।
zealous, ardent, enthusiastic, spirited.

उत्सुक (वि.) अधीर, आकुल, आतुर, उत्कंठित, तृषातुर, लालायित, व्यग्र, व्याकुल।
eager, keen, anxious, agog.

उत्सुकता (स्त्री.) अधीरता, आकुलता, आतुरता, उत्कंठा, व्यग्रता, व्याकुलता।
eagerness, keenness, earnestness, gusto.

उत्सुक होना (क्रिपद) अधीर होना, आकुल होना, आतुर होना, उत्कंठित होना,

तरसना, तृषातुर होना, लालायित होना, व्यग्र होना, विकल होना।

to be eager, to be keen, to be zealous.

उदार (वि.) उदारचेता, उदारमना, कृपालु, खुले दिलवाला, दयालु, दयावान, दरियादिल, दाता, दानशील, दानी, दिलदार, बड़े दिलवाला, मुक्तहस्त, वदान्य, विशालहृदय, सहृदय, हातिम।

generous, liberal, kind, warm-hearted, broadminded, magnanimous.

उदारता (स्री.) अनुकंपा, अनुग्रह, कृपा, कृपालुता, दया, दयालुता, दरियादिली, दिलदारी, प्रसाद, सहानुभूति, सुजनता, सौजन्य।

kindness, warmth, sympathy, broadmindedness,magnanimity.

उदास (वि.) अवसन्न, उदासीन, खिन्न, गमगीन, मुहर्रमी, म्लान, यतीमी, रंजीदा, विषण्ण, विषादपूर्ण, विषादयुक्त।

sad, heavy-hearted, dejected, depressed, morose, despondent, dispirited, gloomy, downcast.

उदासी (स्री.) अवसन्नता, उदासीनता, खिन्नता, नहूसत, म्लानता, विषाद।

sadness, dejection, despondency, gloom, gloominess.

उदासीन (वि.) निरुत्साही, पराङ्मुख, रुचिविहीन, विमुख, विरक्त।

indifferent, apathetic, cold, detached, unresponsive.

उदासीनता (स्री.) निरुत्साह, रुचिहीनता, विमुखता, विरक्ति।

indifference, apathy, coldness, detachment, disinterestedness.

उदाहरण (पुं.) १. उद्धरण, दृष्टांत, नजीर, निदर्शन, मिसाल।

example, instance, sample.
–२. नमूना (दे.)

उदाहरणार्थ (क्रिवि.) उदाहरण के लिए, मसलन, मिसाल के तौर पर।

for example, for instance.

उदीयमान (वि.) नौनिहाल, होनहार।

promising, rising.

उद्गम (पुं.) उत्पत्तिस्थान, उत्स, उद्भव, मुहाना, मूल, स्रोत।

origin, source.

उद्गार (पुं.) उफान, उबाल, भड़ास।

expressed feelings, outpourings.

उद्देश्य (पुं.) इरादा, ध्येय, निमित्त, प्रयोजन, मंशा, मंसूबा, मंतव्य, मकसद, मसरफ, लक्ष्य, हेतु।

aim, goal, motive, purpose, target, object, intent, intention.

उद्देश्यहीन (वि.) निरुद्देश्य, लक्ष्यहीन।

aimless, purposeless, goalless.

उद्धत (वि.) अक्खड़, अविनीत, उद्दंड, गुस्ताख, ढीठ, धृष्ट, निर्लज्ज, प्रगल्भ, मुँहजोर, मुँहलगा, शोख, सीनाजोर।

impertinent, overbearing, impudent, impolite, insolent, unmannerly, brazen.

उद्धतता (स्री.) अक्खड़पन, अविनय, उद्दंडता, औद्धत्य, गुस्ताखी, ढिठाई, धृष्टता, निर्लज्जता, प्रगल्भता, मुँहजोरी, शोखी, सीनाजोरी।

impertinence, impudence, insolence, brazenness.

उद्धरण (पुं.) अवतरण, उद्धृतांश।

quotation, excerpt, citation.

उद्धार (पुं.) छुटकारा, त्राण, निस्तार, परित्राण, बचाव, मुक्ति, मोक्ष, रक्षा।

rescue, salvage, redemption, deliverance, release, salvation.

उद्धार करना (क्रिपद) उबार लेना, छुटकारा दिलाना, निजात दिलाना, निस्तार करना, बचाना, मुक्ति दिलाना, रक्षा करना।

to save, to rescue, to redeem, to salvage.

उद्धारकर्ता (पुं.) उद्धारक, तारक, त्राणकर्ता, त्राता, पतितपावन, परित्राता, मुक्तिदाता, मोक्षदाता।

saviour.

उद्यत (वि.) उन्मुख, कटिबद्ध, तैयार, तत्पर, निश्चयबद्ध, प्रस्तुत, मुस्तैद, सत्वर, सन्नद्ध।

ready, prepared, determined, all set, girt up, bent on.

उद्यतता (स्त्री.) उन्मुखता, कटिबद्धता, तत्परता, तैयारी, प्रस्तुति, मुस्तैदी, सन्नद्धता।
readiness, preparedness, preparation, quickness, rapidity.

उद्योग (पुं.) उद्यम, काम, तिजारत, धंधा, पेशा, व्यवसाय, व्यापार।
industry, business, occupation.

उद्विग्न (वि.) आशंकित, आन्दोलित, आवेशित, उत्तेजित, उद्भ्रांत, उद्वेलित, क्षुब्ध, बेकरार, बेकल, बेचैन, बेहाल, विकल, विक्षुब्ध।
perturbed, agitated, provoked, bewildered, confused, distracted.

उधार (पुं.) ऋण, कर्ज, पेशगी।
debt, loan, credit, advance.

उनींदा (वि.) ऊँघता हुआ, तंद्रालु, निद्रालु।
sleepy, drowsy.

उन्नत (वि.) उत्तुंग, ऊँचा, प्रोन्नत, विकासशील, विकसित, समुन्नत।
high, lofty, advanced, developed.

उन्नति (स्त्री.) अभ्युदय, उत्कर्ष, उन्नयन, तरक्की, पदोन्नति, प्रकर्ष, प्रगति, प्रसार, प्रोन्नति, विकास, समुन्नयन, समृद्धि।
progress, advancement, development, eminence, excellence.

उन्नतिशील (वि.) प्रगतिवादी, प्रगतिशील, वर्धमान, विकासमान, विकासोन्मुख।
progressive, developing.

उन्निद्र (वि.) अनिद्र, निद्रारहित।
sleepless.

उन्मूलन (पुं.) उखाड़ फेंकना, उत्पाटन, जड़ से उखाड़ना, निर्मूलन, मूलोच्छेदन।
uprooting, eradication.

उपकरण (पुं.) उपस्कर, औजार, करण, मशीन, यंत्र, संयंत्र।
instrument, implement, apparatus, tool, machine, plant.

उपकार (पुं.) १. कल्याण, नेकी, परमार्थ, परहित, परार्थ, परोपकार, भला, भलाई, हित।
good, beneficence.
—२. एहसान।
obligation.

उपकारक (वि.) उपकारकर्ता, उपकारी, परकाजी, परमार्थवादी, परोपकारी, भलाई करनेवाला, हितकारक, हितैषी।
benevolent, well-wisher.

उपज (स्त्री.) उत्पाद, उत्पादन, कटनी, पैदावार, फसल।
produce, crop, production.

उपजना (क्रि.) उत्पन्न होना, पैदा होना।
to grow.

उपजाऊ (वि.) उर्वर, जरखेज।
fertile, productive.

उपदेश (पुं.) नसीहत, परोपदेश, पाठ, प्रवचन, शिक्षा, सबक, सिखावन, सीख, हिदायत।
sermon, advice, preaching.

उपद्रव (पुं.) १. उत्पात, ऊधम, झमेला, बखेड़ा, लड़ाई-झगड़ा, हुल्लड़बाजी।
disturbance, trouble.
—२. दंगा (दे.)

उपद्रवी (वि.) उत्पाती, ऊधमी, दंगई, फसादी, बखेड़िया, बलवई, हुल्लड़बाज।
rioter, troublesome, miscreant.

उपनाम (पुं.) उर्फ, तखल्लुस, छद्मनाम।
alias.

उपन्यास (पुं.) उपन्यासिका (अल्पा०), नावेल।
fiction, novel.

उपयुक्त (वि.) अनुकूल, अनुरूप, जँचता, फबता, फिट, योग्य, वाजिब, संगत, समीचीन, समुचित, सही।
appropriate, fit, suitable.

उपयोग (पुं.) उपभोग, इस्तेमाल, प्रयोग, भोग, व्यवहार।
use, application, consumption.

उपयोगिता (स्त्री.) उपकारिता, उपादेयता, फायदा, लाभ, लाभप्रदता।
utility, usefulness.

उपयोगी (वि.) उपादेय, कारगर, काम का, गुणकारी, जीवनोपयोगी, प्रयोजनीय, फायदेमंद, मुफीद, लाभकारी, लाभप्रद।
useful, beneficial, effectual.

उपर्युक्त (वि.) उपरोक्त, उल्लिखित।
aforesaid, above-mentioned.

उपलब्धि (स्त्री.) कामयाबी, किया-कराया, प्राप्ति, लब्धि, सफलता, सिद्धि।
achievement, success.

उपवास (पुं.) अनशन, आहारत्याग, कड़ाका, निराहार, फ़ाका, रोज़ा, लंघन, व्रत।
fast.

उपस्थित (वि.) पेश, प्रस्तुत, मौजूद, वर्तमान, विद्यमान, समुपस्थित, हाज़िर।
present.

उपस्थिति (स्त्री.) मौजूदगी, वर्तमानता, विद्यमानता, समुपस्थिति, हाज़िरी।
presence, attendance.

उपहार (पुं.) अनुदान, तोहफ़ा, दान, देन, नज़र, नज़राना, नेग, पारितोषिक, प्रसाद, प्रैज़ेंट, बधावा, बायन, भेंट, सौगात।
gift, present, reward.

उपहास (पुं.) कटाक्ष, खिल्ली, ठट्ठा, ठिठोली, दिल्लगी, परिहास, फबती, मखौल, मज़ाक, लिहाड़ी, व्यंग्य, हँसी, हँसी-ठट्ठा।
ridicule, derision, banter, sneer, satire.

उपहास करना (क्रिपद) कटाक्ष करना, खिल्ली उड़ाना, छेड़ना, ठट्ठा करना, ठिठोली करना, दिल्लगी उड़ाना, बनाना, मखौल उड़ाना, मजाक उड़ाना, लिहाड़ी लेना, व्यंग्य करना, हँसी-मजाक करना।
to ridicule, to banter, to deride, to jeer, to laugh at, to sneer.

उपहासास्पद (वि.) उपहास्य, बेतुका, बेहूदा।
ridiculous, laughable, ludicrous.

उपाधि (स्त्री.) अलंकरण, खिताब, डिग्री, पदवी, मानोपाधि।
title, title of honour, degree.

उपाय (पुं.) करीना, जुगत, जुगाड़, तदबीर, तरकीब, तरीका, ब्योंत, मार्ग, युक्ति, रास्ता, राह, विधि, साधन, हथकंडा, हल।
device, way, means.

उपेक्षा (स्त्री.) अनदेखी, अनसुनी, अवज्ञा, अवहेलना, उदासीनता, तिरस्कार, बेरुखी।
neglect, negligence.

उपेक्षा करना (क्रिपद) अनदेखी करना, अनसुनी करना, अवहेलना करना, उदासीनता दिखाना, दृष्टि फेर लेना, ध्यान न देना, बेपरवाही बरतना, बेरुखी दिखाना, मुँह मोड़ लेना, लापरवाही दिखाना, सुनी अनसुनी करना।
to neglect, to ignore, to pay no attention.

उपेक्ष्य (वि.) उपेक्षणीय, क्षुद्र, तिरस्करणीय, तुच्छ, नगण्य।
negligible, ignored.

उबटन (पुं.) अवलेप, बटना।
cosmetic paste for cleansing the body through massaging.

उबलना (क्रि.) उफनना, उफान आना, उबाल आना, औटना, खौलना।
to boil, to get boiled.

उबालना (क्रि.) उफनाना, औटाना, खौलाना, गरमाना, पकाना।
to boil.

उभयसंकट (पुं.) असमंजस, उभयापत्ति, दुविधा, धर्मसंकट।
dilemma, quandary.

उलझन (स्त्री.) उलझट्टा, उलझाव, कठिनाई, गुत्थी, घुंडी, चक्कर, जटिलता, जाल, झमेला, फंदा, फँसावड़ा।
complication, entanglement, involvement, intricacy, web.

उलझना (क्रि.) अटक जाना, अटकना, उलझ जाना, फँस जाना, फँसना, बझना।
to get entangled.

उलटना (क्रि.) उथलना, औंधाना, पलटना, प्रतिवर्तित करना।
to reverse, to overturn.

उलटा (वि.) उलटा-पुलटा, उलटा-सीधा, औंधा, प्रतिलोम, विलोम।
inverse, reverse, obverse, topsy-turvy, upturned.

उलटी (स्त्री.) कै, छर्दन, ओक, वमन।
vomit.
उलटे क्रम से (क्रिवि.) प्रतिलोमतः।
in reverse order.
उल्लंघन (पुं.) अतिक्रमण, अतिचार, अतिलंघन, तलफ़ी, मर्यादाभंग।
violation, overstepping, transgression, breach, contravention, infringement, tres pass.
ऊँघ (स्त्री.) ऊँघाई, झपकी।
nap, snooze, doze, sleepiness.
ऊँघना (क्रि.) आँख झपकना, झपकी लेना, पलक लगना।
to snooze, to doze.
ऊँचा (वि.) १. उत्तुंग, उच्च, उन्नत, तुंग, बुलंद।
high, lofty, tall, elevated.
–२. कड़कदार, तेज।
loud.
ऊँचाई (स्त्री.) उच्चता, ऊँचान, कद, तुंगता, बुलंदी।
height, loftiness.
ऊटपटाँग (वि.) अटपटा, अनर्गल, ऊलजलूल, अललटप्पू, असंबद्ध, बेतुका, बेसिर-पैर का, विसंगत।
irrelevant, incoherent, absurd, preposterous.
ऊब (स्त्री.) अरुचि, उकताहट, उचाटपन, खीझ, घबराहट, चिढ़, विरक्ति, विराग।
disgust, boredom, dislike, aversion.
ऊबना (क्रि.) उकता जाना, उकताना, उचट जाना, ऊब जाना, खीझ होना, घबरा जाना, चिढ़ जाना, भर जाना, बोर हो जाना, विरक्ति हो जाना।
to feel bored.
ऊबा हुआ (वि.) उकताया हुआ, उचटा हुआ, बेज़ार, बोर, विरक्त।
fed up.
ऊसर (वि.) अनुर्वर, चटियल, पड़ती, बंजर, बंध्य।
barren, fallow.
ऋणी (वि.) अधमर्ण, कर्जदार, देनदार।
debtor, in debt.
ऋतु (स्त्री.) मौसम, सीजन।
season.
ऋषि (पुं.) देवर्षि, ब्रह्मर्षि, मंत्रद्रष्टा, मनीषी, मुनि, राजर्षि।
sage.
एकटक (क्रिवि.) आँखें फाड़े, टकटकी बाँधे/लगाए, बिना पलक झपकाए।
unblinkingly.
एकता (स्त्री.) अद्वैत, अभिन्नता, एका, ऐक्य, जुड़ाव, मेल, संघटन।
oneness, union, absence of duality.
एकरस (वि.) एकसुरा, नीरस, फीका, रसहीन, शुष्क।
monotonous, insipid, dry, prosaic.
एक राय से (क्रिवि.) एकमत होकर, सर्वसम्मति से।
unanimously.
एकरूपता (स्त्री.) अभेद, अनुरूपता, तुल्यता, बराबरी, सुसंगति, संगति।
similarity, consistency.
एक-सा (वि.) एकरंग, एकरस, एकरूप, एकसमान, एकसार।
uniform.
एकांत[1] (वि.) तनहा, निभृत, निर्जन, विजन, वीरान, सुनसान।
lonely, desolate, uninhabited.
एकांत[2] (पुं.) १. एकांतता, तनहाई, विजनता।
solitude.
–२. निर्जन स्थान, बियाबान।
wilderness.
एकाएक (क्रिवि.) अकस्मात्, अचानक, एकदम, दैवयोग से, दैवात्, यकायक, संयोगवश, संयोगवशात्, हठात्।
all of a sudden, abruptly, by chance, accidently, incidently.
एकाकार (वि.) एकजान, एकजुट, एकीकृत, एकीभूत, संयुक्त, संहत।
united, unified.
एकाग्र (वि.) दत्तचित्त, संकेंद्रित।
concentrated, one-pointed.

एकाग्रता (स्त्री.) अभिनिवेश, दत्तचित्तता, ध्यानमग्नता, ध्यानलीनता, मनोयोग, संकेंद्रण, समाधि।
concentration, one-pointedness.

एकाधिकारी (पुं.) सर्वाधिकारी।
monopolist.

एकीकरण (पुं.) एकत्रीकरण, जोड़, मिलान, समाकलन, समामेलन।
unification, amalgamation, integration.

ऐंठन (स्त्री.) बल, मरोड़।
contortion, twist.

ऐंठना (क्रि.) टेढ़ा करना, तोड़ना-मरोड़ना, मरोड़ना।
to twist.

ऐक्य (पुं.) एका, ऐकमत्य, तालमेल, मतैक्य, मेल, सामंजस्य।
accord, oneness, unity.

ऐच्छिक (वि.) वैकल्पिक।
optional.

ऐश्वर्य (पुं.) प्रताप, विभव, विभूति, वैभव, समृद्धि।
glory, grandeur, prosperity.

ओर (स्त्री.) तरफ।
side.

ओला (पुं.) तुषार, पत्थर।
hail.

ओषधि (स्त्री.) औषध, जड़ी-बूटी, दवा, दवा-दारू, भेषज।
medicine.

ओस (स्त्री.) शबनम।
dew.

ओसाना (क्रि.) पछोरना, फटकना।
to winnow.

औंधा (वि.) पट्ट।
face downward.

औपचारिक (वि.) रस्मी, यथानियम, रीतिक, रैतिक, लौकिक।
formal.

औपचारिकता (स्त्री.) तकल्लुफ, रस्म, राह-रस्म, रीति, लोकाचार।
formality.

और (योजक) एवं, तथा, व।
and.

औसत (स्त्री.) मध्यमान।
average, mean.

कंकाल (पुं.) अस्थि-पंजर, ठठरी, ढचरा, हड्डियों का ढाँचा।
skeleton, atomy.

कंघी-चोटी (स्त्री.) केशकर्म, केशविन्यास।
hair-do.

कंजूस (वि.) कृपण, खसीस, ठस, नीबूनिचोड़, मक्खीचूस, सूम, सूमड़ा।
miserly, parsimonious, stingy, niggardly, tightfisted, close-handed.

कंजूसी (स्त्री.) कृपणता, खसीसी, ठसपन, सूमपन, सूमड़ापन।
miserliness, parsimony, stinginess, niggardliness.

कँटीला (वि.) कंटकमय, कंटकाकीर्ण, कंटकित, काँटेदार, काँटों-भरा, सकंटक।
thorny, full of thorns, barbed.

कंठ (पुं.) गला, नटई।
throat.

कंधा (पुं.) मोढ़ा, शाना, स्कंध।
shoulder.

कंप (पुं.) कंपन, झटका, दलक, हिचकोला।
tremor.

कंपन (पुं.) कँपकँपी, झकझोरा, डगमगाहट, थरथर, थरथराहट, थरथरी, प्रकंप, प्रकंपन, सिहरन, स्पंदन, हरकत।
shiver, shivering, quiver, vibration, quavering.

कंबल (पुं.) नमदा, लोई।
blanket.

कई (वि.) अनेक, कई-एक, कतिपय, कुछ, थोड़े, नाना, बहुत से, बहुतेरे।
several, many.

कक्षा (स्त्री.) क्लास, जमात, दर्जा, वर्ग, श्रेणी।
class.

कचहरी (स्त्री.) कोर्ट, दरबार, न्यायालय।
court, royal court.

कच्चा (वि.) अपक्व, अपरिपक्व, अविकसित,

अपक्व, ह्रस्व।
unripe, undeveloped.

कछारी(वि.) जलस्थ, जलोढ़, सैलाबी।
alluvial.

कटखना(वि.) कटहा, काटनेवाला, काटू।
prone to biting.

कटार(स्त्री.) कटारी, कृपाण, खंजर, खाँड़ा, छुरा, छुरी, भुजाली।
dagger, cutlass.

कटिबद्धता(स्त्री.) तैयारी, मुस्तैदी, सन्नद्धता।
readiness, preparedness.
—२. तैयारी (दे.)

कट्टर(वि.) अनुदार, उन्मत्त, कट्टरपंथी, तास्सुबी, दीवाना, दुराग्रही, धर्मान्ध, परंपरानिष्ठ, पुराणपंथी, पूर्वाग्रही, मतांध, हठधर्मी।
orthodox, fanatic, dogmatic, conservative.

कट्टरता(स्त्री.) उन्मत्तता, तास्सुब, दीवानापन, दुराग्रह, धर्मांधता, धर्मोन्माद, मतांधता, हठधर्म।
fanaticism.

कठिन(वि.) कठोर, कड़ा, कष्टसाध्य, क्लिष्ट, गहन, गूढ़, जटिल, झंझटी, दुरूह, दुर्गम, दुर्ज्ञेय, दुर्बोध, दुस्साध्य, दूभर, निगूढ़, पित्तामार, पेचीदा, बीहड़, मुश्किल, मुहाल, विकट, विषम, श्रमसाध्य।
difficult, abstruse, hard, recondite, arduous, laborious, complicated.

कठिनाई(स्त्री.) १. कठिनता, क्लिष्टता, गहनता, गूढ़ता, जटिलता, दुरूहता, दुर्गमता, दुर्ज्ञेयता, दुर्बोधता, दुश्वारी, मुश्किल, मुश्किलाहट, विकटता, विषमता।
difficulty, hardship.
—२. परेशानी (दे.)

कठोर(वि.) कड़ा, चीमड़, निठुर, जबर, जबरदस्त, पक्का, भारी, सख्त।
hard, stiff, severe, strict, stern, rigid, tenacious.

कड़वा(वि.) कटु, कड़ुआ, तल्ख।
bitter.

कड़वाहट(स्त्री.) कटुता, कड़ुवापन, कड़ुवाहट, तल्खी।
bitterness, acrimony.

कड़ा(वि.) १. काँटे का, जोड़दार, बराबरी का।
matching, equally poised.
—२. अनम्य, दुर्नम्य।
inflexible.
—३. कठोर (दे.)

कड़ाई(स्त्री.) कठोरता, सख्ती।
strictness, sternness.

कण(पुं.) अणु, कणिका, कनी, जर्रा, धुर्रा, [illegible], परमाणु, लवलेश।
minute, particle, atom, molecule.

कतराना(क्रि.) आँख बचाकर निकल जाना, कतराकर निकल जाना, कन्नी काटना, बचकर निकल जाना, ।
to avoid meeting, to cut dead.

कथन(पुं.) उक्ति, कहावत, प्रवचन, वचन, सूक्ति।
statement, saying, utterance, proverb, sermon, adage.

कथनीय(वि.) कथ्य, वर्णनीय, वर्ण्य।
worth saying, fit to be described, describable.

कथानक(पुं.) कथावस्तु।
plot.

कथित(वि.) अभिव्यक्त, उच्चरित, प्रकट, प्रकाशित, भणित, व्यक्त।
uttered, expressed, pronounced.

कदन्न(पुं.) मोटा अनाज।
coarse grain.

कन्या(स्त्री.) अक्षतयोनि, अक्षता, कुमारिका, कुमारी, लड़की।
virgin.

कपट(पुं.) कुटिलता, चालबाजी, छल, छल-कपट, धूर्तता, धोखेबाजी, मक्कारी, शठता।
fraud, deceit, deception, swindling, dishonesty.

कपटी(वि.) कुटिल, चालाक, छलिया, छली, धूर्त, मक्कार, शठ।
fraudulent, deceitful, crafty,

dishonest.

कपड़ा(पुं.) १. दुकूल, पट, वस्त्र, वसन।
cloth.
–२. पोशाक (दे.)

कफ(पुं.) बलगम।
phlegm, mucus.

कबूतर(पुं.) कपोत, पारावत, परेवा।
pigeon.

कब्ज(स्त्री.) कब्जियत, कोष्ठबद्धता, मलबद्धता, मलावरोध।
constipation.

कभी-कभी(क्रिवि.) अब-तब, कभी-कभार, गाहे-बगाहे, छठे-छमासे, ठहर-ठहरकर, भूले-भटके, बीच-बीच में, यदा-कदा, रह-रहकर, रुक-रुककर।
sometimes, ever & anon.

कभी नहीं(क्रिवि.) कदापि नहीं, हरगिज नहीं।
never, in no case, under no circumstances.

कम(वि.) अल्प, औना-पौना, कुछ, थोड़ा, तनिक, नाममात्र, बराए नाम, न्यून।
less, short, little, not much.

कमर (स्त्री.) कटि।
waist

कमरा(पुं.) कक्ष, कोठरी, कोष्ठ, प्रकोष्ठ, रूम।
room, chamber, apartment.

कमल(पुं.) अंबुज, अरविन्द, इंदीवर, उत्पल, कंज, जलज, जलजात, नलिन, नीरज, पंकज, पुंडरीक, वारिज, शतदल, सरसिज, सरसिरुह, सरोज, सरोरुह।
lotus.

कमाऊ (वि.) कमासुत।
earning.

कमाऊ-खाऊ(वि.) खाता-पीता, मस्त, सुखी।
fairly well-off.

कमाना(क्रि.) अर्जन करना, अर्जित करना, उपार्जन करना, उपार्जित करना, कमाई करना, कमाना-धमाना।
to earn.

कमी(वि.) १. अल्पता, अभाव, कटौती, कसर, किल्लत, कोताही, कोर-कसर, टोटा, तोड़ा, न्यूनता।
shortcoming, deficiency, shortage.
–२. त्रुटि (दे.)
–३. हानि (दे.)

कमीना(वि.) अकुलीन, अधम, ओछा, क्षुद्र, खोटा, गदाई, घटिया, छिछोरा, टुच्चा, टुकड़हा, दुरात्मा, निकृष्ट, नीच, पामर, पतित, पिशाच, पोच, बदजात, हरामखोर, हलका, हीन।
mean, ignoble, low, abject, despicable, base.

कमीनापन(पुं.) अधमता, ओछापन, क्षुद्रता, घटियापन, छिछोरापन, टुकड़हापन, निकृष्टता, तुच्छता, नीचता, पोचपन, बदजाती, हरामखोरी।
abjectness, baseness, degradation, low-mindedness, pettiness, shabbiness.

कर(पुं.) चुंगी, टैक्स, महसूल, शुल्क।
tax, cess.

करतब(पुं.) अजूबा, कमाल, जौहर।
feat, a skilful action, performance, exploit, deed.

करारा(वि.) १. कुरकुरा, खस्ता, मुरमुरा।
crisp.
–२. मुँहतोड़।
crushing.

करुण(वि.) करुणाजनक, कारुणिक, दर्द-भरा, मर्मस्पर्शी, मार्मिक, हृदयग्राही।
pathetic, heartbreaking, heartrending, touching, moving.

कर्कश(वि.) कठोर, कर्णकटु, कर्णबेधी, कानफोड़ू, क्रूर, तीक्ष्ण, परुष, रुक्ष, रूखा।
harsh, strident, jarring to ears.

कर्जदार (पुं.) अधमर्ण, ऋणी।
debtor.

कर्णगोचर(वि.) श्रवणीय, श्रव्य।
audible.

कर्णप्रिय(वि०) कर्णमधुर, प्रिय, मीठा, मधुर, श्रुतिमधुर, सुमधुर, सुरीला, सुस्वर।
melodious. euphonic.

कर्तव्य (पुं.) कार्य, ड्यूटी, फर्ज, धर्म, पुण्यकार्य।
duty.

कर्तव्यच्युत (वि.) कर्तव्यविमुख, धर्मविमुख।
negligent of duty.

कर्तव्यपरायण (वि.) कर्तव्यशील, कर्मनिष्ठ, धर्मपरायण।
dutiful.

कर्ता (पुं.) एजेंट, कर्ता–धर्ता, कारकुन, गुमाश्ता, मुख्तार।
agent, work-agent.

कर्मचारी (पुं.) कर्मी, कामगार, कार्यकर्ता, मुलाजिम।
worker, workman.

कर्मठ (वि.) उद्यमी, उद्योगशील, उद्योगी, कर्मण्य, क्रियाशील, परिश्रमी, मेहनती, यत्नशील, हिम्मती।
assiduous, persevering, diligent, industrious, laborious.

कलंक (पुं.) ऐब, कालिख, तोहमत, दाग, धब्बा, बट्टा, लांछन।
stigma, stain, blot, blemish, mark of disgrace.

कलंक लगाना (क्रिपद) ऐब लगाना, कलंकित करना, दूषण लगाना, दोष लगाना, लांछन लगाना, लांछित करना।
to stigmatize, to mark with a stigma.

कलंकित (वि.) कुख्यात, बदनाम, लांछित।
stigmatized.

कलजिब्भा (वि.) अपभाषी, कलमुँहाँ, कुभाषी, दुर्मुख, बदजबान।
evil-tongued, foul-mouthed.

कलपना (क्रि.) अफसोस करना, खेद व्यक्त करना, झकाना, चीखना, दुखी होना, पछताना, पश्चात्ताप करना, रंज करना, रुदन करना, रोना, रोना-धोना, विलाप करना।
to lament, to bewail.

कलम (स्त्री.) लेखनी।
pen.

कला (स्त्री.) आर्ट, कौशल, गुण, फन, शिल्प, हुनर।
art.

कलाई (स्त्री.) गट्टा, मणिबंध।
wrist, carpus.

कलाकार (पुं.) अदाकार, अभिनेता, आर्टिस्ट, कलावंत, कलाविद, किरदार, फनकार, शिल्पी, हुनरमंद।
artist.

कलात्मक (वि.) कलापूर्ण, मनमोहक, सुरुचिपूर्ण।
artistic, skilful.

कलाबाजी (स्त्री.) कलैया, पलटा।
somersault.

कली (स्त्री.) कलिका, गुंचा, मंजरी, मुकुल।
bud, blossom.

कल्पना (स्त्री.) उद्भावना, उपज, कपोल-कल्पना, परिकल्पना, प्रकल्पना, भावना, मनोकल्पना, सूझ।
imagination, fancy, presumption, supposition.

कल्पनातीत (वि.) अकल्पनीय।
unimaginable, inconceivable, unthinkable, beyond imagination.

कल्पित (वि.) अटकलपच्चू, अनुमित, आनुमानिक, ऊहापूर्ण, कपोलकल्पित, प्रकल्पित, मनगढ़ंत।
imagined, imaginary, assumed, supposed.

कल्पनालोक (पुं.) कल्पनाजगत, मनोराज्य।
imaginary world, world of fancy.

कल्पवृक्ष (पुं.) कल्पतरु, कल्पद्रुम, देवतरु, देवद्रुम, देववृक्ष, पारिजात, मंदार, सुरतरु।
a tree in the heaven.

कल्याण (पुं.) कुशल, कुशलक्षेम, खैरसल्ला, भला, भलाई, मंगल, श्रेयस, समृद्धि, हित।
welfare, well-being, prosperity.

कल्याणकारी (वि.) उपकारी, फायदेमंद,

लाभकारी, लाभप्रद, हितकारी।
beneficial.

कवच (पुं.) जिरह-बख्तर, शरीरत्राण, सन्नाह।
armour.

कवि (पुं.) कविवर, कवींद्र, गीतकार, तुकड़, चारण, भाट, शायर।
poet.

कविता (स्त्री.) काव्य, गीत, नज्म, पद्य, प्रगीत, मुक्तक, शायरी।
poem, poetry, verse.

कवि-सम्मेलन (पुं.) कवि-गोष्ठी, मुशायरा।
poets'meet.

कष्ट (पुं.) १. अभाव, कमी।
want, absence.
–२. कसक, टीस, दर्द, दुख, पीड़ा, यंत्रणा, यातना, वेदना, व्यथा।
pain, anguish.
–३. कठिनाई, झंझट, तकलीफ, दिक्कत, परेशानी, मुसीबत।
trouble.

कष्टदायक (वि.) क्लेशप्रद, कष्टकर, कष्टदायी, कष्टप्रद, तकलीफदेह, दिक्कततलब, दुखदायी, पीड़ाकारक, पीड़ा देनेवाला, पीड़ित करनेवाला, सालनेवाला।
troublesome, bothersome, vexatious.

कसना (क्रि.) जकड़ना, भींचना।
to tighten.

कसाई (पुं.) चिकवा, बूचड़, मांसविक्रेता।
butcher.

कसाईखाना (पुं) बूचड़खाना, वधशाला, वधस्थली।
slaughter-house.

कसौटी (स्त्री.) कस, निकष, परख, मानदंड, मापदंड।
criterion.

कहना (क्रि.) जतलाना, निवेदन करना, निवेदित करना, बतलाना, बताना, बयान करना, बोलना, सूचित करना।
to say.

कहानी (स्त्री.) अफसाना, आख्यान, आख्यायिका, उपाख्यान, कथा, किस्सा, गल्प, गाथा, दंतकथा, दास्ताँ, दास्तान, धारावाहिक, परिकथा, फसाना, वार्ता।
story, tale, narrative, serial, legend.

कहानीकार (पुं.) अफसानानवीस, उपन्यासकार, कथक्कड़, किस्सागो।
story-teller, story-writer, fiction-writer, novelist.

काँटा (पुं.) खाँग, खार, फाँस।
thorn, spike, splinter.

काँपना (क्रि.) कंपित होना, कड़ाना, ठिठुरना, थरथराना, दलकना, लरजना, सिहरना, स्पंदित होना, हिलना-डुलना।
to shiver, to quiver, to tremble, to shudder.

कागज-पत्र (पुं.) कागजात, दस्तावेज, प्रलेख।
document, deed.

काट (स्त्री.) कटिंग, तराश।
style of cutting.

काट-छाँट (स्त्री.) कटाई-छँटाई, काट-कूट, काट-पीट, काटा-कूटी, कतर-ब्योंत।
excision, trimming, pruning.

काटना (क्रि.) कटाई करना, कतरना, काट-छाँट करना, गढ़ना, चाक करना, छाँटना, छीलना, तराशना, फाड़ना।
to cut, to clip, to chisel.

काठी (स्त्री.) अंगलेट, अंगसौष्ठव, गठन, डील-डौल, डौल, बाढ़ी।
body, build, frame, physique, constitution of the body.

कान (पुं.) कर्ण, कर्णेंद्रिय, श्रवण, श्रवणेंद्रिय, श्रुति, श्रोत्र।
ear, hearing organ.

काना (वि.) एकाक्ष, कनौड़ा।
one-eyed.

कानाफूसी (स्त्री.) कानाबाती, खुसर-फुसर, फुसफुस, फुसफुसाहट, सुगबुग, सुगबुगाहट।
whisper.

काफिला (पुं.) कारवाँ, सार्थवाह।

caravan.

काम(पुं.) १. करतूत, करनी, कर्म, काज, काम-काज, कारगुजारी, कारज, कार्य, क्रिया, कुकर्म, क्रिया, दुष्कर्म, दुष्कृत्य, प्रकार्य।
work, deed, function, action.
–२. व्यापार (दे.)

कामदेव(पुं.) अनंग, कंदर्प, कुसुमायुध, पंचशर, पुष्पधन्वा, प्रद्युम्न, मदन, मनसिज, मनोज, मन्मथ।
Cupid.

कामुक(वि.) इंद्रियपरायण, ऐयाश, कामपीड़ित, कामांध, कामातुर, कामार्त, कामासक्त, प्रेमासक्त, विषयी।
amorous, love-sick, sexual, savage.

कामुकता(स्त्री.) इंद्रियपरायणता, कामवासना, कामांधता, कामार्तता, कामासक्ति, विषयसेवन, विषयासक्ति।
sexual interest.

कामोद्दीपक(वि.) कामोत्तेजक।
aphrodisiac.

कायर(वि.) कापुरुष, डरपोक, दब्बू, बुजदिल, बोदा, भीरु, भग्गू, पस्तहिम्मत।
cowardly.

कायरता(स्त्री.) कापुरुषता, डरपोकपन, दब्बूपन, बुजदिली, बोदापन, भीरुता, भग्गूपन, पस्तहिम्मती।
cowardice.

काया(स्त्री.) कलेवर, गात, गात्र, जिस्म, ढाँचा, तन, देह, पिंजर, बदन, वपु, शरीर।
body.

कायाकल्प (पुं.) कायापलट, पुनरुद्धार।
overhaul, overhaul change, rejuvenation.

कारखाना(पुं.) उद्योगशाला, कर्मशाला, निर्माणशाला, फैक्टरी, मिल, वर्कशाप।
factory, works, mill, workshop.

कारण(पुं.) निमित्त, प्रयोजन, वजह, सबब, हेतु।
cause, purpose.

कारागार(पुं.) कफस, कारा, कारागृह, कारावास, कैदखाना, जेल, जेलखाना, बंदीखाना, बंदीगृह, हवालात।
prison, jail.

कारावास(पुं.) १. कैद, नजरबंदी।
detention, internment.
–२. कारागार (दे.)

कारीगर(पुं.) १. दस्तकार, शिल्पकार, शिल्पज्ञ, शिल्पी, हुनरमंद,।
craftsman.
–२. मेकैनिक, मिस्त्री, यंत्रविद्।
mechanic.

कार्टून(पुं.) व्यंग्यचित्र।
cartoon, caricature.

कार्तिकेय(पुं.) वविकेय, षडानन, स्कंद।
elder brother of Lord Ganesh.

कार्यकारी(वि.) कार्यवाहक, प्रभारी, स्थानापन्न।
acting.

कार्यक्रम(पुं.) दिनचर्या, प्रोग्राम।
programme.

कार्यक्षेत्र(पुं.) कर्मभूमि, कार्यभूमि, क्षेत्र।
field.

कार्यान्वयन(पुं.) क्रियान्वयन, क्रियान्विति।
implementation.

कार्यान्वित करना(क्रिपद) कार्यान्वयन करना, क्रियान्वयन करना, क्रियान्वित करना, चरितार्थ करना, रूपायित करना।
to implement, to get realized.

कार्यालय(पुं.) आफिस, दफ्तर।
office.

कार्यावली(स्त्री.) एजेंडा, कार्यक्रम, कार्यसूची।
agenda, business.

कार्रवाई(स्त्री.) कार्यवाही।
action, proceedings.

कालयापन(पुं.) कालक्षेप, वक्त गुजारना, समय बिताना।
spending of time.

काला (वि.) कजरारा, कलूटा, काला-कलूटा, काला-स्याह, कृष्ण, ब्लैक, श्याम, श्यामल, स्याह, साँवला।
black, dark.

कालातीत (वि.) बीता हुआ, व्यपगत। व्यतीत।
lapsed.

कालिख (स्त्री.) करखा।
soot, lamp-black.

कालीन (पुं.) कार्पेट, गलीचा, गिलम।
carpet.

काल्पनिक (वि.) अवास्तविक, ख्याली, निराधार, मनगढ़न्त, मिथ्या।
imaginary, unreal.

काव्यात्मक (वि.) कवि-सुलभ, काव्योचित, भावपूर्ण, शायराना, सरस।
poetic, poetlike, poetical.

किंकर्तव्यविमूढ़ (वि.) बदहवास, विमूढ़, व्यामोहित।
at one's wit's end, bewildered.

किंकर्तव्यविमूढ़ता (स्त्री.) बदहवासी, विमूढ़ता, व्यामोहन।
bewilderment.

किनारा (पुं.) १. कूल, कोर, छोर, तट, तटबंध, तीर, पुलिन, साहिल।
bank, shore, beach, coast.
–२. कगार।
edge of a precipice.

किफायत (स्त्री.) मितव्यय।
thrift.

किफायतशार (वि.) मितव्ययी।
thrifty, economical, frugal.

किफायतशारी (स्त्री.) मितव्ययिता।
thriftiness, frugality.

किमखाब (पुं.) कामदार कपड़ा, जरीदार कपड़ा, ब्रोकेड।
brocade.

किरण (स्त्री.) अंशु (सुधांशु), पी, प्रकाश-रेखा, मयूख, रश्मि।
ray, beam.

किराया (पुं.) भाड़ा, महीना।
rent, fare, hire.

किला (पुं.) कोट, गढ़, गढ़ी (अल्पा.), दुर्ग।
fort, citadel.

किलेबंदी (स्त्री.) गढ़बंदी, दुर्गबंदी।
fortification.

किशोर (वि.) तरुण, नवयुवक, युवा।
adolescent, young, youthful.

किशोरावस्था (स्त्री.) उठती जवानी, कैशोर्य, तरुणाई, तारुण्य।
adolescence.

किशोरी (स्त्री.) कुमारी, तरुणी, बाला, नवयुवती।
maid.

किसान (पुं.) काश्तकार, कृषक, कृषिकार, कृषिजीवी, खेतिहर, हलधर, हलवाहा, हली।
farmer, peasant, agriculturist.

किस्त (स्त्री.) खंडिका, खंडी, खेप।
instalment.

कीचड़ (पुं.) कर्दम, कीच, दलदल, पंक।
mud, slime, mire.

कीड़ा (पुं.) कीट, कीटाणु, जीवाणु, कीड़ा-मकोड़ा, कृमि, घुन, दीमक, पतंग, पतंगा।
insect, worm, germ, moth.

कीर्तन (पुं.) कीर्तिगान, गुणकथन, गुणगान, गुणानुवाद, यशोगान, संकीर्तन।
glorification.

कीर्तिमान (पुं.) उच्चांक, रिकार्ड।
record.

कुंज (पुं.) निकुंज, पर्णशाला, लतागृह, लतामंडप।
grove, alcove.

कुंडली (स्त्री.) कुंडलिनी, जन्मकुंडली, जन्मपत्री, पत्री, होराचक्र।
horoscope.

कुआँ (पुं.) कूप।
well.

कुआँरापन (पुं.) कौमार्य।
bachelorhood, virginity.

कुकर्म (पुं.) अनाचार, अनुचित काम, अपकर्म, अपकृत्य, कदाचार, कुकृत्य, कुचाल, कुचेष्टा, गलत काम, दुराचार, दुष्कर्म, दुष्कृत्य, पाप, बदचलनी, बदी,

बुराई, भ्रष्टाचार, हरामखोरी।
misdeed, evil deed, malpractice.

कुकर्मी (वि.) अनाचारी, अपकर्मी, कुचाली, गलत काम करनेवाला, दुराचारी, दुष्कर्मी, भ्रष्टाचारी, बदचलन, हरामखोर, हरामी।
one given to bad deeds.

कुकुरमुत्ता (पुं.) खुमी, छत्रक।
mushroom, fungus.

कुख्यात (वि.) अप्रतिष्ठित, कुप्रसिद्ध, बदनाम।
ill-famed, disreputed.

कुचक्र (पुं.) कपटजाल, कपटयोजना, कपटलीला, कपटसंधि, दुरभिसंधि, दुश्चक्र, मिलीभगत, षड्यंत्र, साजिश, साठ-गाँठ।
conspiracy, intrigue, plot, collusion, connivance, vicious circle.

कुचक्री (वि.) कुचक्र रचनेवाला, षड्यंत्रकारी, साजिशी।
intriguing, conspirator, plotter.

कुचलना (क्रिपद) कचरना, कुचल देना, गीजना, पददलित करना, पीस डालना, मरदना, मसल देना, रौंद देना, रौंदना।
to crush, to trample.

कुछ (वि.) गिनती के, गिने-चुने, चंद, तनिक, थोड़े से, मुट्ठी-भर।
some, a few.

कुटीर-उद्योग (पुं.) गृह-उद्योग।
cottage industry.

कुठाँव (पुं.) कुठौर, गलत जगह।
wrong spot.

कुत्ता (पुं.) कुक्कुर, श्वान।
dog.

कुपरिणाम (पुं.) कुप्रभाव, कुफल, खमियाजा, फलभोग, बुरा नतीजा।
evil result, bad effect, baneful influence.

कुपुत्र (पुं.) कुपूत।
undutiful son.

कुपोषित (वि.) न्यूनपोषित।
undernourished.

कुमारी (स्त्री.) अक्षतयोनि, कन्यका, कुआँरी, कुमारिका।
maiden, virgin.

कुमार्ग (पुं.) कुपंथ, कुपथ, गलत रास्ता, कुराह।
wrong way, evil course.

कुमार्गी (वि.) अपमार्गी, आचरणभ्रष्ट, उद्भ्रांत, कुपथगामी, गुमराह, पथभ्रष्ट, विपथगामी।
given to evil course, aberrant.

कुरीति (स्त्री.) कुचाल, कुपरंपरा, कुप्रवृत्ति, कुप्रथा।
bad custom, bad tendency.

कुर्क करना (क्रिपद) अधिकृत करना, कब्जे में लेना, पकड़ना, बरामद करना।
to seize.

कुल १ (पुं.) १. कबीला, जनजाति, फिरका, वंश, बिरादरी, समुदाय।
clan, tribe.
–२ परिवार (दे.)

कुल २ (वि.) ३. तमाम, पूरा, संपूर्ण, सकल, सब, सबके सब, समग्र, समस्त, सारा।
all, total, entire, whole, gross.

कुली (पुं.) भारवाहक, मजदूर।
porter, coolie.

कुलीन (वि.) अभिजात, उच्चकुलीय, उच्चवर्गीय, ऊँचे परिवार का, खानदानी।
born in high family, noble.

कुव्यवस्था (स्त्री.) कुप्रबंध, बदइंतजामी।
mismanagement.

कुशल १ (वि.) कामिल, कार्यकुशल, कार्यक्षम, चतुर, तेज, दक्ष, धाकड़, निपुण, निष्णात, पटु, पारंगत, प्रवीण, माहिर, योग्य, विचक्षण, विदग्ध, विशारद, सक्षम, समर्थ, सिद्धहस्त, सुघड़, सुघर, हिकमती, हुनरमंद, होशियार।
skilful, skilled, able, adept, adroit, dexterous, efficient, deft.

कुशल २ (पुं.) कुशलक्षेम, कुशलता, कुशल-मंगल, खैर, खैरियत, भलाई, मंगल, सलामती।

welfare, well-being, safety.

कुशलता(स्त्री.) कौशल, चतुराई, दक्षता, निपुणता, पटुता, प्रवीणता, महारत, माहिरी, विचक्षणता, विदग्धता, सिद्धि, होशियारी, हिकमत, हुनरमंदी।
skill, ardroitness, ability, dexterity, efficiency.

कुशाग्र-बुद्धि (वि.) गहरी पैठवाला, जहीन, तीक्ष्ण बुद्धि, धीमान, बुद्धिशील, बौद्धिक, मेधावी, विचक्षण, व्युत्पन्नमति, विदग्ध।
captain.
—२. नेता (दे.)

नारा (पुं.) जयकारा, जयघोष।
slogan.

नारियल (पुं.) खोपड़ा, खोपा।
coconut.

नाला (पुं.) गंदी नाली, नाबदान, पनाला, मोरी।
drain, sewer, gutter.

नाव (स्त्री.) कश्ती, नौका, बजरा।
boat.

नाश (पुं.) अंत, उन्मूलन, क्षय, खात्मा, तबाही, ध्वंस, बरबादी, प्रलय, बर्बादी, विध्वंस, विनाश, विलोप, संहार, समाप्ति, सर्वनाश।

destruction, annihilation, ruination, devastation.

नाशक (वि.) घातक, तबाही करनेवाला, नुकसानदेह, प्रलयंकर, प्रलयकारी, विघटनकारी, विनाशक, हानिकर, हानिकारक, हानिप्रद।
destructive, disastrous, calamitous, catastrophic.

नाशवान (वि.) अनित्य, अस्थायी, अस्थिर, कच्चा, कुड़कीला, क्षणभंगुर, क्षणिक, क्षयशील, नश्वर, भंगुर, भिदुर, भुरभुरा, विनश्य, विनश्वर, ह्रासमान।
perishable, destructible, brittle, frail, fragile, mortal, transient.

नाश्ता (पुं.) उपाहार, कलेवा, जलपान, प्रातराश।
breakfast, refreshment.

नासिक्य (वि.) नास्य।
nasal.

नासूर (पुं.) कैंसर, जहरबाद, ट्यूमर।
sinus, cancer, tumor.

नास्तिक (वि., पुं.) अविश्वासी, अधार्मिक, अनीश्वरवादी, नाखुदा, निरीश्वरवादी।
atheist, disbeliever, heathen, infidel, nonbeliever, unbeliever.

नास्तिकता (स्त्री.) अनीश्वरवाद, निरीश्वरवाद।
atheism.

निंदक (वि.) चुगलखोर, छिद्रान्वेषी, दोषदर्शी, दोषान्वेषक, दोषान्वेषी, पिशुन, लुतरा।
backbiter.

निंदनीय (वि.) कुत्सित, कुत्स्य, गर्हित, जघन्य, तिरस्करणीय, निंद्य, मरदूद।
censurable, contemptible, condemnable.

निंदा (स्त्री.) चुगली, चुगलखोरी, छिद्रान्वेषण, दोषदर्शन, पिशुनता, पैशुन्य, बुराई, मजम्मत, लुतराई।
backbiting, slander, censure.

निंदा करना (क्रिपद) चुगलखोरी करना, चुगली करना, दोष बतलाना, बुराई करना।
to backbite, to talk ill.

नि:स्वार्थ (वि.) नि:स्पृह।
selfless.

निकट[1] (क्रिवि.) करीब, नजदीक, पास, समीप।
near.

निकट[2] (वि.) आसन्न, करीबी, नजदीकी, निकटस्थ, पार्श्ववर्ती, पासवाला, बगलवाला, संलग्न, सन्निकट, समीपवर्ती, समीपस्थ, समीपी।
near, adjacent.

निकटता (स्त्री.) आसन्नता, करीबी, नजदीकी, नैकट्य, सन्निकटता, समीपता, सामीप्य।
nearness, adjacency.

निकम्मा (वि.) आलसी, कामचोर, निगोड़ा, निठल्ला।
idle, lazy, shirker, worthless.

निकाल देना (क्रिपद) जवाब दे देना, धक्का देना, निकाल बाहर करना, पदच्युत करना, बर्खास्त करना, बहिष्कृत करना, बाहर कर देना, सेवानिवृत्त करना।
to dismiss.

निगुरा (वि.) अदीक्षित।
uninitiated.

निचला (वि.) अध:स्थ, अधोवर्ती, निचौहाँ, निम्न, नीचेवाला।
low, lying low.

निचोड़ना (क्रि.) गारना।
to squeeze.

निडर (वि.) दिलेर, निधड़क, निर्भय, निर्भीक, बेधड़क, शेरदिल।
fearless, undaunted, lion-hearted.

नित्य (क्रिवि.) नित्यप्रति, नित्यश:, प्रतिदिन, बेनागा, रोज, रोज-रोज।
everyday, daily.

निथारना (क्रि.) आसवन करना, आसवित करना, चुआना, छानना, भभके से उतारना।
to distil.

निपटाना (क्रि.) तय करना, निपटारा करना, निबटाना, बरपटे करना, रफा-दफा करना, न्यारा-न्यारा करना, समाधान निकालना,

सुलझाना।
to dispose of, to settle.
निपटारा(पुं.) वारा-न्यारा, समाधान।
settlement.
निबंध(पुं.) पेपर, लेख, प्रबंध।
essay, treatise.
निभना(क्रि.) निभाव होना, निर्वाह होना, पटना, पटरी खाना, पटरी बैठना, बनना।
to pull on.
निमंत्रण(पुं.) आमंत्रण, आह्वान, दावत, न्योता, बुलावा, बुलाहट।
invitation.
निमंत्रण-पत्र(पुं.) नवेद।
invitation card.
निमंत्रित(वि.) आमंत्रित, आहूत।
invited.
निम्नलिखित(वि.) निम्नांकित, नीचे लिखा।
undermentioned, following.
नियंत्रण(पुं.) अंकुश, कंट्रोल, काबू, तहत, दमन, निग्रह, निरोध, रोकथाम, वश, वशीकरण, संयमन।
control, check, curb, restraint.
नियंत्रण करना(क्रिपद) काबू करना, काबू में लाना, नियंत्रित करना, निग्रह करना, रोकथाम करना, वशीभूत करना, संयमित करना।
to control, to put under control.
नियंत्रित(वि.) १. बस का, वशवर्ती, वशीभूत, वश्य।
controlled, brought under control.
–२. संयत (दे.)
नियत(वि.) तय, निर्धारित, निश्चित, पूर्वनिर्धारित, पूर्वनिश्चित, स्थिर।
prescribed, specified, allotted.
नियम(पुं.) अधिनियम, उसूल, कानून, कायदा, जाब्ता, दफा, धारा, विधि, शर्त, सिद्धान्त।
rule, law, term, clause, article.
नियमनिष्ठ(वि.) नियमपालक, नेमी, सिद्धान्तवादी, सिद्धांती।
(one) who observes rules.
नियमानुसार(क्रिवि.) कानून के अनुसार, कानूनी तौर पर, बाकायदा, यथानियम, यथारीति, विधिपूर्वक।
according to rule, according to law, lawfully.
नियमित(वि.) कानूनी, विधिक, वैध, सुव्यवस्थित।
lawful, legal, regular.
नियुक्त(वि.) नियोजित, तैनात, मुकर्रर।
appointed, posted.
नियोजक(पुं.) नियोक्ता।
employer.
निरंतर(वि.क्रिवि.) अटूट, अविच्छिन्न, अविरल, लगातार, संतत, सतत।
perpetual, continuous, constant, unbroken, unceasing, uninterrupted.
निरंतरता(स्त्री.) अविच्छिन्नता, अविरामता, सांतत्य, सातत्य।
continuity, continuation.
निरक्षरता(स्त्री.) जहालत।
illiteracy.
निरपराध(वि.) अकलुष, अघहीन, निरीह, निर्दोष, निष्कलंक, निष्पाप, पाकीज़ा, बेकसूर।
guiltless, innocent.
निरभिमान(वि.) गर्वहीन, दर्पहीन, निरहंकार।
prideless.
निरभ्र(वि.) खुला, निर्मेघ, मेघमुक्त, साफ।
cloudless.
निरस्त(वि.) निराकृत, रद, रद्द।
abrogated.
निरस्त्र(वि.) खाली हाथ, निःशस्त्र, निरस्त्रीकृत, निरायुध, निहत्था, बेहथियार, शस्त्रहीन।
unarmed, disarmed.
निराकार(वि.) अरूप, आकारहीन, आकृतिहीन, बेडौल, रूपहीन।
formless, shapeless.
निराधार(वि.) आधारहीन, निर्मूल, बेबुनियाद, मिथ्या।
baseless, unfounded, groundless.
निराश(वि.) आशाहीन, उदास,

उदासीन, खिन्न, कुंठाग्रस्त, नाउम्मीद, निरुत्साह, निरुत्साही, मग़मूम, मायूस, हताश, हतोत्साह।

disappointed, dejected, frustrated, dismayed.

निराश करना (क्रिपद) आशा पर पानी फेर देना, उत्साह भंग करना, खिन्न करना, दिल तोड़ देना, निरुत्साह करना, निरुत्साहित करना, हतोत्साह करना, हतोत्साहित करना।

to disappoint, to deject.

निराश होना (क्रिपद) आशा पर पानी फिर जाना, उत्साह भंग होना, उदासीन हो जाना, दिल टूट जाना, मन बुझ जाना, हतोत्साह होना, हतोत्साहित होना।

to be despaired.

निराशा (स्त्री.) उदासी, खिन्नता, कुंठा, नाउम्मीदी, निरुत्साह, नैराश्य, मायूसी, हताशा, हतोत्साह।

disappointment, despair, dismay, frustration.

निराशाजनक (वि.) उत्साहभंजक, मन तोड़नेवाला, हताशकारी।

disappointing, hopeless.

निरीक्षक (पुं.) इंस्पेक्टर, जाँचकर्ता, पड़ताल करनेवाला, पर्यवलोकन, पर्यवेक्षक, मुआयनाकर्ता, सर्वेक्षक।

inspector, supervisor.

निरीक्षण (पुं.) अधीक्षण, छानबीन, जाँच, जाँच-पड़ताल, देखरेख, पर्यवेक्षण, पर्यालोचन, मुआयना, सर्वेक्षण।

inspection, superintendence, survey, observation.

निरीह (वि.) अबोध, भोला, मासूम, सीधा।

innocent, guileless, harmless.

निरीहता (स्त्री.) अबोधता, भोलापन, मासूमियत, सिधाई, सीधापन।

innocence, harmlessness.

निर्जीव (वि.) निःसत्व, निष्प्राण, निस्तेज, प्राणहीन, बेजान, बेदम।

lifeless, without life, soulless.

निर्णय (पुं.) अधिनिर्णय, न्याय, पंचनिर्णय, पंचाट, फैसला, विवेचन।

decision, verdict, award, judgement.

निर्णायक (वि.) निश्चायक, विनिर्णायक, विनिश्चायक।

decisive, conclusive.

निर्दय (वि.) कठोर, क्रूर, खूँखार, जल्लाद, जालिम, दयाहीन, निर्दयी, निर्मम, निर्मोही, निष्करुण, निठुर, नृशंस, बर्बर, बेदर्द, बेदिल, बेरहम, पाशविक, मूजी, रक्तपिपासु, हिंसक, हिंसाप्रिय, हृदयहीन।

cruel, pitiless, merciless, ruthless, brutal.

निर्दयता (स्त्री.) बर्बरता, क्रूरता, दयाहीनता, निर्ममता, निष्करुणता, निठुरता, नृशंसता, बर्बरता, बेरहमी, हिंसाप्रियता, हृदयहीनता।

cruelty, mercilessness, ruthlessness, barbarity.

निर्दयतापूर्वक (क्रिवि.) क्रूरतापूर्वक, निर्ममता से, बेदर्दी से, नृशंसतापूर्वक, बर्बरतापूर्वक।

cruelly, mercilessly.

निर्दोष (वि.) अनघ, अनपराध, निरपराधी, निष्कलंक, निष्पाप, बेऐब, बेकसूर, बेगुनाह, बेदाग।

blameless, unblemished, innocent, guiltless, faultless, flawless.

निर्धन (वि.) अकिंचन, अभावग्रस्त, कंगाल, गरीब, टुकड़गदा, टुटपुंजिया, ठनठन गोपाल, दरिद्र, दिवालिया, दीन, धनहीन, नंगा-बूचा, नंगा-भूखा, फकीर, फटीचर, फटेहाल, मुफलिस, रंक, वित्तहीन।

moneyless, impoverished, poor, pauper, destitute, penniless, poverty-striken,

निर्धनता (स्त्री.) अकिंचनता, अभावग्रस्तता, कंगाली, गरीबी, दरिद्रता, दारिद्र्य, हीनता, दैन्य, फकीरी, फटेहाली, मुफलिसी।

poverty, pauperism, destitution, penury, pennilessness.

निर्धारण(पुं.) निश्चयन, विनिश्चयन।
fixation, determination.

निर्बाध(वि.) निर्विघ्न, निर्विरोध।
unobstructed, unrestricted.

निर्भर(वि.) अवलंबित, आश्रित, उपजीवी, परजीवी, परमुखापेक्षी, पराश्रित।
dependent, subsisting on others, parasitic.

निर्भरता(स्त्री.) अवलंबन, आश्रय, दारोमदार।
dependence.

निर्मल(वि.) १. खरा, खालिस, विशुद्ध, शुद्ध।
pure, clear.
—२. अकलंक, निर्दोष, निष्कलंक, निष्कलुष, बेदाग, विमल, साफ, साफ-सुथरा, स्वच्छ।
spotless.
—३. पवित्र (दे.)

निर्मलता(स्त्री.) अकलंकता, निर्दोषिता, निष्कलंकता, विमलता, शुद्धता, विशुद्धता, स्वच्छता।
spotlessness, purity.

निर्माण(पुं.) गठन, प्रणयन, बनाना, विधान, संगठन, संरचना, सर्जन, सृजन, सृष्टि।
construction, manufacturing, creation.

निर्माता(पुं.) उत्पादक, उत्पादनकर्ता, बनानेवाला, प्रणेता, रचनाकार, रचयिता।
creator, producer.

निर्मित(वि.) गठित, प्रणीत, बनाया हुआ, रचित, विनिर्मित, विरचित, संगठित, संरचित, संस्थापित, स्थापित।
constructed, manufactured, constituted.

निर्मोही(वि.) तोताचश्म, मोहशून्य।
cold-hearted, loveless.

निर्लज्ज(वि.) ढीठ, धृष्ट, बेगैरत, बेशर्म, बेहया, लज्जाहीन।
shameless, brazen-faced, unabashed.

निर्लज्जता(स्त्री.) ढिठाई, धृष्टता, बेशर्मी, बेहयाई।
shamelessness, brazen-facedness.

निर्वाह(पुं.) १. गुजर-बसर, गुजारा, निबाह, निभाव।
subsistence, maintenance, pulling on.
—२. पालन।
discharge.

निर्विवाद(वि.) असंदिग्ध, निर्भ्रम, भ्रमरहित, विवादरहित, संदेहरहित।
indisputable.

निलंबन(पुं.) मुअत्तली।
suspension.

निलंबित (वि.) मुअत्तल।
suspended.

निवारण(पुं.) निषेध, परिहार, प्रतिबंध, प्रतिरोध, रोकथाम।
prevention.

निविदा(स्त्री.) टेंडर।
tender.

निवृत्त (वि.) अवकाशप्राप्त, सेवानिवृत्त।
retired.

निवृत्ति(स्त्री.) छुट्टी, विरति, विराग, वैराग्य, सेवानिवृत्ति।
abstention, retirement.

निशाना(पुं.) लक्ष्य।
target, aim.

निशानी(स्त्री.) चिन्हानी।
mark, keepsake.

निश्चय(पुं.) इरादा, विनिश्चय, संकल्प।
determination., resolve.

निश्चय करना (क्रिपद) इरादा करना/बनाना, ठान लेना, प्रतिज्ञा करना, विनिश्चय करना, व्रत लेना, संकल्प करना।
to resolve.

निश्चयबद्ध(वि.) कृतसंकल्प, दृढ़मतिक, संकल्पित।
determined, resolved.

निश्चिंत(वि.) अलमस्त, चिंतारहित, बेफिक्र, बेफिकरा, मगन, मस्त, मस्तमौला, मस्ताना।
worriless, carefree.

निश्चिंतता (स्त्री.) बेफ़िक्री, मस्ती।
freedom from worry.

निश्चित (वि.) अटल, अवश्यंभावी, तैशुदा, दृढ़, ध्रुव, नियत, निर्णीत, निर्दिष्ट, निर्धारित, निश्चयात्मक, पक्का, पुष्ट।
certain, definite, settled.

निश्चितता (स्त्री.) निश्चयात्मकता, निश्चिति।
certainty, certitude, definiteness.

निश्चेष्ट (वि.) अक्रिय, जड़वत्, निष्क्रिय, स्थिर।
inactive, inert, motionless, still, static.

निषिद्ध (वि.) मना, वर्जित।
prohibited, forbidden.

निषेध (पुं.) १. निवारण, बंदी, मनाही, मुमानियत, रोक, वर्जन, वारण, हटक।
prohibition, ban, banning, forbiddance.
–२. प्रतिषेध (दे.)

निषेध करना (क्रिपद) प्रतिषेध करना, बरजना, मना करना, रोकना, रोक लगाना, वर्जन करना, वारण करना, हटकना।
to prohibit, to forbid.

निष्कपट (वि.) खरा, छलरहित, निर्मल-हृदय, निश्छल, निष्पाप, भोला, भोला-भाला, शुद्ध-हृदय, सच्चा, सरल, साफ़ दिल, सीधा, सीधा-सादा।
guileless, sincere, faultless, simple.

निष्कर्ष (पुं.) १. उपसंहार, खुलासा, निचोड़, सार, सारांश।
conclusion, summary.
–२. परिणाम (दे.)

निष्कलंक (वि.) अकलंक, अकलुष, अकलुषित, कलंकरहित, निष्कलुष, बेऐब, बेदाग, विमल।
blotless, stainless, unblemished, unspotted.

निष्काम (वि.) अकाम, कामनारहित, निःस्पृह, निरभिलाष।
without any desire, desireless.

निष्ठा (स्त्री.) वफ़ा, वफ़ादारी, विश्वसनीयता, विश्वस्तता, विश्वास, सदाशयता, स्वामि-भक्ति।
sincerity, faithfulness, reliability.

निष्ठावान (वि.) एकनिष्ठ, नमकहलाल, वफ़ादार, विश्वसनीय, विश्वस्त, सच्चा, स्वामिभक्त।
loyal, sincere, faithful, trusted, trustworthy.

निष्पत्ति (स्त्री.) निष्पादन, संपादन, सिद्धि।
accomplishment, completion.

निष्पन्न (वि.) निष्पादित, संपन्न, संपादित, सिद्ध।
accomplished, completed.

निष्प्रभ (वि.) निस्तेज, मंदवर्ण, फीका, हलका।
dim, dull, lusterless.

निष्प्रभावी (वि.) अप्रभावी, निष्फल, प्रभावहीन।
ineffective, unimpressive, useless.

निष्प्रयोजन (क्रिवि.) अकारण, बेमतलब, बेवजह, यों ही।
without any reason, without purpose.

निस्तेज (वि.) कांतिहीन, दीप्तिहीन, निष्प्रभ, फीका, बिना चमक का, बेआब, बेरंग, बेरौनक।
lusterless, lacklustre.

निस्संतान (वि.) निपूता (निपूती), निरबंसी, निर्वंश, बेऔलाद, विपुत्र।
issueless, childless.

निस्संदेह (क्रिवि.) अवश्य, ज़रूर, निःसंशय, निश्चित रूप से, बेशक, सचमुच।
doubtless.

निस्स्वार्थ (वि.) निस्पृह, बेलौस।
selfless.

नींद (स्त्री.) निद्रा, परिशयन, सुलाई, सुषुप्ति।
sleep, slumber.

नींव (स्त्री.) आधार, आधारशिला, जड़, बुनियाद, मूल।
foundation.

नीचतम (वि.) अधमाधम, बुरे से बुरा।
meanest, lowest.
नीचे (क्रिवि.) तले।
below, beneath.
नीति (स्त्री.) आचार, नय।
policy.
नीमहकीम (पुं.) कठवैद्य, छद्मवैद्य।
quack.
नीरस (वि.) अरोचक, फीका, बेमज़ा, बेस्वाद, रसहीन, रूखा सूखा, विरस, शुष्क, सारहीन।
dry, insipid, uninteresting.
नीरसता (स्त्री.) अरोचकता, फीकापन, रसहीनता, रूखता रुखाई, रूखापन, शुष्कता, स्वादहीनता।
tastelessness, insipidity.
नुकीला (वि.) तीक्ष्णाग्र, तीक्ष्णांत, नोकदार।
pointed.
नृत्यशाला (स्त्री.) नाचघर, नृत्यगृह।
dancing hall.
नेता (पुं.) अगुआ, अग्रणी, चौधरी, जननायक, नायक, पथप्रदर्शक, पेशवा, प्रधान, प्रमुख, मार्गदर्शक, मुखिया, मुख्य, रहनुमा, रहबर, लीडर, सरगना, सरदार।
leader, chief, pioneer.
नेतृत्व (पुं.) अगुआई, अगुआपन, अध्यक्षता, चौधराहट, चौधरीपन, नायकत्व, मुखियाई, रहनुमाई, सभापतित्व, सरदारी।
leadership, chiefship.
नैतिक (वि.) आचारसम्मत, आचारिक, नीतिसंगत।
ethical, moral.
नोक (स्त्री.) अनी, कोर।
point, tip.
नोचना (क्रि.) खरोंटना, खसोटना, बकोटना।
to claw, to pinch.
नौकर-चाकर (पुं.) अनुचरवर्ग, अनुचरवृंद, परिजन, सेवक-सेविकाएँ।
retinue.
नौकरशाह (पुं.) दफ़्तरशाह।
bureaucrat.
नौकरशाही (स्त्री.) अधिकारीतंत्र, दफ़्तरशाही।
bureaucracy.
नौकरानी (स्त्री.) कनीज़, चेटी, चेरी, दासी, परिचारिका, बाँदी, मेहरी, लौंडी, सेविका।
woman attendant.
नौकरी (स्त्री.) खिदमत, गुलामी, चाकरी, दा...ा, मज़दूरी, मुलाज़मत, सर्विस।
service.
नौसिखुआ (पुं.) नवछात्र, रंगरूट, शिशु।
novice.
न्याय (पुं.) इंसाफ।
justice.
न्यायसंगत (वि.) न्यायपूर्ण, न्यायोचित, समुचित।
fair, equitable, just.
न्यायालय (पुं.) अधिकरण, कचहरी, कोर्ट, न्यायाधिकरण।
court, tribunal.
न्यायी (वि., पुं.) न्यायकर्ता, न्यायपरायण, न्यायप्रिय, न्यायवान, न्यायशील।
just, justice-loving.
न्यास (पुं.) ट्रस्ट।
trust.
न्यासी (पुं.) ट्रस्टी, न्यासधारी।
trustee, fiduciary.
न्योता देना (क्रिपद) आमंत्रित करना, आहूत करना, आह्वान करना, निमंत्रण देना, निमंत्रित करना, न्योतना, बुलाना।
to invite.
पंक्ति (स्त्री.) अवली, कतार, ताँता, पंगत, पाँत, पाँति, लाईन, सतर, सरणी।
line, row, queue.
पंख (पुं.) पाँख, डैना, पक्ष, पर।
wing of a bird, pinion.
पंच (पुं.) निर्णायक, न्यायकर्ता, बिचवई, बिचौलिया, मध्यस्थ, विवाचक।
arbiter.
पंचभूत (पुं.) पंचतत्व।
the five primary elements—

earth, water, fire, air & ether.

पँचमेल(वि.) तरह-तरह का, प्रकीर्ण, मिला-जुला, विविध।
assorted.

पंजी(स्त्री.) बही, रजिस्टर।
register.

पंजीकृत(वि.) निबंधित, रजिस्टर्ड।
registered.

पंजीयन(पुं.) निबंधन, रजिस्ट्री करना, रजिस्ट्रेशन।
registration.

पंडित(पुं.) १. आचार्य, आलिम फ़ाज़िल, ज्ञानवान, ज्ञानी, प्रबुद्ध, बहुज्ञ, बहुश्रुत, मनीषी, वाचस्पति, विज्ञ, विदुषी(स्त्री.) विद्वान्, सुजान, सुधी।
learned person, scholar.

पकड़ (स्त्री.) गिरिफ्त, चंगुल, जकड़, पंजा, मुट्ठी, शिकंजा।
hold, grip, clutch.

पकड़ना(क्रि.) १. ग्रहण करना, दबोच लेना, थामना, धरना, धर लेना, धारण करना।
to hold.
–२. कैद करना, गिरफ्तार करना, हिरासत में लेना।
to arrest.

पकना(क्रि.) चुरना, परिपक्व होना, बनना, रँधना, सिद्ध होना, सीझना।
to be cooked, to ripe, to ripen.

पकाना(क्रि.) उबालना, चुराना, तैयार करना, बनाना, सिझाना, सिद्ध करना।
to cook, to prepare.

पक्का(वि.) १. दृढ़, पक्व, पुख्ता, पुष्ट, मजबूत।
strong, firm.
–२. शातिर।
confirmed.

पक्का चिट्ठा(पुं.) तलपट।
balance sheet.

पक्षपात(पुं.) तरफ़दारी, पक्षधरता, पूर्वग्रह।
partiality, favouritism, bias.

पक्षपातपूर्ण(वि.) इकतरफा, इकरुखा, भेदभावपूर्ण, विभेदक, विभेदकारी।
partial, biased, discriminatory, partisan, one-sided.

पक्षपाती(पुं.) तरफदार, पक्षधर।
partial, biased.

पक्ष-विपक्ष(पुं.) दोनों पक्ष।
the two parties or sides to a dispute.

पक्षाघात(पुं.) अंगघात, अधरंग, फ़ालिज, लकवा।
paralysis.

पक्षी (पुं.) खग, गगनचर, पंछी, पखेरू, परिंदा, विहंग, विहग।
bird.

पखवाड़ा(पुं.) पक्ष, पख, पाख।
fortnight.

पग(पुं.) कदम, डग।
step, footstep, pace.

पगड़ी(स्त्री.) पग्गड़, साफ़ा।
turban.

पचना(क्रि.) हज़म होना।
to be digested.

पचाना(क्रि.) हज़म करना।
to digest.

पच्चर(स्त्री.) फन्नी।
wedge.

पछताना (वि.) अनुताप करना, खेद व्यक्त करना, झींकना, दुखी होना, पश्चात्ताप करना, रोना, हाथ मलना।
to repent, to rue.

पछाड़ना(वि.) जमीन सुँघाना, धूल सुँघाना, पटक देना, पटकनी देना, पटकान देना, पराजित करना, मात देना, परास्त करना, हराना।
to knock down, to floor, to defeat.

पटरानी (स्त्री.) पट्टमहिषी, महारानी, सम्राज्ञी।
chief queen, queen consort.

पटरी (स्त्री.) पगडंडी, फ़ुटपाथ।
footpath, footway.

पटसन(पुं.) पटुआ।
jute.

पटाखा(पुं.) पटाका।
cracker.

पड़ाव(पुं.) मुकाम, [illegible]।
halt.
पड़ोस(पुं.) पारिपार्श्व, प्रतिवेश।
neighbourhood.
पड़ोस में(क्रिवि.) निकट ही, पास ही, प्रतिवेश में, बगल में, समीप में।
nearby, in neighbourhood.
पड़ोसी (पुं.) प्रतिवासी, प्रतिवेशी, हमसाया।
neighbour.
पढ़ाई(स्त्री.) अध्ययन, अनुशीलन, पठन, पढ़ना, स्वाध्याय।
reading, studying.
पतझड़(पुं.) खज़ाँ, शरत् काल, शरद् ऋतु।
autumn, fall.
पतन(पुं.) अधःपतन, अधःपात, अधोगति, अधोगमन, अपकर्ष, अवक्रमण, अवनति, कोटिच्युति, गिरावट, ज़वाल, तनज़्ज़ुली, निपात, पराभव, ह्रास।
fall,degradement, downfall, decline, degradation, demotion.
पतला(वि.) कृशकाय, क्षीणकाय, छरकीला, छरहरा, [illegible], पतला-दुबला, मरतनु, लकलक, सीकसिलाई, हड़ीला, हड्डियों का ढाँचा।
lean, lean and thin.
पतवार(स्त्री.) सुकान।
helm, rudder.
पता(पुं.) १. अता-पता, सरनामा, सुराग।
address, whereabouts.
–२. जानकारी, ज्ञान।
knowledge.
पति(पुं.) आदमी, खसम, खाविंद, दुल्हा, नाथ, पिय, पिया, प्राणनाथ, प्रियतम, बलम, भरतार, भर्ता, मनसेदू, मियाँ, वर, शौहर, सइयाँ, साजन, स्वामी, हृदयेश, हृदयेश्वर।
husband.
पतित(वि.) गिरा हुआ, च्युत, पदच्युत, पदस्खलित, भ्रष्ट।
degraded.
पतिव्रता(स्त्री.) धर्मपत्नी, सती, साध्वी।
faithful to the husband, chaste woman.
पत्ता(पुं.) दल, पंखुड़ी, पत्ती, पल्लव, पर्ण।
leaf.
पत्थर(पुं.) १. पाषाण, पाहन, प्रस्तर।
stone.
–२. उपल, ओला।
hail.
पत्नी(स्त्री.) औरत, गृहस्वामिनी, घरवाली, जोरू, दारा, धर्मपत्नी, बीवी, भार्या, मेहरारू, लुगाई, सहधर्मिणी, स्त्री।
wife.
पत्नीव्रती (पुं.) जोरू का गुलाम, बीवी का चाकर।
henpecked husband.
पत्र (पुं.) चिट्ठी, खत, पाती, पत्री, रुक्का, हुंडी।
letter.
पत्रहीन(वि.) दलहीन, निर्दल, निष्पत्र, पर्णरहित, बेपंखुड़ी।
leafless.
पत्राचार(पुं.) चिट्ठी-पत्री, पत्र-व्यवहार।
correspondence.
पत्रिका(स्त्री.) मैगज़ीन, रिसाला।
periodical, magazine, journal.
पथराव (पुं.) ढेलेबाज़ी, पथरबाज़ी।
pelting with stones.
पद(पुं.) ओहदा, दर्जा, पदवी, मर्तबा, रुतबा, स्थिति, हैसियत।
post, rank, designation.
पदक(पुं.) तकमा, तगमा, मैडल।
medal.
पदचाप(स्त्री.) आहट, पगध्वनि।
sound of footstep, footfall.
पदचिह्न (पुं.) चरणचिह्न।
foot-print.
पदच्युत(वि.) नौकरी से निकाला हुआ, बर्खास्त, सेवामुक्त।
dismissed.
पदच्युत करना(क्रि.स.) काम से हटाना, निकाल देना, बर्खास्त करना, पद से हटाना।
to dismiss.
पदच्युति(स्त्री.) बर्खास्तगी।

dismissal.

पददलित (वि.) दलित, पामाल, प्रपीड़ित।
downtrodden, oppressed, subjugated.

पद-योजना (स्त्री.) शब्द-विन्यास।
wording.

पदवी (स्त्री.) अलंकरण, खिताब, लकब।
title.

पदासीन (वि.) पदारूढ़।
occupying an office.

पनपना (क्रि.) उभड़ना, खिलना, चमक उठना, फलना-फूलना, बढ़ना, लहलहाना, विकसित होना, संपन्न होना, समृद्ध होना, सरसना, हरा-भरा होना।
to flourish, to thrive, to prosper.

पन्ना[1] (पुं.) पृष्ठ, पेज, वरक, सफा।
page.

पन्ना[2] (पुं.) मरकत।
emerald.

पनीर (पुं.) चीज़, छेना।
cheese.

परंतु (योजक) किंतु, पर, मगर, लेकिन, वरंच।
but.

परंपरा (स्त्री.) अनुक्रम, अभिसमय, क्रम, कायदा, चलन, चाल, तौर-तरीका, दस्तूर, परिपाटी, प्रथा, बंधान, बंधेज, रस्म, रस्म-रिवाज, रिवाज, रीति, रीति-रिवाज, रूढ़ि, लोकाचार, सिलसिला।
tradition, custom, practice, convention.

परंपरागत (वि.) गतानुगतिक, प्रथागत, पारंपरिक, पारंपरीण, प्रथागत, रस्मी, रूढ़, रूढ़िगत, रिवाजी, रूढ़िमत, रूढ़िवादी।
traditional, conventional, customary.

परंपरावादी (वि.) दकियानूस, रूढ़िवादी।
conventionalist, stick-in-the-mud.

परखना (क्रि.) कसना, कसौटी पर कसना, जाँचना, ठोक-बजाकर देखना, निकष पर चढ़ाना, परीक्षण करना, परीक्षा करना, शोधना।
to test, to examine.

परचना (क्रि.) घनिष्ठता हो जाना, घी-खिचड़ी होना, दोस्ती हो जाना, मित्रता हो जाना, मैत्री हो जाना, रक्त-शक्त होना, रल-मिल जाना, हिल-मिल जाना।
to be familiarised, to be acquainted.

परचा (पुं.) १. प्रश्नपत्र।
question paper.
–२. रुक्का।
chit, note.

परजीवी (वि.) टुकड़खोर, टुकड़तोड़, मुफ्तखोर, मुफ्तखोरा।
parasite.

परत (स्त्री.) तह।
layer, fold.

परदा (पुं.) १. आड़, ओट, पट, यवनिका।
screen.
–२. घूँघट।
veil, purdah.
–३. आवरण, आच्छादन।
cover, covering.

परदादा (पुं.) पड़दादा, पितामह।
grandfather.

परदानशीन (वि. स्त्री.) घूँघट करनेवाली, परदे में रहनेवाली।
(a woman) who observes purdah.

परम (वि.) १. केवल, निरपेक्ष, परिशुद्ध, पूर्ण।
–२. सर्वोच्च, सर्वोपरि।
absolute.

परसना (क्रि.) खाना लगाना, थाली लगाना, पत्तल लगाना, परोसना।
to dish up, to serve.

परस्पर (क्रिवि.) आपस में।
mutually.

परस्पर-विरुद्ध (वि.) उलटा, अंतर्विरोधी, असंगत।
contradictory.

पराकाष्ठा (स्त्री.) चरमबिंदु, चरमावस्था, चरमोत्कर्ष, चूड़ांत।
ultimate stage.

पराजय (स्त्री.) असफलता, पराभव, मात, विफलता, शिकस्त, हार।
defeat.

पराजित (वि.) असफल, आक्रांत, पराभूत, परास्त, वशीभूत, विजित, विफल, हारा हुआ।
defeated, vanquished, subjugated.

पराधीन (वि.) अधीन, परतंत्र, परमुखापेक्षी, परवश, परावलंबी, पराश्रित।
dependent, under subjection, subservient.

पराधीनता (स्त्री.) अधीनता, परतंत्रता, परवशता, पराश्रय।
dependence.

परामर्श (पुं.) मंत्रणा, मशविरा, राय, विचार-विमर्श, विमर्श, सलाह।
consultation, counsel, advice.

परामर्श करना (क्रिपद) मंत्रणा करना, मशविरा करना, राय करना, राय लेना, विचार-विमर्श करना, विमर्श करना, सलाह करना।
to consult.

परामर्शदाता (पुं.) मंत्रणाकार, सलाहकार।
adviser, counsel, consultant.

पराया (वि.) अन्य, गैर, दूसरा, परकीय, बेगाना, विजातीय, विदेशी।
other, other's, alien.

परिक्रमा (स्त्री.) घुमाई, चक्कर, चक्र, परिक्रमण, फेरी, भाँवर।
going around, revolution.

परिचय (पुं.) जानकारी, जान-पहचान, पहचान, वाकफियत।
introduction, acquaintance.

परिचित (वि.) चिरपरिचित, जान-पहचानी, जाना-पहचाना, ज्ञात, वाकिफ़, विदित।
acquainted, known.

परिणाम (पुं.) अंजाम, अंत, नतीजा, निष्पत्ति, परिणति, प्रभाव, फल, रिजल्ट, हश्र।
result, consequence, conclusion, effect, influence, outcome.

परित्यक्त (वि.) उत्सृष्ट, छोड़ा हुआ, त्यक्त, बिछुड़ा हुआ।
forsaken, abandoned, dropped, discarded.

परिधान (पुं.) कपड़ा (बहु.) पहनने के कपड़ा, पोशाक, पहनावा, लिबास, वर्दी, वसन, वस्त्र।
clothes, costume, garment.

परिपत्र (पुं.) गश्ती चिट्ठी।
circular.

परिमाण (पुं.) तौल, नाप, परिमाप, मात्रा, माप, राशि।
quantity, magnitude.

परिमाणात्मक (वि.) मात्रात्मक।
quantitative.

परिवर्तन (पुं.) १. उथल-पुथल, उलट-फेर, तबदीली, फेरफार, बदलाव, बदली, बदलीअल, रद्दोबदल, रूपांतर, विकार, विकृति, संक्रमण, हेर-फेर।
change, alteration, modification, shift, variation, catastrophe, transition.

परिवर्तनशील (वि.) अस्थिर, परिवर्तनकारी, बदलनेवाला, विकारी।
changing.

परिवर्तनीय (वि.) परिवर्त्य, बदलने योग्य।
changeable.

परिवर्तित (वि.) परिणत, बदला हुआ, रूपांतरित।
changed, transformed.

परिवार (पुं.) कुटुंब, कुनबा, कुल, खानदान, गोत्र, घराना, वंश।
family, clan, tribe.

परिवारवाद (पुं.) कुनबापरस्ती, बंधुपोषण, भाई-भतीजावाद।
nepotism.

परिवेश (पुं.) परिप्रेक्ष्य, परिस्थिति, पर्यावरण, वातावरण, माहौल, वातावरण, हालात।

surroundings, circumstances.

परिश्रम (पुं.) अध्यवसाय, आयास, उद्यम, उद्योग, चेष्टा, तरद्दुद, प्रयत्न, बेगार, बेगारी, मशक्कत, मेहनत, मेहनत-मजदूरी, यत्न, लेबर, श्रम, श्रमशीलता।
labour, hard work, toil perseverance, exertion, forced labour.

परिश्रम करना (क्रिपद) अध्यवसाय करना, उद्यम करना, उद्योग करना, खटना, खपना, चेष्टा करना, जान लड़ाना, जान झोंक करना, मरना-खपना, मशक्कत करना, मेहनत करना, मेहनत-मजदूरी करना, श्रम करना।
to labour, to work hard, to toil.

परिश्रमी (वि.) अध्यवसायी, उद्यमी, उद्योगशील, उद्योगी, ऊर्जस्वी, कर्मठ, कर्मण्य, कर्मनिष्ठ, जाँगरतोड़, परिश्रमशील, मशक्कती, मेहनती, श्रमशील।
industrious, diligent energetic, painstaking.

परिषद् (स्त्री.) जमैयत, निकाय, निगम, परिषद, बोर्ड, सभा, समिति।
council, board, corporation.

परिष्कृत (वि.) परिमार्जित, परिशोधित, शोधित, संस्कृत, संशोधित।
refined, purified.

परिसीमन (पुं.) हदबंदी।
circumscription.

परिहार (पुं.) निवारण, निराकरण, परिवर्जन, वर्जन।
avoidance, evasion.

परिहार्य (वि.) निवार्य, वर्जनीय, वर्ज्य।
avoidable.

परी (स्त्री.) अप्सरा, देवकन्या, देवबाला, देवांगना, हूर।
fairy, nymph, elf.

परीक्षा (स्त्री.) आज़माइश, इम्तहान, जाँच, ट्रायल, परख, परीक्षण।
examination, test, trial.

परीक्षित (वि.) आज़माया हुआ, आज़मूदा, जाँचा-परखा, परखा हुआ।
examined, tested, tried.

परेशान (वि.) १. व्यग्र, खिन्न, दुखी, पीड़ित।
embarrassed, vexed, harassed.
–२. विकल (दे.)

परेशान करना (क्रिपद) कोंचना, खिझाना, तंग करना, चिढ़ाना, छेड़छाड़ करना, छेड़ना, झुलाना, तंग करना, दिक करना, दुखी कर देना, नचाना, नाकों दम कर देना, रुलाना, सताना।
to harass, to tease.

परेशानी (स्त्री.) दुश्वारी, तरद्दुद, दिक्कत, बाधा, रुकावट, विघ्न, साँसत, सिर-दर्द।
difficulty, hardship, botheration, headache.

पर्याप्त (वि.) काफ़ी, काम चलाऊ, काम भर का, प्रचुर, बहुत, यथेष्ट, यथोचित।
enough, sufficient, adequate, ample.

पर्याप्तता (स्त्री.) प्राचुर्य, यथेष्टता।
sufficiency.

पर्याय (वि., पुं.) एकार्थक, तदर्थी, पर्यायवाचक, पर्यायवाची, विकल्प, समानक, समानार्थक, समानार्थी।
adj. having the same essential meaning; n. synonym.

पर्वतमाला (स्त्री.) पर्वत-श्रेणी।
mountain chain.

पल (पुं.) क्षण, घड़ी, मिनट, लमहा, सैकंड।
moment, instant.

पलक (स्त्री.) पपोटा।
eyelid.

पल्ला (पुं.) १. दामन, पल्लू।
the skirt of a garment.
–२. पलड़ा।
scalepan.
–३. घूँघट (दे.)

पवित्र (वि.) पाक, पाकीज़ा, पारसा, पावन, पुनीत, मुकद्दस, शुचि, सात्विक।
holy, sacred.

पवित्रता (स्त्री.) पारसाई, पावनता, पुनीतता, शुचिता, सात्विकता।
sacredness, holiness, sanctity.

पशु(पुं.) चतुष्पद, चौपाया, जंतु, जानवर, जीव, जीव-जंतु, डंगर, ढोर, प्राणी, मवेशी, हैवान।
animal, beast, cattle.

पशुता(स्त्री.) जानवरपन, पशुप्रवृत्ति, हैवानियत।
beastliness, beastiality.

पश्चप्रभाव(पुं.) अनुप्रभाव।
after-effect.

पश्चात्ताप(पुं.) अनुताप, अफसोस, खेद, ग्लानि, दुख, पछतावा, मनस्ताप, मनोव्यथा, मलाल।
remorse, repentance, rue, compunction.

पश्चिम(पुं.) मगरब।
West.

पश्चिमी(वि.) पछवाँ, पछौंही, पाश्चात्य, मगरिबी।
Western.

पसीना(पुं.) प्रस्वेद, श्रमकण, श्रमजल, श्रमसीकर, सितली, स्वेद।
sweat, perspiration.

पहचान(स्त्री.) अभिज्ञान, जानकारी, परख, शिनाख्त।
identification, identity.

पहचानना(क्रि.) चीन्हना, चीन्ह लेना, पहचान लेना।
to recognise.

पहनना(क्रि.) कस लेना, चढ़ा लेना, धारण करना, बाँध लेना।
to wear.

पहर(पुं.) प्रहर, याम।
a three-hour period.

पहरा(पुं.) गश्त, चौकीदारी, पहरेदारी।
patrol.

पहरेदार(पुं.) चौकीदार, पहरुआ, प्रहरी।
watchman.

पहल(स्त्री.) आरंभ, उपक्रम, प्रारंभ, शुरुआत, समारंभ।
begining, initiative.

पहलवान(पुं.) अखाड़ैत, अखाड़िया, मल्ल, कुश्ती लड़नेवाला।
wrestler.

पहला(वि.) अव्वल, आदि, पहलौठा, प्रथम, मूल।
first.

पहले(क्रिवि.) आगे, उन दिनों, उस ज़माने में, पुराने ज़माने में, पूर्वकाल में।
in olden days, in olden times.

पहले-पहल (क्रिवि.) आरंभ में, प्रारंभ में, शुरुआत में, शुरू में, शुरू-शुरू, सबसे पहले।
first of all, in the beginning.

पहाड़(पुं.) कोह, गिरि, नगपति, पर्वत, पहाड़ी, भूधर, महिधर।
mountain, hill.

पहिया(पुं.) चक्का, चक्र, चाक।
wheel.

पहुँच(स्त्री.) १. अधिगम, पैठ, प्रवेश, रसाई।
access, reach.
—२. पावती, रसीद।
acknowledgement.

पहेली(स्त्री.) उलझन, गुत्थी, गोरखधंधा, प्रश्नोत्तरी, बुझौवल, प्रहेलिका, समस्या।
riddle, puzzle, problem.

पांडित्य(पुं.) काबलियत, ज्ञान, पंडिताई, योग्यता, विद्वत्ता।
scholarship, erudition.

पांडित्यपूर्ण(वि.) विद्वत्तापूर्ण।
scholarly.

पाक्षिक(वि.) द्विसाप्ताहिक।
bi-weekly.

पाखंड(पुं.) १. आडंबर, ढकोसला, ढोंग, दिखावा, मिथ्याचार, बकवृत्ति।
hypocrisy.

पाखंडी(वि.पुं.) १. आडंबरी, ढकोसलेबाज़, ढोंगी, मिथ्याचारी, बगुला-भगत।
hypocrite.
—२. धूर्त (वि.)

पागल(वि.पुं.) उन्मत्त, औघड़, जुनूनी, झक्की, दीवाना, पगला, बावरा, बावला, बौरहा, विक्षिप्त, विभ्रांत, सनकी, सिड़ी, सिरफिरा, सौदाई, हतबुद्धि।
mad, insane, deranged, frantic, lunatic.

पागलपन (पुं.) उन्मत्तता, उन्माद, औघड़पन, चित्तविभ्रम, जुनून, झक्क, दीवानगी, विक्षिप्तता।
madness, insanity, mania, craziness.

पाचक (वि.) हाजमेदार।
digestive.

पाचन (पुं.) पचाव, पाचनशक्ति, हाज़मा।
digestion.

पाठ (पुं.) १. अध्याय, सबक।
lesson.
–२. परायण, प्रपठन।
reading.

पाठक (पुं.) पढ़नेवाला, वाचक।
reader.

पाठ्यक्रम (पुं.) कोर्स, पाठचर्या।
course, curriculum.

पाताल (पुं.) अधोलोक, पाताललोक, प्रेतलोक, यमलोक।
underworld, nether world, hell, hades.

पातिव्रत्य (पुं.) सतीत्व।
faithful devotion to one's husband.

पात्र (वि.) १. अधिकारी, भाजन, सत्पात्र, हकदार।
eligible, worthy, deserving.
–२ चरित्र।
character.

पात्रता (स्त्री.) ग्राह्यता, योग्यता, वांछनीयता।
eligibility.

पाद (पुं.) १. चतुर्थांश, चरण।
one-fourth part, quadrant.
–२ ठुसकी।
wind from bowels.
–३. पैर (दे.)

पाद-टिप्पणी (स्त्री) तलटीप।
foot-note.

पाना (क्रि.) उपलब्ध होना, उपार्जन होना, उपार्जित होना, प्राप्त होना, मिलना, ले लेना, हस्तगत होना।
to receive, to get, to obtain, to earn.

पाप (पुं.) अधर्म, गुनाह, पातक, दुष्कर्म, पापकर्म, पापाचार।
sin, unrighteousness.

पापी (वि., पुं.) अधर्मी, गुनाहगार, दुष्कर्मी, पातकी।
sinful, sinner.

पाया (पुं.) टाँग, पावा।
leg of a cot, chair etc.

पारखी (पुं.) कद्रदान, जौहरी।
conr ›eur, assayer.

पारदर्शक (वि.) पारदर्शी।
transparent.

पारस्परिक (वि.) अन्योन्य, आपस का, आपसदारी का, आपसी।
mutual.

पारस्परिकता (स्त्री.) आत्मीयता, आत्मीयभाव, आपसी संबंध, घनिष्ठता, मेलजोल।
mutuality.

पारिवारिक (वि.) कुलागत, कौटुंबिक।
familial.

पारिश्रमिक (पुं.) प्रतिफल, मजदूरी, मानदेय, मेहनताना।
remuneration.

पार्वती (स्त्री.) अंबिका, अपर्णा, उमा, गिरिजा, गिरिसुता, गौरा, गौरी, दक्षसुता, भवानी, शंकरी, शिवा, शैलकुमारी, शैलजा, शैलपुत्री।
wife of Lord Shiva.

पालक (पुं.) परवर, पालनकर्ता, पालनेवाला, पोषक, प्रतिपालक, लालन-पालन करनेवाला।
one who maintains.

पालतू (वि.) गृह्य, पाला हुआ, पालित।
domestic, tame.

पालन (पुं.) १. अनुरक्षण, परवरिश, पालन-पोषण, पोषण, भरण-पोषण, रक्षण, संवर्धन।
maintenance.
–२. अनुपालन, अनुसरण, निर्वहण, निर्वाह, परिपालन, प्रतिपालन।
observance, compliance.

पालना (क्रि.) १. पालन करना,

पालन-पोषण करना, पालना-पोसना, भरण-पोषण करना, पोषण करना, संवर्धन करना।
to maintain, to bring up.
–२. अदा करना, तामील करना, पालन करना, प्रतिपालन करना, बजा लाना।
to discharge, to observe, to fulfil.

पावस (पुं.) बरसात, मानसून।
monsoon.

पाशविक (वि.) जानवराना, जानवरों-जैसा, हैवानी।
beastly, brutal.

पाशविकता (स्त्री.) जानवरपन, पशुता, हैवानियत।
beastliness, beastiality, brutality.

पासंग (पुं.) धड़ा, पसंगा।
counterbalance.

पिंजरा (पुं.) कफस।
cage.

पिघलना (क्रि.) गलना, टघरना, द्रवित होना, द्रवीभूत होना, पसीजना।
to melt, to liquify.

पिछलग्गू (पुं.) अनुगामी, अनुयायी, जीहुजूर, दुमछल्ला, पिट्ठू, पुछल्ला।
stooge, yesman.

पिछला (वि.) अतीत, गत, गुजरा हुआ, परवर्ती, पश्चवर्ती, पीछे का, पहले का, पूर्ववर्ती, बाद का, बीता हुआ, बादवाला, व्यतीत।
back, last.

पिता (पुं.) अब्बा, जनक, जन्मदाता, तात, पापा, पैदा करनेवाला, प्रजनक, बाप, बापू, बाबुल, बाबू, भापा, वालिद।
father, progenitor, breeder.

पित्ती (स्त्री.) अम्हौरी।
prickly heat.

पिरोना (क्रि.) गूँथना, पोहना।
to thread.

पिस्तौल (स्त्री.) कट्टा, तमंचा, रिवाल्वर।
revolver.

पीछा करना (क्रिपद) अनुसरण करना, अनुगमन करना, पीछे पीछे जाना, खदेड़ना।
to chase, to run after.

पीछा छुड़ाना (क्रिपद) छूट छुड़ाना, जान बचाना, पिंड छुड़ाना, निस्तार पाना।
to get rid of.

पीछे (वि.) १. उपरान्त, तदनंतर, तदुपरान्त, पश्चात, फिर, बाद में, बाद को।
after, afterwards.
–२. पिछवाड़े, पीछे की ओर।
behind.

पीछे मुड़ना (क्रिपद) पलटा खाना, पश्चगमन करना, लौटना, वापस आना।
to return, to relapse.

पीछे हटना (क्रिपद) पश्चगमन करना, प्रत्यावर्तन करना, मोर्चा छोड़ना, वापस आना/होना।
to retreat.

पीठ ठोंकना (क्रिपद) थपकी देना, पीठ सहलाना, शाबाशी देना।
to pat on the back.

पीड़ा (स्त्री.) कचोट, कष्ट, कसक, टीस, तकलीफ़, तड़पन, दर्द, पीर, मर्मवेदना, मर्मव्यथा, यातना, वेदना, व्यथा, शूल, साँसत, हूक, हुड़क।
pain, ache, pang, grief, distress.

पीड़ा होना (क्रिपद) कसक उठना/होना, चमकना, टपकना, टीसना, दर्द उठना/होना/करना, दुखना, वेदना होना, व्यथा होना, शूल होना, हूक उठना/होना/करना।
to ache.

पीड़ित (वि.) दुखित, दुखी, व्यथित, शोकार्त, संतप्त, सताया हुआ।
distressed, afflicted.

पीढ़ी (स्त्री.) पुश्त।
generation.

पीना (क्रि.) १. आचमन करना, गटकना, घूँटना, घूँट भरना, ओंट जाना, पान करना, सुड़कना।
to drink, to quell.
–२. चिचोड़ना।
to suck.

पीला (वि.) १. केसरिया, चंपई, जर्द, पीत,

बसंती, भगवा।
yellow.
–२. कांतिहीन, जर्द, निस्तेज, बेआब, बेनूर, विवर्ण।
without shine.
पीसना(क्रि.) कूटना, घोटना, चूर्ण करना, दरना, दलना, बूकना।
to ground, to pestle.
पुकार(स्त्री.) १. गुहार, गोहार, टेर, दुहाई, पुकार, हाँक।
call.
–२. प्रार्थना (दे.)
पुकारना(क्रि.) आवाज देना, आह्वान करना, गोहराना, हाँकना, बुलाना, ललकारना, हाँक मारना, हाँक लगाना।
to call.
पुच्छल तारा(पुं.) झाड़ूतारा, दुमदार तारा, धूमकेतु।
comet.
पुच्छविहीन(वि.) बंडा, बेदुम, लुंडा।
tailless.
पुजारी(पुं.) अर्चक, आराधक, उपासक।
worshipper.
पुण्यतिथि(स्त्री.) उर्स, बरसी।
death anniversary.
पुत्र(पुं.) आत्मज, कुमार, छोकरा, छोरा, जातक, तनय, तरैला, पूत, बेटा, लड़का, लौंडा, सुत।
son.
पुत्री(स्त्री.) आत्मजा, कन्या, तनया, दुहिता, धी, पुत्रिका, बेटी, बिटिया, लड़की।
daughter.
पुनः(क्रिवि.) आरंभ से, दोबारा, नये सिरे से, पुनि, बहुरि, फिर से।
again, afresh.
पुनः पुनः(क्रिवि.) फिर फिर, घूम-फिर कर, पुनि-पुनि, बार-बार।
again & again.
पुनर्जागरण(पुं.) नवचेतना, नवजागरण, पुनरुत्थान।
renaissance.
पुनर्विचार (पुं.) पुनरीक्षण।
review.
पुरवा(पुं.) चुक्कड़।
an earthen cup.
पुरस्कार(पुं.) इनाम, दक्षिणा, पारितोषिक, प्रतिफल, मानदेय।
reward, honorarium.
पुराना(वि.) १. आदिकालीन, आदिम, आद्य, आर्ष, इतिहासपूर्व, कदीम, चिरंतन, पुराकालीन, पुरातन, पूर्वकालिक, पूर्वकालीन, पौराणिक, पौरातनिक, प्राक्कालीन, प्राक्तन, प्राचीन, वैदिक, सनातन।
old, ancient, antiquated.
–२. गया-बीता, घिसा-पिटा, जीर्ण, दिनी, घराऊ, रखा-पड़ा।
old but in bad shape.
पुराविद्(पुं.) पुरातत्त्वविद्।
antiquarian.
पुरोहित(पुं.) ग्रंथी, पंडा, पादरी, पाधा, पुरोधा, याजक।
priest.
पुर्जा(पुं.) १. चिट, पर्चा, पर्ची, पुर्जी, रुक्का।
chit.
–२. नुस्खा।
prescription.
पुल(पुं.) ब्रिज, सेतु।
bridge.
पुलिंदा(पुं.) गठरी, पूला, पोटली, बंडल।
bundle.
पुष्टि(स्त्री.) तसदीक, पुष्टिकरण, संपुष्टि।
confirmation.
पुष्पवाटिका(स्त्री.) पुष्पोद्यान, फुलवारी।
flower-garden.
पुष्पित(वि.) कुसुमित, खिला हुआ, प्रस्फुटित, विकसित।
flowered, blossomed.
पुस्तक(स्त्री.) किताब, कृति, ग्रंथ, पोथा, पोथी, रचना।
book.
पुस्तकालय(पुं.) ग्रंथालय, लाइब्रेरी, वाचनालय।
library.
पुस्तिका(स्त्री.) गुटका, गुटिका।

handbook.

पूँछ (स्त्री.) दुम।
tail.

पूँजी (स्त्री.) जमा, जमा-पूँजी, रकम, राशि, सत, लेई-पूँजी, सोंठी।
capital, amount.

पूँजीपति (पुं.) धनकुबेर, सरमायेदार।
capitalist.

पूछताछ (स्त्री.) छानबीन, जाँच-पड़ताल, तफतीश, तहकीकात, परिपृच्छा, परिप्रश्न, पूछापाछी।
enquiry, interrogation, questioning, investigation.

पूछताछ करना (क्रिपद) जानकारी प्राप्त करना, दरियाफ्त करना, पूछना।
to enquire.

पूछनेवाला (पुं.) धनी-धोरी, पुरसाहाल, वली-वारिस।
enquirer.

पूजना (क्रि.) अर्चन करना, अर्चना करना, आराधन करना, आराधना, उपासना करना, पूजा करना।
to worship, to adore.

पूजा (स्त्री.) अर्चन, अर्चना, आराधन, आराधना, इबादत, उपासना, परिसेवन, पूजन, भक्ति, सेवा।
worship, adoration.

पूजित (वि.) अर्चित, आराधित।
worshipped.

पूज्य (वि.) १. अर्चनीय, आराध्य, उपासनीय, उपास्य, पूजनीय।
fit to be worshipped.
—२. आदरणीय (वि.)

पूरक (वि.) अनुपूरक।
complementary, supplementary.

पूरा (वि.) १. परिपूर्ण, पूर्ण, फुल, भरा, भरापूरा, मुँहामुँह, लबालब।
full, full to the brim.
—२. अखिल, निखिल, मुकम्मल, सकल, संपूर्ण, समस्त, समूचा, सर्वांगीण, सारा।
whole, entire.
—३. अक्षत, मुकम्मल, साबुत, संपूर्ण।
complete.
—४. कतई, निपट।
all, total.

पूरा करना (क्रिपद) कार्यान्वित करना, पूर्ण करना, संपन्न करना, संपादित करना, समाप्त करना, सिरे चढ़ाना।
to fulfil, to accomplish, to discharge, to carry out, to execute, to perform.

पूरा पड़ना (क्रिपद) अटना, काफी होना, पर्याप्त होना, यथेष्ट होना।
to suffice, to be enough.

पूर्णता (स्त्री.) परिपूर्णता, संपूर्णता, समग्रता, समस्तता।
fulness, completeness.

पूर्ति (स्त्री.) प्रदाय, संभरण।
supply.

पूर्व (पुं.) पूरब, मशरिक।
East.

पूर्वाग्रह (पुं.) तअस्सुब, विधारणा।
prejudice, bias.

पूर्वज (पुं.) बाप-दादा, पितर, पुरखे।
ancestors, manes.

पूर्ववर्ती (वि.) पहले का, पूर्वकालीन, पूर्वगत, पूर्वगामी, प्राक्, प्राग्भूत।
antecedent.

पूर्वी (वि.) पूरबी, पौर्वात्य।
Eastern.

पृथ्वी (स्त्री.) जमीन, धरती, मही, वसुंधरा, वसुधा, विश्वंभरा।
land, earth.

पेंग (स्त्री.) झूँटा।
swing.

पेउस (पुं.) पीयूष, पेऊसी, पेवस, फेनस।
colostrum.

पेचीदगी (स्त्री.) उलझन, उलझाव, कसाला, गुत्थी, घुमाव, घुमाव-फिराव, झमेला, पेच, पेचीलापन।
complexity, intricacy.

पेचीदा (वि.) उलझावदार, कसाले का, घुमावदार, चक्करदार, जटिल, झमेले का, टेढ़ा-मेढ़ा, पेचीला।
complicated, intricate, complex,

circumlocutory.

पेट (पुं.) आमाशय, उदर, कुक्षि, जठर, तोंद, पाकस्थली, मेदा, लाद।
abdomen, stomach, belly.

पेटी (स्त्री.) कमरबंद, पेटिका, पेशबंद।
belt, commerbund, girdle.

पेटू (वि.) अत्याहारी, अन्न का दुश्मन, उदरपिशाच, खाऊ, भाऊघप, बहुभक्षी, भुक्खड़, मरभुखा।
voracious, gluttonous.

पेटूपन (पुं.) खाऊपन, ठूँसाव, भुक्खड़पन।
glutton y., voraciousness.

पेड़ (पुं.) तरु, दरख्त, द्रुम, विटप, विद्रुम, वृक्ष।
tree.

पेशगी (स्त्री.) अग्रिम, अग्रिम धन।
advance, earnest money.

पेशा (पुं.) काम, काम-धंधा, धंधा, रोजगार, व्यवसाय, व्यापार।
profession, occupation, business, calling.

पैतृक (वि.) आनुवंशिक, खानदानी, जद्दी, पुश्तैनी, बाप-दादा का, मौरूसी, वंशपरम्परागत, वंशागत।
ancestral, hereditary.

पैना (वि.) अकुंठ, चोखा, तीक्ष्ण, तेज, धारदार, नुकीला, नोकदार।
sharp, pointed.

पैर (पुं.) गोड़, चरण, पाँय, पाँव, पैयाँ।
foot.

पोशाक (स्त्री.) ड्रेस, पहनावा, बाना, भेस, लिबास, वर्दी, वेश।
uniform, dress, costume.

पौधा (पुं.) क्षुप, पादप, बिरवा, विटप।
plant.

पौरुष (पुं.) १. नरत्व, पुंस्त्व, पुरुषत्व, पुरुषार्थ, मर्दानगी।
manhood, manliness, virility.
–२. वीरता (दे.)

पौष्टिक (वि.) पुष्टिकारक, पोषक, पोषणशील, शक्तिवर्धक, स्वास्थ्यवर्धक।
nutritive, nutritious.

प्यार-भरा (वि.) अनुरागमय, प्रीतियुक्त, स्नेहपूर्ण।
full of love.

प्यारा (वि.) अजीज, अनुरागी, दुलारा, प्रिय, सलोना, स्नेही।
loving, lovely.

प्याला (पुं.) चषक, जाम, मधुपात्र।
cup, wine-cup.

प्यास (स्त्री.) तृषा, पिपासा।
thirst.

प्यासा (वि.) तृषातुर, तृषित, तृषालु, तृषित, पिपासु।
thirsty, athirst.

प्रकट (वि.) अगुप्त, अनावृत, अपरोक्ष, खुला, चक्षुगोचर, जाहिर, दृश्य, दृष्टिगोचर, नमूदार, प्रकटित, प्रगट, प्रत्यक्ष, लक्षित, व्यक्त, संकेतिक, साफ, सुव्यक्त, सुस्पष्ट, स्पष्ट।
apparent, manifest, disclosed, obvious.

प्रकट होना (क्रिपद) खुलना, जाहिर होना, प्रत्यक्ष होना, व्यक्त होना, सामने आना, स्पष्ट होना।
to be clear.

प्रकार (पुं.) किस्म, तरह, भाँति।
kind, variety, sort.

प्रकाश (पुं.) आलोक, उजाला, चाँदनी, जगमगाहट, ज्योति, दीप्ति, द्युति, नूर, प्रभा, रोशनी, विभा।
light.

प्रकाशगृह (पुं.) दीपस्तंभ।
beacon.

प्रकाशन (पुं.) अभिव्यक्ति, प्रकटन, प्रकटीकरण।
publication, manifestation.

प्रकाशित (वि.) उज्ज्वल, जगमग, जाज्वल्यमान, ज्योतित, ज्योतिर्मय, तेजोमंडित, प्रकाशमान, प्रज्वलित, शुभ्र।
lighted, illuminated.

प्रकृति (स्त्री.) १. कुदरत, निसर्ग।
nature.
–२. स्वभाव (दे.)

प्रकृतिशः (क्रिवि.) आदतन, स्वभाव से।

by nature, temperamentally.

प्रचलित(वि.) जारी, रायज, लागू, वर्तमान, सामयिक ।
current, continued.

प्रचार(पुं.) प्रसार, प्रापेगंडा ।
propaganda.

प्रजा(स्त्री.) अवाम, जनता, रिआया, रैयत ।
subjects.

प्रजातंत्र(पुं.) गणतंत्र, जनतंत्र, जम्हूरियत, लोकतंत्र ।
democracy.

प्रजातांत्रिक(वि.) गणतांत्रिक, जनतांत्रिक, लोकतांत्रिक।
democratic.

प्रताप(पुं.) गरिमा, गौरव, जलाल, तेज, तेजस्विता, पुण्य-प्रताप, महिमा।
glory.

प्रतापी(वि.) गौरवान्वित, पुण्यवान, प्रतापवान, महिमामंडित ।
glorious, august.

प्रतिकूल(वि.) अननुकूल, असंगत, अहितकर, उलटा, खिलाफ, नियम-विरुद्ध, प्रतीप, विपरीत, विरुद्ध, विरोधी, विषम ।
opposite, contrary, adverse, hostile.

प्रतिकूलता(स्त्री.) मुखालिफत, विपरीतता, विरोध, विषमता, वैषम्य, व्यतिरेक ।
contrariety, opposition, hostility.

प्रतिक्रियावादी(वि.) प्रगति-विरोधी, प्रतिगामी, रूढ़िवादी।
reactionary, antiprogressive.

प्रतिज्ञा(स्त्री.) कौल, प्रण, मनौती, मन्नत, वादा, व्रत, शपथ, संकल्प ।
vow, pledge.

प्रतिदिन(क्रिवि.) अनुदिन, नित्यप्रति, रोजमर्रा, रोज-रोज, रोजाना, हर रोज ।
daily, everyday.

प्रतिद्वंद्वात्मक(वि.) प्रतियोगितामूलक, प्रतिस्पर्धात्मक, स्पर्धापूर्ण।
competitive.

प्रतिद्वंद्विता(स्त्री.) चढ़ा-ऊपरी, चढ़ा-चढ़ी, प्रतियोगिता, प्रतिस्पर्धा, बदाबदी, मुकाबला, लागा-लागी, लाग-डाँट, विरोध, वैर, स्पर्धा, होड़, होड़ाहोड़ी ।
rivalry, competition.

प्रतिद्वंद्वी(पुं.) प्रतिपक्षी, प्रतियोगी, प्रतिस्पर्धी, विरोधी, वैरी, स्पर्धी ।
rival.

प्रतिनिधि(पुं.) अभिकर्ता, कर्ता, कर्ता-धरता, कारिंदा, कार्यकर्ता, गुमाश्ता ।
agent, representative.

प्रतिबंध(पुं.) अंकुश, पाबंदी, बंदिश, मुमानियत, रुकावट, रोक ।
restriction, curb, ban.

प्रतिभा(स्त्री.) प्रज्ञा, मनीषा, मेधा, रचना-शक्ति ।
genius, talent.

प्रतिभाशाली(वि.) कुशाग्रबुद्धि, प्रातिभ, प्रतिभासंपन्न, मेधावी, विचक्षण, विदग्ध ।
talented, gifted.

प्रतिरोध(पुं.) १. अवरोध, मुकाबला, विरोध, संवरण, सामना ।
resistance.
–२. रोकथाम (दे.)

प्रतिवादी(पुं.) मुद्दालेह ।
defendant.

प्रतिष्ठा (स्त्री.) आदर, आदर-सम्मान, आबरू, इज्जत, गैरत, पत, पत-पानी, मर्यादा, मान, नाक, सम्मान, लाज ।
prestige, credit.

प्रतिष्ठित (वि.) १. गण्यमान्य, नाकवाला, जाना-माना, मान्य, लब्धप्रतिष्ठ, संभ्रांत।
respected, distinguished.
–२. जमा-जमाया, स्थापित ।
established.

प्रतीक्षा करना(क्रिपद) इंतजार करना, ताक लगाना, बाट जोहना/देखना, रास्ता ताकना/देखना, राह ताकना, राह देखना।
to wait.

प्रतीक्षालय(पुं.) मुसाफिरखाना ।
waiting room.

प्रतीत होना(क्रिपद) ज्ञात होना, दिखना,

दिखाई पड़ना, भासना, भासित होना, मालूम पड़ना, मालूम होना, लगना, विदित होना, समझ में आना, सूझना ।
to appear, to seem.

प्रत्यक्ष (वि.) अभिव्यक्त, उभड़ा हुआ, उपस्थित, खुला हुआ, जाहिर, दृश्य, दृश्यमान, दृष्टिगत, दृष्टिगोचर, प्रकट, व्यक्त, सम्मुख, साफ, स्पष्ट ।
apparent, visible, perceptible.

प्रत्याशा (स्त्री.) तवक्को ।
expectation.

प्रत्याशी (पुं.) उम्मीदवार ।
candidate.

प्रदर्शन (पुं.) ठाटबाट, दिखावट, दिखावा, नुमाइश, प्रदर्शनी ।
exhibition, display.

प्रदर्शनी (स्त्री.) नुमाइश, बटेरी ।
exhibition, show.

प्रदेश (पुं.) अंचल, इलाका, खंड, प्रांत, भूभाग, विभाग, सूबा ।
region, province.

प्रधान (वि.) प्रमुख, मुख्य, विशिष्ट, सर्वोच्च।
leading, prominent, main, chief.

प्रधानता (स्त्री.) प्रमुखता, प्राधान्य, मुख्यता, विशिष्टता, सर्वोच्चता ।
prominence, primacy, preponderance.

प्रपत्र (पुं.) फार्म ।
form.

प्रबंध करना (क्रिपद) जुटाना, मुहैया करना, सुलभ करना ।
to provide.

प्रबल (वि.) १. उत्कट, अदम्य, जबर्दस्त, जोरदार, शक्तिशाली ।
strong.
–२. प्रभविष्णु, प्रभावशाली, वर्चस्वी, हावी ।
powerful, strong, mighty.

प्रबुद्ध (वि.) उद्‌बुद्ध, सुशिक्षित ।
enlightened.

प्रबोधन (पुं.) उद्‌बोधन, बोधन ।
enlightenment.

प्रभार (पुं.) चार्ज, दायित्व, भार ।
charge.

प्रभाव (पुं.) असर, छाप, तासीर, दबदबा, दबाव, प्रभावशीलता ।
influence, effect, persuation.

प्रभावपूर्ण (वि.) प्रभविष्णु, प्रभावी, प्रभावशाली, प्रभावोत्पादक, मर्मस्पर्शी, हृदयस्पर्शी ।
effective, imposing, influential, impressive, dominating.

प्रभावहीन (वि.) अप्रभावी, निष्प्रभावी ।
unimpressive, unimposing.

प्रभावित करना (क्रिपद) असर डालना, छाप छोड़ना, प्रभाव डालना ।
to influence.

प्रभुत्व (पुं.) आधिपत्य, गलबा, दबदबा, धाक, प्रभुसत्ता, बोलबाला, हुकूमत ।
sway, preponderance.

प्रमाण (पुं.) सबूत, साक्ष्य ।
proof, evidence.

प्रमाणपत्र (पुं.) प्रमाणक, सनद, सर्टिफिकेट।
certificate.

प्रमाणित (वि.) प्रमाणीकृत, साबित, सिद्ध।
proved, certified.

प्रमाणित करना (क्रिपद) औचित्य सिद्ध करना, न्यायसंगत ठहराना, न्यायोचित ठहराना, प्रतिपादित करना, सबूत देना, साबित करना, सिद्ध करना ।
to prove, to justify.

प्रयत्न (पुं.) अध्यवसाय, आयास, उद्यम, उद्योग, कोशिश, चेष्टा, परिश्रम, पेशकश, प्रयास, मेहनत, यत्न, श्रम।
attempt, endeavour, labour.

प्रयत्नशील (वि.) अध्यवसायी, उद्यमी, उद्योगी, कर्मठ, कर्मवीर, परिश्रमी, मेहनती, यत्नशील, श्रमशील ।
endeavouring.

प्रयुक्त (वि.) व्यवहृत ।
used, applied.

प्रयोग करना (क्रिपद) इस्तेमाल करना, काम में लाना, कार्य के रूप में परिणत करना, कार्यान्वित करना, व्यवहार करना, व्यवहार में लाना ।
to use, to apply.

प्रवास (पुं.) देशान्तर गमन, प्रव्रजन ।
migration.

प्रवाह (पुं.) अभिप्रवाह, धारा, बहाव, रवानी, रौ ।
current, flow.

प्रविष्ट (वि.) प्रवेशित, दाखिल, निविष्ट ।
admitted.

प्रविष्टि (स्त्री.) निविष्टि, मद ।
item.

प्रवृत्त (वि.) उन्मुख, झुका हुआ ।
inclined.

प्रवृत्ति (स्त्री.) उन्मुखता, चाह, गति, झुकाव, मनोवृत्ति, वृत्ति ।
inclination, tendency, trend.

प्रवेश (पुं.) अंतर्गमन, दाखिला, निवेश, भर्ती, समावेश ।
admission.

प्रशंसनीय (वि.) अभिनंदनीय, तारीफ के काबिल, धन्य, श्लाघनीय, श्लाघ्य, सराहनीय, स्तुत्य ।
admirable, commendable, praiseworthy, laudable.

प्रशंसा (स्त्री.) गुणकीर्तन, गुणगान, गुणानुवाद, तारीफ़, नेकनामी, प्रशस्ति, बड़ाई, वाहवाही, श्लाघा, सराहना, साधुवाद, स्तुति, हूँस ।
praise, admiration, applause, cheers, acclamation.

प्रश्न (पुं.) १. पृच्छा, सवाल ।
question.
–२. समस्या (दे.)

प्रश्नोत्तर (पुं.) उत्तर-प्रत्युत्तर, जवाब-सवाल ।
question & answer.

प्रसन्न (वि.) आनंदित, आह्लादित, उत्फुल्ल, उल्लसित, कृतकृत्य, खुश, गदगद, पुलकित, प्रफुल्ल, प्रफुल्लित, प्रमुदित, फाकेमस्त, मुदित, सुखी, हर्षित ।
glad, cheerful, sprightly, of joyous temperament.

प्रसन्न करना (क्रिपद) आनंदित करना, खुश करना, परितुष्ट करना, संतुष्ट करना ।
to please.

प्रसन्नचित्त (वि.) उत्फुल्ल, खुशदिल, खुशमिजाज, जिन्दादिल, विनोदी, प्रसन्नवदन, हँसमुख, हँसोड़ ।
cheerful, cheery, jovial, good-humoured.

प्रसन्नता (स्त्री.) आनंद, उत्फुल्लता, उल्लास, खुशी, प्रफुल्लता, प्रमोद, फाकेमस्ती, मज़ा, मोद, हर्ष, हुलास ।
happiness, gladness, pleasure.

प्रसन्न हो जाना (क्रिपद) उमंग से भर जाना, फूल उठना, हरख उठना, हरखना, हर्षित हो उठना, हुलसना ।
to be delighted.

प्रसिद्ध (वि.) ख्यात, चर्चित, नामी, नामी-गरामी, नेकनाम, प्रख्यात, बहुचर्चित, मशहूर, यशस्वी, विख्यात, विश्रुत, सरनाम, सर्वविदित ।
renowned, famous, well-known, reputed.

प्रसिद्धि (स्त्री.) ख्याति, नामवरी, नेकनामी, मशहूरी, यश, विख्याति, विश्रुति, शोहरत ।
fame, repute, reputation, renown, name.

प्रस्ताव (पुं.) तजवीज, सुझाव ।
proposal, proposition, offer, suggestion.

प्रस्थान (पुं.) कूच, गमन, चलना, छूटना, जाना, प्रयाण, रवानगी ।
departure.

प्रांगण (पुं.) अहाता, कंपाउण्ड, घेरा, बाड़ा, हाता ।
atrium, compound, enclosure.

प्राकृतिक (वि.) कुदरती, नैसर्गिक, प्राकृत, सहज, सहजात ।
natural, innate.

प्राचीर (स्त्री.) चहारदीवारी ।
boundarywall.

प्राण (पुं.) जान, जीवन, जीवन-शक्ति ।
life.

प्राणायाम (पुं.) श्वासरोध, श्वासावरोध, साँस रोकना ।
apnoea.

प्रात: (क्रिवि.) तड़के, दिन चढ़ते ही, दिन चढ़े, प्रात:काल, भोर में, सकारे, सवेरे, सुबह।
early in the morning.

प्रात:काल (पुं.) उषाकाल, तड़का, पौ फटने का समय, प्रभात, प्रात, भोर, बिहान, सवेरा, सुबह।
dawn, morning.

प्राथमिकता (स्त्री.) अग्रता, पूर्वता, प्रथमता।
priority.

प्राप्त (वि.) अधिकृत, अधिगत, अर्जित, उपलब्ध, उपार्जित, करतलगत, गृहीत, मयस्सर, मिला, लब्ध, वसूल, सुलभ, हस्तगत, हाथ में आया हुआ, हासिल।
got, earned, attained, taken, received.

प्राप्त करना (क्रिपद) उपलब्ध करना, ऐंठ लेना, करतलगत करना, पा जाना/लेना, वसूल करना, साधना, साध लेना, सिद्ध करना, हस्तगत करना।
to get, to attain, to obtain, to collect.

प्राप्य (वि.) अधिगम्य, प्राप्तव्य, लभ्य, साध्य।
attainable, available.

प्रामाणिक (वि.) परिनिष्ठित, मानक।
standard, authentic.

प्राय: (क्रिवि.) १. अक्सर, अधिकतर, अधिकांशत:, अमूमन, ज्यादातर, प्रायश:, बहुधा, विशेषतया, साधारणत:, साधारणतया, सामान्यत:, सामान्यतया।
generally, usually, often, mostly, mainly, commonly, particularly.
–२. सदा (दे.)

प्रायश्चित (पुं.) परिशुद्धि, पाप-परिमार्जन।
atonement, expiation.

प्रार्थना (स्त्री.) १. अभ्यर्थना, आवेदन, अर्ज, गुजारिश, चिरौरी, दुआ, निवेदन, बिनती, मिन्नत, विनय, याचना।
request, entreaty, petition.
–२. अर्चना, आराधना, स्तवन, स्तुति।
prayer.

प्रार्थना-पत्र (पुं.) अर्जी, याचिका।
application, petition.

प्रार्थी (पुं.) १. आवेदक, आवेदनकर्ता, निवेदक।
applicant.
–२. अभ्यर्थी, उम्मीदवार, पदाभिलाषी।
candidate.

प्रालेख (पुं.) प्रारूप, मसौदा।
draft.

प्रावधान (पुं.) उपबंध, बंधान, शर्त।
provision.

प्रासंगिक (वि.) अवसरोचित, प्रसंगोचित, विषयानुरूप, विषयोचित।
relevant.

प्रिय (वि.) १. दिलबर, दुलारा, प्यारा, प्राणप्यारा, प्राणप्रिय, प्रीतिभाजन, प्रेमपात्र, मनभावना, लाड़ला, लड़ैता, वत्सल, वल्लभ, वात्सल्य-भाजन, हृदयवल्लभ, हृदयेश, हृदयेश्वर।
dear.
–२. आकर्षक (दे.)

प्रीतिभोज (पुं.) दावत, भोज, सहभोज।
banquet.

प्रेक्षागृह (पुं.) श्रोतृशाला।
auditorium.

प्रेत (पुं.) पिशाच, वैताल, भूत, राक्षस।
goblin.

प्रेम (पुं.) १. अनुरक्ति, अनुराग, आसक्ति, चिपकाव, दीवानगी, पुचकार, प्रेमोन्माद, पोस, प्यार, प्रणय, प्रीति, प्रेमभाव, ममता, ममत्व, मुहब्बत, मेल-मुहब्बत, मोह, राग, रति, लगाव, लाड़, लाड़-प्यार, वात्सल्य, व्यामोह, स्नेह।
love, attachment, affection, fondness, infatuation.
–२. श्रद्धा (दे.)

प्रेमिका (स्त्री.) दिलरुबा, प्यारी, प्राणेश्वरी, प्रियात्मा, प्रेयसी, महबूबा, माशूका, हृदयेश्वरी।
beloved.

प्रेमी (पुं.) कंत, कांत, चहेता, चितचोर, दिलबर, दिलरुबा, प्रिय, पिया, प्रणयी,

प्राणनाथ, प्राणप्रिय, प्राणवल्लभ, प्राणाधार, प्राणेश्वर, प्रियतम, महबूब, मनभासी, सइयाँ, सजन, साजन, स्नेही, हृदयेश, हृदयेश्वर ।
lover.

प्रेरणा (स्त्री.) उकसावा, उकसाहट, उत्तेजना, प्रोत्साहन, बढ़ावा, स्फूर्ति ।
inspiration.

प्रेरणादायक (वि.) उत्तेजक, उत्तेजनापूर्ण, उत्साहवर्धक, प्रेरक, प्रेरणात्मक, प्रेरणादायी, प्रेरणास्पद, प्रोत्साहक, स्फूर्तिदायक ।
inspiring, motivating.

प्रेरणा देना (क्रिपद) उत्तेजन देना, उत्तेजित करना, उत्साह बढ़ाना, उत्साहित करना, उद्दीप्त करना, प्रेरित करना, प्रोत्साहन देना, प्रोत्साहित करना, बढ़ावा देना, स्फूर्ति देना, हिम्मत बढ़ाना ।
to inspire, to stimulate.

प्रौढ़ (वि.) पक्व, परिपक्व ।
nature.
—(पुं.) बालिग, वयस्क ।
adult.

प्रौढ़ता (स्त्री.) पक्वता, परिपक्वता ।
maturity.

फँसाना (क्रि.) पाशबद्ध करना, फाँस लेना, लपेट लेना ।
to entrap, to ensnare.

फटना (क्रि.) चिटकना, तड़कना, दरकना, मसकना ।
to be torn, to chap.

फटा (वि.) कटा-फटा, चिथड़ा, जीर्ण, जीर्णशीर्ण, विदीर्ण ।
torn, wornout, tattered.

फटीचर (पुं.) गूदड़साई ।
shabbily dressed.

फरार (पुं.) पलायक, पलायन करनेवाला, भगोड़ा ।
absconder.

फलदार (वि.) फलद, फलदायक, फलदायी, फलप्रद ।
bearing fruit, fruitful.

फलना-फूलना (क्रिपद) पनपना, बढ़ना, विकसित होना, हरा-भरा होना ।
to flourish, to thrive.

फलस्वरूप (योजक) अतः, इस कारण से, इसलिए, तदनुसार, परिणामतः, फलतः ।
therefore, consequently, as a result.

फाँसी (स्त्री.) प्राणदंड, मृत्युदंड, मौत की सजा, सूली ।
hanging.

फालतू (वि.) उपरफट्टू, फाजिल, बेकार, व्यर्थ का ।
more than neccessary, superfluous.

फिरंगी (पुं.) अंग्रेज, गोरा, युरोपियन ।
European.

फिर (क्रिवि.) १. के उपरान्त, के पश्चात, के बाद, पीछे, बाद में ।
afterwards.
—२. दुबारा ।
(once) again.

फिसलना (क्रि.) रपटना ।
to slip, to skid, to slide.

फिसलवाँ (वि.) रपटीला ।
slippery.

फुटकर (वि.) खुदरा ।
retail.

फुर्ती (स्त्री.) क्रियाशीलता, क्षिप्रता, चपलता, चुस्ती, तेजी, त्वरा, शीघ्रता, सक्रियता, स्फूर्ति ।
agility, promptness, briskness.

फुर्तीला (वि.) चपल, चुस्त, त्वरित, सक्रिय, स्फूर्त ।
agile, active.

फुलझड़ी छोड़ना (क्रिपद) आग लगाना, शगूफा छोड़ना, शोशा छोड़ना ।
to pass a provocative remark, to set off a squib.

फुसलाना (क्रि.) गाँठना, बहकाना, बहका ले जाना ।
to cajole, to coax, to wheedle.

फूँकना (क्रि.) १. जला डालना, फूँक डालना, भस्म कर देना, राख कर देना ।

to whiff, to blow.
–२. धौंकना
to blow with bellows.

फूटी कौड़ी (स्त्री.) कानी कौड़ी, दमड़ी।
brass farthing.

फूल (पुं.) कुसुम, गुल, पुष्प, प्रसून, सुमन।
flower.

फूलना (क्रि.) गदराना, डहकना।
to blossom.

फेंकना (क्रि.) गिरा देना, डाल देना, प्रक्षिप्त करना, फेंक देना।
to throw.

फेन (स्त्री.) झाग, फिचकुर।
foam.

फेफड़ा (पुं.) फुप्फुस
साधारणतः (क्रिवि.) आम तौर पर, साधारणतया, साधारण रूप में, सामान्यतः, सामान्यतया।
ordinarily.

साधु(पुं.) तपस्वी, परिव्राजक, बैरागी, यति, वैरागी, योगी, संन्यासी, साधक।
hermit, ascetic.

सानंद(क्रिवि.) आनंदपूर्वक, खुशी-खुशी, सुख से।
happily.

सानना(क्रि.) गूँधना, मलना।
to knead.

सापेक्ष(वि.) अन्योन्याश्रित, परस्पर-संबद्ध।
correlative.

साप्ताहिक(वि.) हफ्तावारी।
weekly.

साफ करना(क्रिपद) १. झाड़ना, पोंछना, बुहारना, सफाई करना।
to clean.
–२. धोना, माँजना, मार्जन करना।
to cleanse.
–३. चुनना, छाँटना, बिनना।
to separate out.

साफ-साफ कहना(क्रिपद) खरी-खोटी सुनाना, खरी बात कहना, सीधी-सीधी सुनाना।
to say plainly, to be out-spoken.

सामंजस्य(पुं.) अन्वय, एकता, एका, ऐक्य, ताल-मेल, मेल, मैत्री, संगति, समन्वय, समरसता।
concord, harmony, coordination.

सामंत(पुं.) जागीरदार, नवाब।
feudal chieftain.

सामंतवाद(पुं.) सामंतशाही।
fedualism.

सामंती(वि.) जागीरी, नवाबी, सामंतवादी, सामंतशाही, [illegible]।
feudalistic.

सामग्री (स्त्री.) द्रव्य, मसाला, सामान, सौदा।
something, requisite.

सामना करना (क्रिपद) बराबरी करना, मुकाबला करना, ललकारना।
to face, to challenge.

सामने (क्रिवि.) मुँह-दर-मुँह, मुँह पर, सम्मुख।
face to face, in the presence of, in front of.

सामयिक (वि.) अवसरोचित, कालोचित, यथासमय होनेवाला, समयोचित।
timely.

सामर्थ्य (स्त्री.) औकात, क्षमता, तौफीक, धारिता, बित्ता, बिसात, माद्दा, शक्ति, समाई, हैसियत।
capacity, capability.

सामाजिक (वि.) समाजी।
social.

साम्यवादी (वि., पुं.) कम्युनिस्ट।
1. communist(n.).2. communistic(adj.).

साम्राज्यवादी (पुं., वि.) उपनिवेशवादी।
imperialist, colonist.

सायं (स्त्री.) गोधूलिवेला, झुटपुटा, धुँधलका, शाम, संध्या, सायंकाल।
twilight, evening.

सायत (स्त्री.) मंगल वेला, शुभ घड़ी, शुभ मुहूर्त, शुभ लगन।
auspicious moment.

सार (पुं.) उपसंहार, खुलासा, निचोड़, तत्त्व, पते की बात, मर्म, सत्त, सत्त्व, लबाब, लुब्बे-लबाब, संक्षेप, सारांश।
abstract, substance, essence, quintessence, summary.

सारगर्भित (वि.) अर्थवान, तत्त्वपूर्ण, तात्त्विक, मर्मयुक्त, मार्मिक, विवक्षायुक्त, सारयुक्त, सार्थक।
pregnant with meaning, pithy.

सार्वजनिक (वि.) पंचायती, सार्वजनीन।
public, common.

सार्वभौम (वि.) वैश्वक, वैश्विक, विश्वजनीन, विश्वव्यापी, सार्वत्रिक, सर्वदेशीय, सार्वदेशिक, सार्वभौमिक, सार्विक।
universal, cosmopolitan.

सालना (क्रि.) कष्ट देना, तंग करना, दुख देना, दुखी करना, पीड़ा पहुँचाना, व्यथा पहुँचाना, व्यथित करना।
to cause pain.

सावधान (वि.) खबरदार, चौकन्ना, चौकस, जागरूक, सजग, सचेत, सतर्क, होशियार।
watchful, alert, careful, attentive, heedful, vigilant.

सावधानी (स्त्री.) एहतियात, चौकसी, जागरूकता, सचेतता, सजगता, सतर्कता, सावधानता, होशियारी।
carefulness, alertness, vigilance.

साहस (पुं.) जिगरा, जीवट, जुर्रत, दिलेरी, मजाल, मनोबल, शूरता, हिम्मत, हियाव, हौसला।
courage, nerve.

साहसिक (वि.) खतरनाक, जोखिम-भरा।
courageous.

साहसी (वि.) उद्यमी, उद्योगी, जीवटवाला, जोखिमी, दिलवाला, दिलावर, दिलेर, निडर, बहादुर, बेधड़क, वीर, शूर, हिम्मतवर, हिम्मतवाला, हिम्मती।
courageous, enterprising.

सिंगार करना (क्रिपद) बनाव सिंगार करना, बन बैठना, मेकप करना, शृंगार करना।
to make-up.

सिंहशावक (पुं.) बाघ का बच्चा, सिंघेला।
cub of a lion.

सिंहासनारूढ़ (वि.) गद्दीनशीन।
enthroned.

सिकुड़ जाना (क्रिपद) चुचुक जाना, सिमट जाना, सिमिटना।
to shrink, to contract.

सिद्ध (वि.) प्रमाणित, साबित।
proved, established.

सिनेमा (पुं.) चित्रमंदिर, छविगृह, छविघर, सिनेमाघर।
cinema.

सिपाही (पुं.) संतरी, सैनिक।

sepoy, constable, sentry, soldier.
सिफ़ारिश (स्त्री.) संस्तुति।
recommendation, commendation.
सिर (पुं.) कपाल, खोपड़ी, शीश, सर।
head, skull.
सिर खपाना (क्रिपद) माथा खपाना, माथापच्ची करना।
to rack brain.
सिलवाना (क्रि.) गठवाना, टाँके लगवाना।
to get stitched.
सींग (पुं.) विषाण।
horn.
सींगवाला (वि.) शृंगयुक्त, शृंगी, सींगदार।
horned.
सीटी (स्त्री.) भूतू, बिगुल, भोंपू, सायरन।
whistle.
सीढ़ी (स्त्री.) जीना, नसैनी, पैड़ी, सोपान।
ladder, staircase.
सीधे (क्रिवि.) नाक की सीध में।
straight.
सीना (क्रि.) टाँके लगाना, गाँठना, टाँचना, तागना, तुर्पाई करना, तोपे लगाना, बखिया करना, सिलाई करना।
to sew, to stitch.
सीमांकन (पुं.) हदबंदी।
demarcation.
सीमा (स्त्री.) उपांत, ओर-छोर, चौहद्दी, छोर, परवान, परिधि, प्राकार, सरहद, सिरा, सीमांत, हद।
limit, boundary.
सीमित (वि.) परमिति।
limited, finite.
सुँघनी (स्त्री.) नस्य, नास।
snuff.
सुंदर (वि.) अभिराम, कमनीय, खुशनुमा, खूबसूरत, चारु, तरहदार, दर्शनीय, नयनाभिराम, मंजु, मंजुल, मनोरम, मनोहर, रमणीक, रमणीय, रूपवंत, रूपवान, ललाम, ललित, शोभन, शोभनीय, शोभायमान, शोभित, सजीला, सलोना, सुदर्शन, सुभग, सुरम्य, सुष्ठु, हसीन।
beautiful, charming, comely, seemly, graceful, elegant.
सुंदरता (स्त्री.) अभिरामता, कमनीयता, कांति, खूबसूरती, चारुता, छटा, छवि, मंजुलता, मनोहरता, रमणीकता, रमणीयता, शोभा, सजीलापन, लालित्य, लावण्य, सौंदर्य, सौष्ठव, सुभगता, सुषमा, हुस्न।
beauty, charm, loveliness.
सुंदरी (स्त्री.) कामिनी, गुड़िया, पद्मिनी, मृगनयनी, मृगलोचनी, रमणी, रूपवती, रूपसी, ललना, वरांगना, हसीना।
beauty, pretty woman.
सुकर्म (पुं.) पुण्यकर्म, सुकृति, सुकृत्य।
good deed, virtuous act.
सुखद (वि.) आरामदेह, सुखकर, सुखकारक, सुखदायक, सुखदेनेवाला, सुखप्रद।
comfortable, delightful, pleasing.
सुखाना (क्रि.) धुपाना, धूप दिखाना।
to dry.
सुखी (वि.) कमाऊ-खाऊ, प्रमुदित, प्रसन्न, मुदित, सानंद।
happy.
सुगंधित (वि.) खुशबूदार, सुरभित, सुवासित, सौंधा, सौरभिक।
fragrant, aromatic.
सुगठित (वि.) परिपुष्ट, सुघड़, सुडौल।
well-built.
सुझाव (पुं.) प्रस्ताव।
suggestion, offer.
सुध-बुध खोना (क्रिपद) सुधबुध न रह जाना, होश उड़ जाना, होश-हवास न रह जाना।
to lose one's bearings.
सुधार (पुं.) जीर्णोद्धार, तरमीम, नवीकरण, परिमार्जन, परिशोधन, परिष्कार, पुनरुद्धार, मरम्मत, संपरिवर्तन, संशुद्धि, संशोधन।
reform, improvement, amendment, modification, correction.
सुधारना (क्रि.) ठीक करना, दुरुस्त करना,

परिमार्जन करना, बेहतर बनाना, शुद्ध करना, संशोधन करना, संशोधित करना, सही करना, सुधार करना।
to improve, to reform, to correct.

सुधि (स्त्री.) खबर, चेत, चेतना, होश।
consciousness.

सुनना (क्रि.) कान धरना, कान में पड़ना, श्रवण करना।
to hear, to listen.

सुनहरा (वि.) सुनहला, सुवर्ण जैसा, सोनल, स्वर्णिम।
golden.

सुनार (पुं.) पश्यतोहर, सोनार, स्वर्णकार।
goldsmith

सुन्न (वि.) चेतनाशून्य, संज्ञाहीन।
sensationless, benumbed.

सुन्न हो जाना (क्रिपद) झुनझुनाना।
to be benumbed.

सुन्नत (स्त्री.) खतना।
circumcision.

सुन्नत करना (क्रिपद) खतना करना, मुसलमानी करना।
to circumcise.

सुपुत्र (पुं.) सपूत, सुपूत।
dutiful son.

सुप्त (वि.) निद्रागत, निद्रामग्न, निद्रालीन, प्रसुप्त, शयित, सुषुप्त, सोया हुआ।
asleep, dormant.

सुरक्षित (वि.) अभिरक्षित, आरक्षित, निरापद, महफूज, रक्षित, संरक्षित, सही-सलामत।
safe, secure, immune, protected.

सुरीला (वि.) सुमधुर।
sweet, melodious.

सुरुचि (स्त्री.) नफासत।
good taste, refinement.

सुरुचिपूर्ण (वि.) सुरुचिकर।
full of good taste.

सुरुचिसंपन्न (वि.) नफासतपसंद।
having a refined taste.

सुलेख (पुं.) खुशखत।
beautiful handwriting.

सुलोचनी (स्त्री.) मीनाक्षी, मृगलोचनी, मृगाक्षी, सुनयनी।
a woman having beautiful eyes.

सुविधा (स्त्री.) छूट, रियायत, सहूलियत, सौख्य।
facility.

सुविधाजनक (पुं.) सुकर, सुखदायक, सुखकर, सुखसाध्य।
convenient.

सुशील (वि.) नम्र, विनम्र, विनयशील, विनीत, शालीन, शिष्ट, शीलवान।
of good disposition, good-natured, well-behaved.

सुसमय (पुं.) अच्छा समय, अच्छे दिन, सुकाल।
favourable times, good days.

सुसमाचार (पुं.) खुशखबरी।
good news.

सुस्त (वि.) अक्रिय, आलसी, आरामतलब, काहिल, कामचोर, नेस्ती, फिसड्डी, मंथर, मंद, मंदगति, मंदा, मक्खीमार, मट्ठर, लीचड़।
lazy, idle, lethargic, comfort-seeking, inactive, inert, dull.

सुस्ताना (क्रि.) आराम करना, दम लेना, विश्राम करना, साँस लेना।
to take rest, to relax.

सुस्ती (स्त्री.) आलकस, आलस्य, आसकत, काहिली, शिथिलता, शैथिल्य।
laziness, idleness, indolence.

सुस्थित (वि.) सुप्रतिष्ठित, सुस्थिर।
well-established, well-placed, firmly settled, well-situated.

सुहाना (क्रि.) अनुकूल पड़ना, अच्छा लगना, प्रिय लगना, भाना।
to be pleasing, to be agreeable.

सुहावना (वि.) खुशनुमा, गुलजार, प्रीतिकर, मुग्ध कर लेनेवाला, मोदकारी, लुभावना, सुखकर, सुहाना।
gay, pleasant, delightful, pleasing.

सूँड़ (स्त्री.) गजनासा, शुंड।
trunk of an elephant.

सूक्ष्म (वि.) अतिलघु, बारीक, महीन।
fine, minute, tiny, subtle, very small.

सूक्ष्मता (स्त्री.) बारीकी।
minuteness, subtlety.

सूखा (वि.) खुश्क, ठाँठ, शुष्क।
dry.
–(पुं.) अवर्षण, अनावृष्टि, झूरा।
drought.

सूचना (स्त्री.) अधिसूचना, इत्तला, खबर, नोटिस, पैगाम, प्रज्ञप्ति, रुक्का, विज्ञापन, विज्ञप्ति, संज्ञापन, संदेश, संवाद।
notice, advertisement, message.

सूचना देना (क्रिपद) इत्तला करना/देना, खबर देना/भेजना, नोटिस देना/भेजना।
to inform, to notify.

सूची (स्त्री.) अनुसूची, तालिका, नामावली, फेहरिस्त, सारणी।
catalogue, inventory.

सूजन (स्त्री.) उभार, फुलाव, फुलावट, शोथ।
swelling, inflammation.

सूजना (क्रि.) उभड़ना, उभरना, फूलना, सूजन होना।
to swell.

सूजाक (पुं.) गनोरिया।
gonorrhoea, clap.

सूतक (पुं.) अशौच, सुतक।
state of temporary untouchability due to some birth or death in the family.

सूत्र (पुं.) अता-पता, सुराग।
clue.

सूद (पुं.) ब्याज।
interest.

सूदखोर (पुं.) ब्याज खानेवाला, ब्याजजीवी।
usurer.

सूना (वि.) जनशून्य, जनहीन, निर्जन, विजन, सुनसान।
uninhabited, desolate.

सूनापन (पुं.) जनशून्यता, जनहीनता, निर्जनता, विजनता।
loneliness.

सूरज (पुं.) अंशुमाली, आदित्य, आफताब, दिनकर, दिनेश, दिवाकर, प्रभाकर, भानु, भास्कर, मरीचिमाली, मरीची, मार्तंड, रवि, सविता, सूर्य।
sun.

सृष्ट (वि.) रचित, विरचित, सृजित।
created.

सृष्टि (स्त्री.) १. रचना, सर्जन।
creation.
–२. संसार (दे.)

सेंक (पुं.) टकोर, सिकाई।
fomentation.

सेंकना (क्रि.) टकोर करना, सिकाई करना।
to foment.

सेंध लगाना (क्रिपद) नकब लगाना।
to break into the house.

से अधिक (परसर्ग) से ज्यादा, से बढ़कर।
more.

सेना (स्त्री.) अनीक, कटक, चमू, फौज, पल्टन, लाम, सैन्य, सैन्यबल, लश्कर, वाहिनी।
army.

सेनापति (पुं.) सेनाधिकारी, सेनाधिपति, सेनाध्यक्ष, सेनानायक, सेनानी।
military officer, commander, general.

सेवक (पुं.) अनुगामी, अनुचर, किंकर, खिदमतगार, गुलाम, चाकर, चेटा, चेरा, टहलुआ, दास, दासानुदास, नौकर, परिचर, परिचारक, भृत्य, रामचेरा, सेवादार।
servant, slave.

सेवा (स्त्री.) खिदमत, चाकरी, टहल, तीमारदारी, परिचार, परिचर्या, सेवा-भाव, सेवा-सुश्रूषा।
service, lackeying, attendance.

सेवा करना (क्रिपद) खिदमत करना, टहल करना, तीमारदारी करना, परिचर्या करना, सेवा-टहल करना, सेवा-सुश्रूषा करना।
to nurse.

सैनिक (पुं.) जवान, फौजी।

soldier.

सैर (स्री.) चहलकदमी, टहलान, सैर-सपाटा ।
stroll.

सोखना (कि.) अवशोषण करना, चूस लेना, जज्ब करना, प्रचूषण करना, सोख लेना ।
to suck, to absorb.

सोचना (कि.) गुनना, गौर करना, चिंतन करना, मनन करना, विचार करना, विचारना, सोचना-विचारना, सोचना-समझना ।
to think, to ponder, to consider.

सोच-विचार (पुं.) चिंतन, मंत्रणा, विचारणा, विचार-विमर्श, विमर्श ।
discussion, deliberation.

सोना[1] (पुं.) कंचन, कुंदन, कनक, स्वर्ण, हुन, हेम ।
gold.

सोना[2] (कि.) नींद आना, निद्रामग्न होना, शयन करना, सोने जाना ।
to sleep.

सौंदर्यप्रेमी (पुं.) सौंदर्यानुरागी, सौंदर्योपासक, हुस्नपरस्त ।
aesthete.

सौंपना (कि.) थमाना, पकड़ाना, सिपुर्द करना, हवाले करना ।
to entrust.

सौजन्य (पुं.) प्रेमभाव, भलमनसाहत, मित्रभाव, सद्भाव, सौहार्द, स्नेहभाव ।
courtesy, gentlemanliness, cordiality.

सौत (स्री.) सपत्नी, सौतिन ।
co-wife.

सौभाग्य (पुं.) खुशकिस्मती, खुशनसीबी, सुहाग ।
good fortune.

सौरी (स्री.) जापा, प्रसव ।
delivery of a child.

स्काउट (पुं.) बालचर ।
boy-scout.

स्तंभ (पुं.) कालम ।
column.

स्तन (पुं.) उरोज, कुच, छाती, पयोधर ।
breast (of a woman).

स्त्रियोचित (वि.) जनाना, स्त्रीसुलभ ।
behoving woman.

स्त्री (स्री.) औरत, कांता, कामिनी, चंद्रमुखी, तरुणी, तिय, तिया, तिरिया, नारी, बाई, बाला, बीबी, भामा, भामिनी, महिला, मृगनयनी, मृगलोचनी, मेमसाहब, मेहरारू, रमणी, ललना, लुगाई, वनिता, वामा, सुंदरी, हसीना ।
woman, lady.

स्थगित (वि.) निलंबित, मुल्तवी ।
postponed, suspended.

स्थगित करना (क्रिपद) टाल देना, मुल्तवी करना ।
to postpone.

स्थान (पुं.) आलय, जगह, ठाँव, ठिकाना, ठिया, ठीहा, ठौर, ठौर-ठिकाना, थल, मुकाम, स्थल, स्थली ।
place, station.

स्थानांतरण (पुं.) अंतरण, तबादला, बदली ।
transfer.

स्थानापन्न (वि.) कार्यकारी ।
acting.

स्थापित (वि.) संस्थापित, सुस्थापित ।
installed, established, founded.

स्थायित्व (पुं.) टिकाऊपन, दृढ़ता, मजबूती, स्थिरता ।
stability.

स्थायी (वि.) १. चिरस्थायी, टिकाऊ, दृढ़, पक्का, पायदार, पुख्ता, मुस्तकिल, शाश्वत, सनातन ।
permanent, stable, durable, perpetual.
–२. स्थिर (दे)

स्थिति (स्री.) १. दर्जा, पद, हैसियत ।
position.
–२. दशा, नौबत, परिस्थिति, हालत ।
situation.

स्थिर (वि.) अचल, अटल, अडिग, अविचल, अविचलित, गतिहीन, जड़, चित्रवत्, टस से मस न होनेवाला, दृढ़,

डटा रहनेवाला, निश्चल, सुस्थित, सुस्थिर, स्थावर ।
firm, fixed, steady, immovable, stationary, motionless.

स्थिरता (स्त्री.) अचलता, अविचलता, गतिहीनता, दृढ़ता, ठहराव, निश्चलता, सुस्थिरता ।
fixedness, immovability.

स्नान (पुं.) नहान, नहाना, निमज्जन, मज्जन।
bath.

स्नानागार (पुं.) गुसलखाना, नहाने का कमरा, बाथरूम, स्नानगृह ।
bath, bathroom.

स्पर्श (पुं.) छुआव, परस, संस्पर्श, सटाव ।
touch.

स्पष्ट (वि.) जाहिर, ज्वलंत, प्रांजल, प्रकट, बुद्धिगम्य, भासमान, व्यक्त, साफ, सुव्यक्त, सुस्पष्ट, स्फुट ।
clear, evident, explicit, lucid, manifest.

स्पष्टत: (क्रिवि.) खोलकर, साफ-साफ, स्पष्ट रूप से ।
clearly, evidently, plainly, explicitly.

स्पष्टवादिता (स्त्री.) खरापन ।
outspokenness, straight forwardness.

स्पष्टवादी (वि.) खरतल, बेलाग, मुँहफट, स्पष्टभाषी, स्पष्टवक्ता ।
frank, plain-spoken.

स्पष्टीकरण (पुं.) कैफियत ।
explanation.

स्पष्टीकरण करना (क्रिपद) कैफियत देना ।
to clarify, to explain.

स्फूर्ति (स्त्री.) कर्मठता, क्रियाशीलता, चंचलता, चपलता, फुर्ती, फुर्तीलापना, सक्रियता ।
agility, activity, liveliness.

स्फूर्तिप्रद (वि.) बढ़ावा देनेवाला, शक्तिदायक, स्फूर्तिदायक, हिम्मत बढ़ानेवाला।
encourging.

स्फोटक (वि.) भड़कनेवाला।
explosive.

स्मरण (पुं.) याद, सुध, सुधि, स्मृति ।
recollection, remembrance.

स्मरणीय (वि.) अविस्मरणीय, चिरस्मरणीय, याद रहनेवाला ।
memorable, ever-memorable.

स्मारक (पुं.) कीर्तिस्तंभ, स्तूप ।
monument.

स्मृति (स्त्री.) याददाश्त, सुरत, स्मरण-शक्ति, हाफिजा ।
memory.

स्मृतिचिह्न (पुं.) निशानी, यादगार ।
keepsake, memento.

स्याही (स्त्री.) मसि, रोशनाई ।
ink.

स्राव (पुं.) बहाव ।
discharge.

स्रोत (पुं.) उद्भव, मूल।
source.

स्वच्छंद (वि.) उद्दाम, निरंकुश, मनमौजी, स्वच्छंदचारिणी (स्त्री.) स्वच्छंदचारी, बेलगाम, स्वेच्छाचारी ।
self-willed, uncontrolled, unbridled, uncurbed.

स्वच्छ (वि.) निर्मल, विमल, सफा, सफाचट, साफ, साफ-सुथरा, सुथरा ।
clean, lucid, limpid.

स्वच्छता (स्त्री.) निर्मलता, विमलता, सफाई।
cleanliness, limpidness.

स्वतंत्र (वि.) आत्मशासित, आजाद, उन्मुक्त, निर्बंध, मुक्त, विमुक्त, विमोचित, स्वयंशासित, स्वाधीन ।
free, independent, self-governed, liberated, emancipated.

स्वतंत्रता (स्त्री.) आजादी, उन्मुक्ति, छूट, मुक्ति, स्वाधीनता ।
independence, freedom.

स्वप्न (पुं.) ख्वाब, सपना ।
dream.

स्वभाव (पुं.) प्रकृति, फितरत, मिजाज,

शील ।
nature.

स्वयं (सर्व., क्रिवि.) अपने आप, खुद, खुद-ब-खुद, स्वतः ।
self, oneself.

स्वर (पुं.) बोलने का ढंग, लहजा ।
tone, intonation.

स्वरूप (पुं.) आकार-प्रकार, चेहरा-मोहरा, रूप-रंग, शक्ल-सूरत ।
shape.

स्वर्ग (पुं.) गोलोक, जन्नत, परमधाम, बहिश्त, बैकुंठ, सुरधाम, स्वर्गधाम, स्वर्गपुरी, स्वर्गलोक ।
heaven.

स्वर्गीय (वि.) १. परलोकवासी, मरहूम, स्वर्गस्थ ।
late
–२. अलौकिक, दिव्य, बहिश्ती ।
heavenly.

स्वस्थ (वि.) अच्छा, चंगा, टंच, टनमना, टनाटन, ठीक, तंदुरुस्त, निरापद, निरामय, नीरोग, पाठा, पुष्ट, भला-चंगा, रोगमुक्त, हट्टा-कट्टा ।
healthy, sound, stout.

स्वाद (पुं.) चख, चाट, जायका, मजा, रमक ।
relish, taste, flavour.

स्वादिष्ट (वि.) चटपटा, मजेदार, जायकेदार, मसालेदार, लजीज, सुस्वादु, स्वादु ।
tasteful, delicious, full of relish, enjoyable, condimental.

स्वाभाविक (वि.) अकृत्रिम, कुदरती, नैसर्गिक, प्रकृत, प्राकृत, प्राकृतिक, सहज ।
natural, normal, spontaneous.

स्वाभाविकता (स्त्री.) अकृत्रिमता, नैसर्गिकता, सहजता ।
naturalness, spontaneity.

स्वाभिमानी (वि.) गर्वीला, गैरतमंद ।
self-respecting.

स्वामित्व (पुं.) मिल्कियत ।
ownership.

स्वामिनी (स्त्री.) गृहलक्ष्मी, गृहस्वामिनी, मालकिन ।
mistress.

स्वामी (पुं.) अधिपति, अधिपुरुष, बंदापरवर, मालिक, मौला, सरकार, सर्वेसर्वा, साहब ।
owner, boss, proprietor.

स्वायत्त (वि.) खुदमुख्तार ।
autonomous.

स्वार्थ (पुं.) खुदगरजी, गरज, गौं ।
self-interest, selfishness.

स्वार्थी (वि.) खुदगरज, मतलबी, स्वार्थपरायण, स्वार्थसाधक, स्वार्थांध ।
selfish, selfseeker.

स्वास्थ्य (पुं.) आरोग्यता, तंदुरुस्ती ।
health.

स्वीकार करना (क्रिपद) अंगीकार करना, अंगीकृत करना, अपनाना, ग्रहण करना, धारण करना, मंजूर करना, मंजूरी देना, मानना, शिरोधार्य करना, सहमति देना, स्वीकारना, स्वीकृति देना, हामी भरना ।
to accept, to take.

स्वीकार्य (वि.) ग्राह्य, प्रतिग्राह्य, स्वीकरणीय ।
acceptable.

स्वीकृत (वि.) अनुमतिप्राप्त, प्रतिगृहीत, मंजूर, मान्य, मान्यताप्राप्त, सकारा हुआ ।
accepted.

स्वीकृति (स्त्री.) अनुमति, ग्रहण, प्रतिग्रहण, मंजूरी, मान्यता, हामी ।
acceptance.

स्वेच्छया (क्रिवि.) खुशी-खुशी, मन-मर्जी से, राजी-खुशी, स्वेच्छापूर्वक, स्वेच्छा से ।
arbitrarily.

स्वेच्छाचार (पुं.) अपनी (करना), धाँधली, निरंकुशता, मनमानी ।
arbitrariness.

स्वेच्छाचारी (वि.) धाँधलीबाज, निरंकुश, मनमाना आचरण करनेवाला ।
arbitrary.

हंस (पुं.) मराल, राजहंस, सितपक्ष, सारंग ।
swan.

हँसना (क्रि.) कहकहाना, कहकहा मारना/लगाना, खिलखिलाना, ठठाकर हँसना, ठट्ठा मारना/लगाना, ठहाका मारना/लगाना, मुस्कराना, मुस्काना, खिहँसना।
to laugh.

हँसमुख (वि.) खुशमिजाज, प्रफुल्ल, प्रमुदित, प्रसन्न, प्रसन्नवदन, हँसने-हँसानेवाला।
jolly, cheery, cheerful.

हँसी (स्त्री.) १. खिलखिलाहट, मुस्कान, मुस्कराहट, स्मिति।
smile, laugh.
–२. चुटकी, चोज, ठट्ठा, ठट्ठेबाजी, ठिठोली, ठीठी, दिल्लगी, भद्द, परिहास, मखौल, मखौलबाजी, मजाक, मजाकबाजी, मसखरी, विडंबना, विनोद, हँसी-ठट्ठा, हास-परिहास, हँसी-मजाक, हँसी-दिल्लगी, हास्य।
joke, jest, banter, wagging, wit.

हँसी उड़ाना (क्रिपद) चुटकी लेना, भद्द उड़ाना, मजाक उड़ाना, परिहास करना।
to laugh at, to ridicule.

हटना (क्रि.) अलग होना, खिसकना, टलना, बढ़ना।
to leave.

हट्टा-कट्टा (वि.) टंडैल, तगड़ा, दृढांग, समर्थांग, हृष्टपुष्ट।
firm-bodied, able-bodied, sturdy.

हड़प लेना (क्रिपद) ठूँस लेना, पचा लेना, भकोस लेना, हजमकर जाना, हड़पना।
1. to devour, to polish off, to gobble, to gulp, to bolt.2. to grab.

हड्डी (स्त्री.) हाड़।
bone.

हठ (पुं.) जिद, टेक, दुराग्रह, हठधर्म, हमीर-हठ।
stubbornness, obstinacy.

हठी (वि.) अड़ियल, जिद्दी, कट्टर, मताग्रह, सिद्धांतवादी, हठधर्मी, हठीला।
stubborn, obstinate.

हत (वि.) मृत, हलाक।
killed.

हतप्रभ (वि.) कांतिहीन, दीप्तिहीन, निष्प्रभ, बुझा हुआ।
lusterless.

हत्था (पुं.) बेंट, मुट्ठा, मूठ, हैंडल।
handle.

हत्या (स्त्री.) कत्ल, खून, जीवहत्या, जीवहिंसा, नरवध, नरहत्या, वध, संहार, हनन, हिंसा।
killing, slaughter, murder.

हत्या करना (क्रिपद) कत्ल करना, खून करना, जान लेना, ढेर कर देना, प्राण लेना, मार डालना, वध करना, समाप्त करना, हनन करना, हिंसा करना।
to kill, to murder.

हत्यारा (पुं.) कातिल, खूनी, वधिक, संहारक, हंता, हत्यारिन (स्त्री.), हिंसक।
killer, assassin.

हथियार (पुं.) असलहा, आयुध, अस्त्र-शस्त्र,
weapon, arms.

हद कर देना (क्रिपद) चरम सीमा तक पहुँच जाना।
to cross limits.

हब्शी (पुं.) नीग्रो।
negro.

हमबिस्तर (वि.) शय्यासंगी, शय्यासंगिनी (स्त्री.)।
bed-fellow.

हर (वि.) प्रति, फी।
each.

हर एक (वि.) प्रत्येक, हर कोई, सब।
each and every.

हर समय (क्रिवि.) उठते-बैठते, चौबीसों घंटे, दिन-रात, सुबह-शाम, सोते-जागते, हर घड़ी, हर पल।
all the time.

हरा (वि.) अंगूरी, धानी, सब्ज, हरित।
green.

हरा-भरा (वि.) तरोताजा, ताजा, सरसब्ज।
verdant, fresh.

हलका (वि.) मुलायम, मंद, सुबुक, हलका-फुलका, हल्लूक।

light..

हलचल(स्त्री.) खलबली, सरगर्मी ।
stir, commotion.

हलचल पैदा करना(क्रिपद) उद्वेलित करना, सरगर्मी लाना ।
to create a stir, to cause a commotion.

हवाई (वि.) वायवीय, वायव्य ।
aerial.

हवाई किले बनाना(क्रिपद) आकाश-कुसुम तोड़ना, ख्याली पुलाव पकाना, आसमान के तारे तोड़ना, मन के लड्डू खाना ।
to build castles in the air.

हवाखोरी(स्त्री.) वायुसेवन, हवा खाना ।
walking for pleasure.

हस्तक्षेप(पुं.) खलल, दखलंदाजी, दखल, दस्तंदाजी, मुदाखलत ।
interference, meddling.

हस्तक्षेपक(पुं.) दखलंदाज, दस्तंदाज, हस्तक्षेपी ।
interferer, meddler.

हस्तक्षेप करना(क्रिपद) खलल डालना, टाँग अड़ाना, दखलंदाजी करना, दखल देना, पाँव अड़ाना, बाधा डालना, मुदाखलत करना, व्यवधान डालना ।
to interfere, to meddle.

हस्तलाघव (पुं.) हाथ की सफाई ।
skill of hand.

हस्तलेख(पुं.) खत, लिखावट, हस्तलिपि ।
handwriting.

हस्ताक्षर(पुं.) दस्तखत, सही, साईन, स्वाक्षर ।
signature, sign.

हाँफना (क्रि.) दम फूलना, साँस चढ़ना, साँस फूलना, हँफनी होना, हाँफने लगना।
to pant.

हाँ में हाँ मिलाना (क्रिपद) सुर में सुर मिलाना ।
to say aye to aye.

हाथ(पुं.) कर, दस्त, पाणि, हस्त ।
hand.

हाथी(पुं.) कुंजर, गज, गयंद ।
elephant.

हानि(स्त्री.) अकाज, अनभला, अहित, क्षति, घाटा, घट्टी, चोट, नुकसान, हर्ज, हर्जा ।
loss, damage, injury.

हानिकर(वि.) अनिष्टकर, क्षतिकर, घातक, नुकसानदेह, हानिकारक, हानिप्रद ।
harmful, injurious, hurtful.

हानि-लाभ(पुं.) ऊँच-नीच, नफा-नुकसान, भलाई-बुराई, भला-बुरा, हिताहित ।
profit & loss.

हार(स्त्री.) असफलता, पराजय, मात, विफलता, शिकस्त ।
defeat.

हार जाना(क्रिपद) पराजित होना, पराभूत होना, परास्त होना, मात खाना, शिकस्त खाना ।
to be defeated.

हार्दिक(वि.) भावभीना, भावविभोर ।
hearty, cordial.

हालचाल पूछना(क्रिपद) कुशल पूछना, खबर लेना, समाचार जानना, सुध लेना ।
to enquire about.

हाव-भाव(पुं.) अंगभंगिमा, अंगभंगी, अंग-विक्षेप, चोचला, नखरा ।
gestures and postures.

हिचक (स्त्री.) अकचक, अचकचाहट, आगा-पीछा, झिझक, धड़क, धड़का, पसोपेश, हिचर-मिचर ।
hesitation, hitch.

हिचकना(क्रि.) अगर-मगर करना, अब-तब करना, झिझकना, टाल-मटोल करना, ठिठकना, पसोपेश में पड़ना, हिचकिचाना, हिचर-मिचर करना ।
to hesitate, to dilly-dally.

हिचकी(स्त्री.) हिक्का ।
hiccup.

हिदायत(स्त्री.) अनुदेश, नसीहत ।
instruction.

हिमपात(पुं.) हिमवर्षा ।
snow-fall.

हिमालय(पुं.) गिरींद्र, गिरीश, नगपति, हिमाचल, हिमगिरि, हिमवान, हिमाद्रि ।

Himalaya.

हिरन(पुं.) कुरंग, चीतल, मृग, साँभर, सारंग, हरिण।
deer.

हिलाना(क्रि.) आंदोलित करना, कँपा देना, झंझोड़ना, झकझोरना, झिंझोड़ना।
to shake.

हीनभावना(स्त्री.) हीनता, हीनत्व।
inferiority complex.

हुक(पुं.) अँकुड़ा।
hook.

हुक्का(पुं.) *गड़गड़ा।*
hooka, hubble-bubble.

हुज्जती(वि.) किचकिचिया, झाँव-झाँव करनेवाला।
clamant.

हृदय(पुं.) उर, कलेजा, जी, दिल, हिय, हियरा, हिया, हीया।
heart.

हृदयविदारक(वि.) तड़पानेवाला, मर्मभेदी, मर्मस्पर्शी, मार्मिक, संतापकारी, हृदयबेधी, हृदयस्पर्शी।
heart-breaking, agonizing, distressing, heart-rending.

हृष्टपुष्ट(वि.) १. गठा, गठीला, तगड़ा। –२. मोटा (दे.)
well-built, stout, robust, sturdy.

हेरफेर (स्त्री.) अदल-बदल, अदला-बदली, फेरफार, हेराफेरी।
interchange.

हैजा(पुं.) कालरा, विसूचिका।
cholera.

होठ (पुं.) अधर, ओठ, ओष्ठ, लब, होंठ।
lip.

होनहार(वि.) उदीयमान, उन्नतिशील, प्रगतिशील, वृद्धिशील।
promising.

होली(स्त्री.) फाग, होलिका।
Holi festival.

हौआ (पुं.) जूजू, बिजूखा।
bugaboo, bugbear.

•

द्वितीय खण्ड

विपर्याय कोश

अंगीकरण –अनंगीकरण (पुं.)
अंतरंग –बहिरंग (वि.)
अंतिम –अनंतिम (वि.)
अंदर –बाहर (क्रिवि.)
अँधेरा –उजाला (पुं.)
अकंटक –कंटकित (वि.)
अकेला –दुकेला (वि.)
अक्षत –विक्षत (वि.)
अक्षम –सक्षम (वि.)
अखंडनीय –खंडनीय (वि.)
अगम –सुगम (वि.)
अगला –पिछला (वि.)
अगवाड़ा –पिछवाड़ा (पुं.)
अगाड़ी –पिछाड़ी (स्त्री.)
अग्र –पश्च (वि.)
अग्रगामी –पश्चगामी (वि.)
अच्छा –बुरा, खराब (वि.)
अच्छाई –बुराई (स्त्री.)
अच्युत –च्युत (वि.)
अज्ञ –विज्ञ (वि.)
अटल –डाँवाडोल, ढुलमुल (वि.)
अतिक्रमण –अनतिक्रमण (पुं.)
अतुल –तुल्य (वि.)
अत्यधिक –अत्यल्प (वि.)
अथ –इति (पुं., स्त्री.)
अथाह –छिछला (वि.)
अदृश्य –दृश्य (वि.)
अद्यतन –अनद्यतन, पुरातन (वि.)
अद्वितीय –द्वितीय (वि.)
अधिक –न्यून, अल्प, थोड़ा (वि.)
अधिकतम –अल्पतम (वि.)
अधिकतर –कभी-कभी (क्रिवि.)
अधिकता –अल्पता (स्त्री.)
अधिकारक –अनधिकारक (वि.)
अधिकारी –अनधिकारी (वि.)
अधिकृत –अनधिकृत (वि.)
अधिगत –अनधिगत (वि.)
अधिगम्य –अनधिगम्य (वि.)
अधिमूल्यन –अवमूल्यन (पुं.)
अधिष्ठित –अनधिष्ठित (वि.)
अधीन –अनधीन, स्वतंत्र (वि.)
अध्यवसाय –अनध्यवसाय (पुं.)
अनंत –सांत, ससीम (वि.)
अनाजी –फलाहारी (वि.)
अनाथ –सनाथ (वि.)
अनाहूत –आहूत (वि.)
अनिवार्य –निवार्य (वि.)
अनुकूल –अननुकूल, प्रतिकूल (वि.)
अनुकूलता –प्रतिकूलता (स्त्री.)
अनुक्रिया –प्रतिक्रिया (स्त्री.)
अनुभव –अनुभवहीनता (पुं., स्त्री.)
अनुभवी –अनुभवहीन (वि.)
अनुभूत –अननुभूत (वि.)
अनुमत –अननुमत (वि.)
अनुयायी –विरोधी (पुं.)
अनुरक्त –विरक्त (वि.)
अनुरक्ति –विरक्ति (स्त्री.)
अनुराग –विराग (पुं.)
अनुरूप –अननुरूप (वि.)
अनुशासनबद्ध –अनुशासनहीन (वि.)
अन्यायी –न्यायी, न्यायशील (वि.)
अन्वय –अनन्वय (पुं.)
अन्वित –अनन्वित (वि.)
अन्विति –अनन्विति (स्त्री.)
अपकर्ष –उत्कर्ष (पुं.)
अपना –पराया (वि.)
अपनापन –परायापन (पुं.)
अपराधी –निरपराधी (वि.)
अपेक्षित –अनपेक्षित (वि.)
अभिज्ञ –अनभिज्ञ (वि.)
अभिज्ञता –अनभिज्ञता (स्त्री.)
अभिनंदनीय –निंदनीय (वि.)
अभिप्रेत –अनभिप्रेत (वि.)
अभिमानी –निरभिमान, निरभिमानी (वि.)
अभिलषित –अनभिलषित (वि.)

अभिव्यक्त –अनभिव्यक्त (वि.)
अभिहित –अनभिहित (वि.)
अभ्यस्त –अनभ्यस्त (वि.)
अभ्यास –अनभ्यास (पुं.)
अमर –मर्त्य (वि.)
अमित –परिमित (वि.)
अमीर –गरीब (वि.)
अमीरी –गरीबी (स्त्री.)
अमृत –विष (पुं.)
अर्जित –अनर्जित (वि.)
अर्थ –अनर्थ (पुं.)
अर्थवान –अर्थहीन, निरर्थक (वि.)
अर्पण –ग्रहण (पुं.)
अर्वाचीन –प्राचीन (वि.)
अर्हता –अनर्हता (स्त्री.)
अल्प –महा, बहु, दीर्घ (वि.)
अल्पकालीन –दीर्घकालीन (वि.)
अल्पज्ञ –बहुज्ञ (वि.)
अल्पप्राण –महाप्राण (वि.)
अल्पमत –बहुमत (पुं.)
अल्पसंख्यक –बहुसंख्यक (वि.)
अवकाश –अनवकाश (पुं.)
अवगत –अनवगत (वि.)
अवगाह्य –अनवगाह्य (वि.)
अवर –प्रवर (वि.)
अवलंबित –अनवलंबित (वि.)
अवशेष –नि:शेष (वि.)
अवसर –अनवसर (पुं.)
अवस्थित –अनवस्थित (वि.)
अवाक् –सवाक् (वि.)
अविचल –विचल, डाँवाडोल, ढुलमुल (वि.)
अविच्छिन्न –विच्छिन्न (वि.)
अविस्मरणीय –विस्मरणीय (वि.)
अशक्त –सशक्त (वि.)
अशन –अनशन (पुं.)
अश्लील –श्लील (वि.)
असली –नकली (वि.)
असीम –ससीम (वि.)
असूया –अनसूया (स्त्री.)
अस्तित्व –अनस्तित्व (पुं.)
अहंकार –अनहंकार (पुं.)
अहंकारी –निरहंकारी (वि.)
अहिस्ता-अहिस्ता –बेतहाशा (क्रिवि.)
आंतर –बाह्य (वि.)
आकर्षक –अनाकर्षक, अपकर्षक, विकर्षक (वि.)
आकर्षण –अनाकर्षण, अपकर्षण, विकर्षण (पुं.)
आक्रांत –अनाक्रांत (वि.)
आक्रामक –आक्रामित (पुं., वि.)
आगत –अनागत (वि.)
आगामी –विगत (वि.)
आग्रह –दुराग्रह (पुं.)
आच्छादित –अनाच्छादित (वि.)
आज्ञाकारी –अनाज्ञाकारी, अवज्ञाकारी (वि.)
आज्ञापालन –अवज्ञा (पुं., स्त्री.)
आडंबर –सादगी (पुं., स्त्री.)
आडंबरपूर्ण –आडंबरहीन (वि.)
आतुर –अनातुर (वि.)
आत्मनिर्भर –अनुजीवी, परजीवी (वि.)
आदर –अनादर, निरादर (पुं.)
आदान –प्रदान (पुं.)
आदि –अंत (पुं.)
आदृत –अनादृत, निरादृत, तिरस्कृत (वि.)
आधिक्य –अनाधिक्य (पुं.)
आधुनिक –प्राचीन, पुराना (वि.)
आनंद –विषाद, शोक (पुं.)
आनंदमग्न –विषादमय, शोकमग्न (वि.)
आना –जाना (क्रि.)
आपसदारी –दुजायगी (स्त्री.)
आप्त –अनाप्त (वि.)
आबाद –१. सूना २. बरबाद (वि.)
आमंत्रित –अनामंत्रित (वि.)
आमदनी –खर्च (स्त्री., पुं.)

आमिष –निरामिष (वि.)
आय –व्यय (स्त्री., पुं.)
आयात –निर्यात (पुं.)
आरंभ –अंत, समापन, समाप्ति (पुं., पुं., पुं., स्त्री.)
आरंभिक –अंतिम (वि.)
आराध्य –दुराराध्य (वि.)
आराम –तकलीफ (पुं., स्त्री.)
आरूढ़ –अनारूढ़ (वि.)
आरोह –अवरोह (पुं.)
आर्द्र –अनार्द्र (वि.)
आर्य –अनार्य (पुं.)
आर्ष –अनार्ष (वि.)
आलसी –कर्मठ, कर्मण्य (वि.)
आवर्तक –अनावर्तक (वि.)
आवर्षण –अनावर्षण (पुं.)
आवश्यक –अनावश्यक (वि.)
आविर्भाव –तिरोभाव, अवसान (पुं.)
आवृत –अनावृत (वि.)
आवृष्टि –अनावृष्टि (स्त्री.)
आवेशित –अनावेशित (वि.)
आशा –निराशा, दुराशा (स्त्री.)
आशीर्वाद –अभिशाप, शाप (पुं.)
आश्रित –अनाश्रित, बेसहारा (वि.)
आसक्त –अनासक्त, विरक्त (वि.)
आसान –मुश्किल (वि.)
आसानी –मुश्किल (स्त्री.)
आसीन –अनासीन (वि.)
आस्तिक –नास्तिक (वि.)
आस्तिकता –नास्तिकता (स्त्री.)
आस्था –अनास्था (स्त्री.)
आहत –अनाहत (वि.)
आहार्य –अनाहार्य (वि.)
आहूत –अनाहूत (वि.)
इकतरफ़ा –दुतरफ़ा (वि.)
इच्छा –अनिच्छा (स्त्री.)
इच्छित –अनिच्छित, अनचाहा (वि.)
इच्छुक –अनिच्छुक (वि.)
इज्ज़त –बेइज्ज़ती (स्त्री.)
इहलोक –परलोक (पुं.)
ईप्सित –अनीप्सित (वि.)
ईमानदार –बेईमान (वि.)
ईमानदारी –बेईमानी (स्त्री.)
ईश्वरवादी –अनीश्वरवादी (वि.)
उक्त –अनुक्त (वि.)
उग्र –सौम्य (वि.)
उचित –अनुचित (वि.)
उच्च –अनुच्च, निम्न, नीचा (वि.)
उच्चरित –अनुच्चरित (वि.)
उच्छिष्ट –अनुच्छिष्ट (वि.)
उच्छ्वास –निःश्वास (पुं.)
उज्ज्वल –धूमिल (वि.)
उठना –बैठना (क्रि.)
उठाना –गिराना, बैठाना (क्रि.)
उतरना –चढ़ना (क्रि.)
उतार –चढ़ाव (पुं.)
उत्कर्ष –अपकर्ष (पुं.)
उत्कृष्ट –निकृष्ट (वि.)
उत्कृष्टता –निष्कृष्टता (स्त्री.)
उत्तम –अनुत्तम (वि.)
उत्तरदायित्व –अनुत्तरदायित्व (पुं.)
उत्तरित –अनुत्तरित (वि.)
उत्तरी –दक्षिणी (वि.)
उत्तीर्ण –अनुत्तीर्ण (वि.)
उत्तेजन –प्रशमन (पुं.)
उत्तेजित –अनुत्तेजित, शांत (वि.)
उत्थान –पतन (पुं.)
उत्पन्न –अनुत्पन्न, मृत (वि.)
उत्पादक –अनुत्पादक (वि.)
उत्साह –अनुत्साह (पुं.)
उत्साही –अनुत्साही (वि.)
उत्सुक –अनुत्सुक (वि.)
उत्सुकता –अनुत्सुकता (स्त्री.)
उदग्र –अनुदग्र (वि.)
उदय –अस्त (पुं.)
उदात्त –अनुदात्त (वि.)
उदार –अनुदार, कृपण (वि.)

उदारता –अनुदारता, कृपणता (वि.)
उदित –अस्त (वि.)
उद्धत –सौम्य (वि.)
उद्धृत –अनुद्धृत (वि.)
उद्भव –अवसान (पुं.)
उद्भूत –अनुद्भूत (वि.)
उद्यत –अनुद्यत (वि.)
उद्यम –आलस्य (पुं.)
उद्यमी –अनुद्यमी, आलसी (वि.)
उद्योगी –अनुद्योगी (वि.)
उद्विग्न –अनुद्विग्न, निरुद्विग्न (वि.)
उद्वेग –निरुद्वेग (पुं.)
उन्नत –अनुन्नत, अवनत (वि.)
उन्नति –अवनति, गिरावट (स्त्री.)
उन्मत्त –अनुन्मत्त (वि.)
उन्मुख –विमुख (वि.)
उन्मूलन –रोपण (पुं.)
उपकार –अनुपकार (पुं.)
उपकारक –अनुपकारक (वि.)
उपगत –अनुपगत (वि.)
उपमित –अनुपमित (वि.)
उपमेय –अनुपमेय (वि.)
उपयुक्त –अनुपयुक्त (वि.)
उपयुक्तता –अनुपयुक्तता (स्त्री.)
उपयोग –अनुपयोग, दुरुपयोग, दुष्प्रयोग (पुं.)
उपयोगी –अनुपयोगी, निरुपयोगी (वि.)
उपरिलिखित –निम्नलिखित, अधोलिखित (वि.)
उपलब्ध –अनुपलब्ध (वि.)
उपलब्धि –अनुपलब्धि (स्त्री.)
उपस्थित –अनुपस्थित (वि.)
उपस्थिति –अनुपस्थिति (स्त्री.)
उपादेय –अनुपादेय (वि.)
उपार्जित –अनुपार्जित (वि.)
उल्लंघन –अनुल्लंघन (पुं.)
उल्लास –विषाद (पुं.)
ऊँच –नीच (स्त्री.)

ऊँचा –नीचा (वि.)
ऊपर –नीचे (क्रिवि.)
ऋजु –वक्र (वि.)
ऋणग्रस्त –ऋणमुक्त (वि.)
ऋत –अनृत (वि.)
एक –अनेक (वि.)
एकता –अनेकता (स्त्री.)
एकत्र –विकीर्ण (वि.)
एकपक्षीय –बहुपक्षीय (वि.)
एकाग्रचित्त –अन्यमनस्क, दुचित्ता (वि.)
एकार्थक –अनेकार्थक (वि.)
ऐक्य –अनैक्य (पुं.)
ऐच्छिक –अनैच्छिक (वि.)
ऐहिक –पारलौकिक (वि.)
औचित्य –अनौचित्य (पुं.)
औपचारिक –अनौपचारिक (वि.)
औपचारिकता –अनौपचारिकता (स्त्री.)
कंजूस –शाहखर्च, मुक्तहस्त, उदार (वि.)
कंपित –अकंपित (वि.)
कटु –प्रिय, मधु (वि.)
कठोर –मृदु, कोमल (वि.)
कड़वा –मीठा (वि.)
कथनीय –अकथनीय (वि.)
कथित –अकथित (वि.)
कथ्य –अकथ्य (वि.)
कपटी –निष्कपट, निश्छल (वि.)
कभी-कभी –सदा, हमेशा (क्रिवि.)
कम –ज्यादा, अधिक (वि.)
कमजोर –तगडा (वि.)
करुण –निष्ठुर (वि.)
कर्कश –मधुर (वि.)
कर्ता –अकर्ता (पुं.)
कर्म –अकर्म (पुं.)
कर्मण्य –अकर्मण्य (वि.)
कलंकित –निष्कलंक (वि.)
कलंकी –निष्कलंकी (वि.)

कल्पनातीत –कल्पनीय (वि.)
कल्पनीय –अकल्पनीय, कल्पनातीत (वि.)
कल्पित –अकल्पित, यथार्थ, अयथार्थ (वि.)
कसा –ढीला (वि.)
कसूरवार –बेकसूर (वि.)
कहा –अनकहा (वि.)
कहीं-कहीं –सब जगह, सर्वत्र (क्रिवि.)
काज –अकाज (पुं.)
काट्य –अकाट्य (वि.)
काबिल –नाकाबिल (वि.)
कामयाब –नाकामयाब (वि.)
कामयाबी –नाकामयाबी (स्त्री.)
कामी –अकाम, निष्काम (वि.)
काल –अकाल (पुं.)
काला –गोरा (वि.)
किस्मतवर –बदकिस्मत (वि.)
कीर्ति –अपकीर्ति (स्त्री.)
कीर्तिकर –अकीर्तिकर (वि.)
कुंठित –अकुंठित, तीखा, धारदार (वि.)
कुपरिणाम –सुपरिणाम (पुं.)
कुप्रथा –सुप्रथा (स्त्री.)
कुफल –सुफल (पुं.)
कुमारी –विवाहिता (स्त्री.)
कुलीन –अकुलीन (वि.)
कुव्यवस्था –सुव्यवस्था (स्त्री.)
कुशल –अकुशल (वि.)
कुशलता –अकुशलता (स्त्री.)
कृत –अकृत (वि.)
कृतकार्य –अकृतकार्य, विफल-मनोरथ (वि.)
कृतज्ञ –अकृतज्ञ (वि.)
कृतज्ञता –अकृतज्ञता (स्त्री.)
कृत्रिम –अकृत्रिम, प्रकृत (वि.)
कृत्रिमता –अकृत्रिमता (स्त्री.)
कृपण –दाता (वि.)
कृपा –अकृपा, अवकृपा (स्त्री.)
कृष्ण –शुक्ल (वि.)
कृष्ट –अकृष्ट (वि.)
के अंदर –के बाहर (परसर्ग)
के नीचे –के ऊपर (परसर्ग)
कोमल –कठोर (वि.)
कोमलता –कठोरता (स्त्री.)
कोलाहल –शान्ति (पुं., स्त्री.)
क्रमिक –अक्रमिक (वि.)
क्रय –विक्रय (पुं.)
क्षत –अक्षत (वि.)
क्षम –अक्षम (वि.)
क्षम्य –अक्षम्य (वि.)
क्षुण्ण –अक्षुण्ण (वि.)
क्षुद्र –विशाल (वि.)
क्षुब्ध –अक्षुब्ध, शांत (वि.)
खंड-खंड, –अखंडित (वि.)
खंडन –मंडन (पुं.)
खंडनीय –मंडनीय (वि.)
खंडित –अखंडित, अखंड (वि.)
खरा –खोटा (वि.)
खरीद –बिक्री (स्त्री.)
खरीदना –बेचना (क्रि.)
खाद्य –अखाद्य (वि.)
खाली –भरा (वि.)
खिलना –मुरझाना (क्रि.)
खिला –मुरझाया (वि.)
खुला –बंद; अवरुद्ध (वि.)
खुशकिस्मत –बदकिस्मत (वि.)
खुशमिज़ाज –बदमिजाज (वि.)
खुशी –गम, गमी (स्त्री, पुं. स्त्री.)
खुशी-खुशी –बेमन से (क्रिवि.)
खूबसूरत –बदसूरत (वि.)
खेद –प्रसन्नता (पुं., स्त्री.)
गंभीर –अगंभीर, छिछला (वि.)
गणनीय –अगणनीय, अगण्य (वि.)
गण्य –अगण्य, नगण्य (वि.)
गत –आगत (वि.)
गमन –आगमन (पुं.)

गर्म –ठंडा (वि.)
गलत –सही (वि.)
गहरा –छिछला (वि.)
गिराना –उठाना (क्रि.)
गीला –सूखा (वि.)
गुण –अवगुण, दोष (पुं.)
गुणी –निर्गुणी (वि.)
गुनाहगार –बेगुनाह (वि.)
गुप्त –प्रकट (वि.)
गुमसुम –बातूनी, बड़बड़िया (वि.)
गुरु –अगुरु, हलका (वि.)
गूढ़ –अगूढ़ (वि.)
गृहस्थ –संन्यासी (पुं.)
गेय –अगेय (वि.)
गौण –मुख्य (वि.)
ग्रस्त –मुक्त (वि.)
ग्रहण –त्याग, परित्याग (पुं.)
ग्रामीण –नागर, शहरी (वि.)
ग्राम्य –१. नागर (वि.)
२. वन्य (वि.)
ग्राह्य –अग्राह्य, त्याज्य (वि.)
घटती –बढ़ती (स्त्री.)
घटना –बढ़ना (क्रि.)
घटित –अघटित (वि.)
घृणा –प्रेम (स्त्री., पुं.)
घोषित –अघोषित (वि.)
चंचल –अचंचल, स्थिर (वि.)
चढ़ना –उतरना, गिरना (क्रि.)
चतुर –मूर्ख (वि.)
चपल –अचपल (वि.)
चर –अचर (वि.)
चरित्रवान –चरित्रहीन (वि.)
चल –अचल (वि.)
चालाक –सीधा, भोला (वि.)
चाहा –अनचाहा (वि.)
चिंतनीय –अचिंतनीय (वि.)
चिंतित –अचिंतित (वि.)
चिंत्य –अचिंत्य
चिकित्स्य –अचिकित्स्य (वि.)
चिरस्थायी –अल्पस्थायी (वि.)
चुस्त –ढीला, लचर (वि.)
चेतन –अचेतन, जड़ (वि.)
चैन –बेचैनी (पुं., स्त्री.)
चोरी-छिपे –डंके की चोट (क्रिवि.)
छली –निश्छल (वि.)
छिछला –गहरा (वि.)
छुटकारा –बंधन (पुं.)
छेद्य –अछेद्य (वि.)
छोटा –बड़ा, लंबा (वि.)
जटिल –सरल (वि.)
जंगम –स्थावर (वि.)
जड़ –चेतन (वि.)
जड़ता –चेतनता, चैतन्य (स्त्री., स्त्री., पुं.)
जन्म –मृत्यु (पुं., स्त्री.)
जय –पराजय (स्त्री.)
जरूरी –गैरजरूरी (वि.)
जवानी –बुढ़ापा (स्त्री., पुं.)
जल्दी-जल्दी –धीरे-धीरे (क्रिवि.)
जागना –सोना (क्रि.)
जानकार –अनजान (वि.)
जागरण –सुषुप्ति (पुं., स्त्री.)
जाति –विजाति (स्त्री.)
जानदार –बेजान (वि.)
जाना-पहचाना –अजनबी (वि.)
जारज –औरस (वि.)
जालिम –रहमदिल (वि.)
जितेंद्रिय –अजितेंद्रिय (वि.)
जीत –हार (स्त्री.)
जीर्ण –अजीर्ण (वि.)
जीवन –मरण (पुं.)
जीवित –मृत (वि.)
जुड़ा –बिछुड़ा, अलहदा (वि.)
जेय –अजेय (वि.)
जोरदार –हलका (वि.)
ज्ञात –अज्ञात (वि.)
ज्ञान –अज्ञान, भ्रम (पुं.)

ज्ञानी –मूढ़, अज्ञानी (वि.)
ज्ञेय –अज्ञेय (वि.)
ज्येष्ठ –कनिष्ठ (वि.)
ठंडा –गर्म (वि.)
ठोस –पोला, खोखला (वि.)
तंदुरुस्त –कमजोर (वि.)
तकलीफ –आराम (स्त्री., पुं.)
तद्गत –अतद्गत (वि.)
तप्त –शीतल (वि.)
तम –प्रकाश (पुं.)
तर –शुष्क (वि.)
तरल –ठोस (वि.)
तरुण –वृद्ध (वि.)
तर्क –वितर्क (पुं.)
तर्कसंगत –अतर्कसंगत (वि.)
तामसिक –सात्विक (वि.)
तारीफ –बुराई (स्त्री.)
तालीमयाफ्ता –जाहिल (वि.)
तिक्त –मधुर (वि.)
तिमिर –प्रकाश (पुं.)
तीव्र –मंद (वि.)
तुकांत –अतुकांत (वि.)
तुच्छ –महान (वि.)
तुल्य –अतुल्य (वि.)
तृप्त –अतृप्त (वि.)
तृप्ति –अतृप्ति (स्त्री.)
तेज –हलका, मंद (वि.)
त्याज्य –अत्याज्य (वि.)
त्रुटिपूर्ण –त्रुटिहीन (वि.)
थोक –फुटकर (पुं.)
थोड़ा –बहुत, अधिक (वि.)
दंड –पुरस्कार (पुं.)
दक्ष –अदक्ष (वि.)
दक्षता –अदक्षता (स्त्री.)
दक्षिण –वाम (वि.)
दब्बू –दबंग (वि.)
दमनीय –अदमनीय (वि.)
दयालु –निर्दय (वि.)
दरिद्र –धनाढ्य, धनी (वि.)
दर्शनीय –अदर्शनीय (वि.)
दलित –अदलित (वि.)
दागी –बेदाग (वि.)
दाह्य –अदाह्य (वि.)
दिन –रात (पुं., स्त्री.)
दिनांकित –अदिनांकित (वि.)
दिलेर –कायर (वि.)
दीर्घायु –अल्पायु (वि.)
दुआ –बददुआ (स्त्री.)
दुख –सुख (पुं.)
दुखद –सुखद (वि.)
दुखदायक –सुखदायक (वि.)
दुखमय –सुखमय (वि.)
दुराचार –सदाचार (पुं.)
दुराचारी –सदाचारी (वि.)
दुरुस्त –गलत (वि.)
दुर्गति –सुगति (स्त्री.)
दुर्लभ –सुलभ (वि.)
दुष्कर –सुकर (वि.)
दुष्परिणाम –सुपरिणाम (पुं.)
दूर –निकट, पास (क्रिवि.)
दूरदर्शिता –अदूरदर्शिता (स्त्री.)
दूरदर्शी –अदूरदर्शी (वि.)
दूषित –अदूषित (वि.)
दृढ –अदृढ (वि.)
देखा –अनदेखा (वि.)
देय –अदेय (वि.)
देव –दानव (पुं.)
देश –विदेश (पुं.)
देही –अदेह, विदेह (वि.)
दोष –गुण (पुं.)
दोषी –निर्दोष (वि.)
द्रुत –मंथर (वि.)
द्वेष –सद्भावना (पुं., स्त्री.)
द्वेषी –अद्वेषी (वि.)
द्वैत –अद्वैत (वि.)
धनी –निर्धन (वि.)
धर्म –अधर्म (पुं.)

धर्मी –अधर्मी (वि.)
धार्मिक –अधार्मिक (वि.)
धीर –अधीर (वि.)
धीरज –उतावली (पुं., स्त्री.)
धूप –छाँह (स्त्री.)
धृष्ट –विनम्र (वि.)
धैर्य –अधैर्य (पुं.)
नकारात्मक –सकारात्मक (वि.)
नफ़ा –नुकसान (पुं.)
नम्य –अनम्य (वि.)
नम्र –अनम्र (वि.)
नया –पुराना (वि.)
नरक –स्वर्ग (पुं.)
नराधम –नरपुंगव (वि.)
नर्म –सख्त, कड़ा, कठोर (वि.)
नवीन –प्राचीन (वि.)
नवीनता –प्राचीनता (स्त्री.)
नश्वर –अनश्वर (वि.)
नसीबवर –बदनसीब (वि.)
नामवर –बदनाम (वि.)
नामी –बदनाम (वि.)
निंदनीय –अनिंदनीय; प्रशंसनीय; अभिनंदनीय (वि.)
निंदा –प्रशंसा, स्तुति (स्त्री.)
निडर –डरपोक (वि.)
नित्य –अनित्य (वि.)
निपुण –अनिपुण (वि.)
निमंत्रित –अनिमंत्रित (वि.)
नियंत्रित –अनियंत्रित (वि.)
नियत –अनियत (वि.)
नियमित –अनियमित (वि.)
नियामक –अनियामक (वि.)
निरक्षर –साक्षर (वि.)
निरर्थक –सार्थक (वि.)
निराकार –साकार (वि.)
निराधार –साधार (वि.)
निराश –आशावान (वि.)
निरुद्ध –अनिरुद्ध (वि.)
निर्गुण –सगुण (वि.)
निर्जल –सजल (वि.)
निर्जीव –सजीव (वि.)
निर्णय –अनिर्णय (वि.)
निर्णीत –अनिर्णीत (वि.)
निरर्थक –सार्थक (वि.)
निर्दय –सदय, दयालु (वि.)
निर्दिष्ट –अनिर्दिष्ट (वि.)
निर्दोष –सदोष (वि.)
निर्धारित –अनिर्धारित (वि.)
निर्बल –सबल (वि.)
निर्भीक –भयभीत (वि.)
निर्मल –मलिन (वि.)
निर्माण –विनाश, ध्वंस (पुं.)
निर्वचनीय –अनिर्वचनीय (वि.)
निर्वाच्य –अनिर्वाच्य (वि.)
निश्चय –अनिश्चय (पुं.)
निश्चित –अनिश्चित (वि.)
निषिद्ध –विहित (वि.)
निष्काम –सकाम (वि.)
निष्क्रिय –सक्रिय (वि.)
निष्ठा –अनिष्ठा (स्त्री.)
नीचे –ऊपर (क्रिवि.)
नीति –अनीति (स्त्री.)
नीरस –सरस (वि.)
नूतन –पुरातन (वि.)
नेक –बद (वि.)
नेकनामी –बदनामी (स्त्री.)
नेकी –बदी (स्त्री.)
नैसर्गिक –अनैसर्गिक (वि.)
न्याय –अन्याय (पुं.)
न्यायपूर्ण –अन्यायपूर्ण (वि.)
न्यायी –अन्यायी (वि.)
न्यून –अधिक (वि.)
पंडित –मूर्ख (वि.)
पकड़ना –छोड़ना (क्रि.)
पका –अधपका, कच्चा (वि.)
पक्का –कच्चा (वि.)
पक्व –अपक्व (वि.)

पक्षधर –विपक्षी (पुं.)
पक्षपात –१. तटस्थता, २. निष्पक्षता, (पुं., स्त्री., स्त्री.)
पक्षपाती –१. तटस्थ, २. निष्पक्ष (वि.)
पटु –अपटु (वि.)
पठित –अपठित (वि.)
पढ़ा-लिखा –अनपढ़, बेपढ़ा, अँगूठा-छाप (वि.)
पतन –उत्थान (पुं.)
पदस्थ –अपदस्थ, पदच्युत (वि.)
पद्य –गद्य (पुं.)
परकीय –स्वकीय (वि.)
पराजय –विजय (पुं.)
पराजित –अपराजित (वि.)
पराजेय –अपराजेय (वि.)
परार्थ –स्वार्थ (पुं.)
परिग्रही –अपरिग्रही (वि.)
परिचित –अपरिचित, अनजाना (वि.)
परिच्छिन्न –अपरिच्छिन्न (वि.)
परिणत –अपरिणत (वि.)
परिणीत –अपरिणीत (वि.)
परिपक्व –अपरिपक्व (वि.)
परिपुष्ट –अपरिपुष्ट (वि.)
परिमार्जित –अपरिमार्जित (वि.)
परिमित –अपरिमित (वि.)
परिवर्तनीय –अपरिवर्तनीय (वि.)
परिवर्तित –अपरिवर्तित (वि.)
परिश्रमी –आलसी (वि.)
परिष्कृत –अपरिष्कृत (वि.)
परिसीमित –अपरिसीमित (वि.)
परिहार्य –अपरिहार्य (वि.)
परीक्षित –अपरीक्षित (वि.)
परुष –अपरुष, कोमल (वि.)
परोक्ष –अपरोक्ष, प्रत्यक्ष (वि.)
पर्याप्त –अपर्याप्त (वि.)
पवित्र –अपवित्र, दूषित (वि.)
पसंद –नापसंद, नापसंदगी (स्त्री.)
पहला –पिछला, बादवाला (वि.)
पहले –पीछे, बाद में (क्रिवि.)
पाक –नापाक (वि.)
पाच्य –अपाच्य (वि.)
पाठ्य –अपाठ्य (वि.)
पात्र –अपात्र (पुं.)
पाना –खोना (क्रि.)
पाप –पुण्य (पुं.)
पापी –निष्पाप, पुण्यवान, पुण्यशील (वि.)
पारदर्शी –अपारदर्शी (वि.)
पार्थिव –अपार्थिव (वि.)
पाश्चात्य –पूर्वी (वि.)
पास –दूर (क्रिवि.)
पुण्यवान –पापी (वि.)
पुरस्कार –दंड (पुं.)
पुरस्कृत –दंडित (वि.)
पुष्ट –अपुष्ट (वि.)
पुष्टि –अपुष्टि (स्त्री.)
पूत –अपूत (वि.)
पूरा –अधूरा (वि.)
पूरित –अपूरित (वि.)
पूर्ण –अपूर्ण, खाली, रिक्त (वि.)
पूर्णकालिक –अपूर्णकालिक (वि.)
पृथक –संयुक्त (वि.)
पृथक्करणीय –अपृथक्करणीय (वि.)
पेय –अपेय (वि.)
पोषित –अपोषित (वि.)
पौरुषेय –अपौरुषेय (वि.)
प्रकट –अप्रकट, गुप्त, प्रच्छन्न (वि.)
प्रकाशित –अप्रकाशित (वि.)
प्रकृत –अप्रकृत (वि.)
प्रकृतिस्थ –अप्रकृतिस्थ (वि.)
प्रखर –मंद (वि.)
प्रगति –विनाश (स्त्री., पुं.)
प्रगतिशील –अप्रगतिशील, दकियानूस, रूढ़िवादी (वि.)
प्रगल्भ –अप्रगल्भ (वि.)
प्रचलित –अप्रचलित (वि.)

प्रचारित –अप्रचारित (वि.)
प्रचुर –अप्रचुर (वि.)
प्रच्छन्न –अप्रच्छन्न, प्रकट, प्रत्यक्ष (वि.)
प्रतिपन्न –अप्रतिपन्न (वि.)
प्रतिबद्ध –अप्रतिबद्ध (वि.)
प्रतिम –अप्रतिम (वि.)
प्रतिष्ठ –अप्रतिष्ठ (वि.)
प्रतिष्ठित –अप्रतिष्ठित (वि.)
प्रत्यक्ष –अप्रत्यक्ष, प्रच्छन्न, गुप्त (वि.)
प्रत्याशित –अप्रत्याशित (वि.)
प्रथम –अंतिम (वि.)
प्रभावित –अप्रभावित (वि.)
प्रभावी –अप्रभावी, निष्प्रभावी, प्रभावशून्य (वि.)
प्रमाणित –अप्रमाणित (वि.)
प्रमुख –गौण (वि.)
प्रयुक्त –अप्रयुक्त (वि.)
प्रलय –सृष्टि (पुं., स्त्री.)
प्रवर –अवर (वि.)
प्रवृत्त –अप्रवृत्त (वि.)
प्रवृत्ति –निवृत्ति (स्त्री.)
प्रशंसक –निंदक (वि.)
प्रशंसनीय –अप्रशंसनीय, निंदनीय (वि.)

प्रशंसा –निंदा, भर्त्सना (स्त्री.)
प्रशंसित –निंदित (वि.)
प्रशस्त –अप्रशस्त (वि.)
प्रशिक्षित –अप्रशिक्षित (वि.)
प्रश्न –उत्तर (पुं.)
प्रसन्न –अप्रसन्न, खिन्न, दुखी (वि.)
प्रसन्नता –अप्रसन्नता, खेद, दुख (स्त्री., स्त्री., पुं., पुं.)
प्रसम –अप्रसम (वि.)
प्रसार –संकोच (पुं.)
प्रस्तुत –अप्रस्तुत (वि.)
प्रस्तुति –अप्रस्तुति (स्त्री.)
प्राकृत –अप्राकृत (वि.)
प्राकृतिक –अप्राकृतिक (वि.)
प्राधिकृत –अप्राधिकृत (वि.)
प्राप्त –अप्राप्त (वि.)
प्राप्य –अप्राप्य, दुष्प्राप्य (वि.)
प्रामाणिक –अप्रामाणिक (वि.)
प्रायः –बहुधा, सदैव (क्रिवि.)
प्रासंगिक –अप्रासंगिक, बेतुका (वि.)
प्रिय –अप्रिय (वि.)
प्रीति –द्वेष (स्त्री., पुं.)
प्रेम –घृणा (पुं., स्त्री.)
प्रेमभाव –दुर्भाव (पुं.)
प्रेरित –अप्रेरित (वि.)
प्रौढ़ –अप्रौढ़ (वि.)
प्रौढ़ता –अप्रौढ़ता (स्त्री.)
फलाहारी –अनाजी (वि.)
फलित –अफलित (वि.)
फायदा –नुकसान (पुं.)
फूल –काँटा (पुं.)
फैलना –सिकुड़ना (क्रि.)
बंधन –मुक्ति, मोक्ष (पुं., स्त्री., पुं.)
बड़बड़िया –गुमसुम (वि.)
बढ़ना –घटना (क्रि.)
बढ़िया –घटिया (वि.)
बद्ध –अबद्ध, मुक्त (वि.)
बध्य –अबध्य (वि.)
बनना –मिटना; बिगड़ना; टूटना (क्रि.)
बर्बर –सभ्य (वि.)
बलवान –दुर्बल, बलहीन (वि.)
बहिरंग –अंतरंग (वि.)
बहुधा –यदाकदा (क्रिवि.)
बाधक –अबाधक (वि.)
बाधित –अबाधित (वि.)
बाध्य –अबाध्य (वि.)
बार-बार –कभी-कभी (क्रिवि.)
बाहर –अंदर, भीतर (क्रिवि.)
बीमार –चंगा, तंदुरुस्त (वि.)
बुद्धिमान –बुद्धिहीन, निर्बुद्धि (वि.)
बुरा –भला (पुं.)
बुराई –भलाई, अच्छाई (स्त्री.)

बृहत् –लघु (वि.)
बेचना –खरीदना (क्रि.)
बेडौल –सुडौल (वि.)
बेदम –दमदार (वि.)
बेमेल –संगत (वि.)
बोधगम्य –अबोधगम्य, गूढ़, दुरुह (वि.)
बोध्य –अबोध्य (वि.)
ब्याहा –अनब्याहा, कुँआरा (वि.)
भंगुर –अभंगुर (वि.)
भंजनीय –अभंजनीय (वि.)
भक्त –अभक्त (वि.)
भक्ष्य –अभक्ष्य (वि.)
भग्न –अभग्न, साबुत (वि.)
भद्र –अभद्र (वि.)
भद्रता –अभद्रता (स्त्री.)
भय –साहस (पुं.)
भयभीत –निर्भय, अभय, निडर, निर्भीक (वि.)
भरा –खाली, छूछा, रिक्त (वि.)
भला –बुरा (वि., पुं.)
भलाई –बुराई (स्त्री.)
भव्य –साधारण, फूहड़ (वि.)
भाग्यवान –अभागा, बदकिस्मत, हतभाग्य (वि.)
भारी –हलका (वि.)
भारी-भरकम –हलका-फुलका (वि.)
भाव –अभाव; कुभाव, दुर्भाव (पुं.)
भावनीय –अभावनीय (वि.)
भिन्न –अभिन्न (वि.)
भीतर –बाहर (क्रि. वि.)
भीतरी –बाहरी (वि.)
भूतपूर्व –अभूतपूर्व (वि.)
भेद्य –अभेद्य, दुर्भेद्य (वि.)
भोगी –योगी (पुं.)
भोग्य –अभोग्य (वि.)
भोज्य –अभोज्य (वि.)
भौतिक –आध्यात्मिक (वि.)
भ्रांत –निर्भ्रान्त (वि.)
मंगल –अमंगल (पुं.)
मंगलकारी –अमंगलकारी (वि.)
मजेदार –बेमजा (वि.)
मत्त –अमत्त (वि.)
मधुर –अमधुर, कटु, कर्कश, तीक्ष्ण (वि.)
मनुज –दनुज (वि.)
मनुष्य –पशु (पुं.)
मर्यादित –अमर्यादित (वि.)
मलिन –निर्मल (वि.)
मसृण –रूक्ष (वि.)
महत् –लघु (वि.)
महत्ता –लघुता (स्त्री.)
महत्त्वपूर्ण –अमहत्त्वपूर्ण, गौण; असार, तुच्छ (वि.)
महात्मा –दुरात्मा (पुं.)
महान –तुच्छ (वि.)
मान –अपमान (पुं.)
मानव –दानव (पुं.)
मानवीय –अमानवीय (वि.)
मान्य –अमान्य (वि.)
मार्जित –अमार्जित (वि.)
मित्र –शत्रु (पुं.)
मिथ्या –सत्य (वि.)
मिलन –विच्छेद, बिछोह, विरह (पुं.)
मिलना –बिछुड़ना (क्रि.)
मिश्रित –अमिश्रित (वि.)
मीठा –१. नमकीन; २. फीका (वि.)
मुक्त –बँधा, बद्ध (वि.)
मुख्य –गौण (वि.)
मुग्ध –अमुग्ध (वि.)
मुनासिब –नामुनासिब (वि.)
मुमकिन –नामुमकिन (वि.)
मुलायम –कड़ा, कठोर, सख्त (वि.)
मूक –वाचाल (वि.)
मूढ़ –ज्ञानी (वि.)
मूर्छित –सचेत, सजग (वि.)
मूर्त –अमूर्त (वि.)
मृत –जीवित (वि.)

मेल –वैमनस्य, अनबन (पुं., पुं., स्त्री.)
मैत्री –अमैत्री (स्त्री.)
मोटा –पतला; महीन (वि.)
मोहित –अमोहित (वि.)
मौका –बेमौका (पुं.)
मौके –बेमौके (क्रिवि.)
मौन –वाचाल (वि.)
मौलिक –अमौलिक (वि.)
यथार्थ –अयथार्थ (वि.)
यथेष्ट –अपर्याप्त, कम (वि.)
यश –अपयश (पुं.)
यशस्वी –अयशस्वी (वि.)
याचक –अयाचक (वि.)
याचित –अयाचित (वि.)
युक्तियुक्त –अयुक्तियुक्त (वि.)
युवा –वृद्ध (वि.)
योग –वियोग (पुं.)
योग्य –अयोग्य (वि.)
योग्यता –अयोग्यता (स्त्री)
यौगिक –अयौगिक (वि.)
यौवन –वार्धक्य (पुं.)
रक्षक –भक्षक (वि.)
रक्षित –अरक्षित (वि.)
रचित –अरचित (वि.)
रद्द –बहाल (वि.)
रसिक –अरसिक (वि.)
रसीला –रसहीन, नीरस (वि.)
रहमदिल –बेरहम (वि.)
राग –१. द्वेष; २. विराग (पुं.)
राजा –रंक (पुं.)
रात –दिन (स्त्री., पुं.)
रिक्त –पूर्ण, भरा (वि.)
रुचि –अरुचि (स्त्री.)
रुचिकर –अरुचिकर (वि.)
रूढ़िबद्ध –रूढ़िमुक्त (वि.)
रोचक –अरोचक (वि.)
रोना –हँसना (क्रि.)
रौद्र –अरौद्र (वि.)
लंबा –ठिगना, नाटा (वि.)
लक्षित –अलक्षित (वि.)
लगातार –रुक-रुककर (क्रिवि.)
लघु –गुरु (वि.)
लज्जावान –निर्लज्ज (वि.)
लभ्य –अलभ्य (वि.)
लापरवाह –सावधान (वि.)
लाभ –हानि, क्षति (पुं., स्त्री., स्त्री.)
लाभप्रद –अलाभकर, हानिप्रद (वि.)
लायक –नालायक (वि.)
लिखित –अलिखित (वि.)
लिप्त –अलिप्त, निर्लिप्त (वि.)
लुभावना –घिनौना (वि.)
लेना –देना (क्रि.)
लोकप्रिय –अलोकप्रिय (वि.)
लोहित –अलोहित (वि.)
लौकिक –अलौकिक (वि.)
वचनबद्ध –अवचनबद्ध (वि.)
वफादार –बेवफा (वि.)
वयस्क –अवयस्क, अल्पवयस्क, नाबालिग (पुं.)
वर्णनीय –अवर्णनीय, वर्णनातीत (वि.)
वर्ण्य –अवर्ण्य (वि.)
वस्त्रधारी –वस्त्रहीन, विवस्त्र, नंगा, दिगंबर (वि.)
वांछनीय –अवांछनीय
वांछित –अवांछित (वि.)
वाकिफ –नावाकिफ (वि.)
वाजिब –गैरवाजिब, नावाजिब (वि.)
वास्तविक –अवास्तविक (वि.)
वास्तविकता –अवास्तविकता (स्त्री.)
विकल –अविकल (वि.)
विकसित –अविकसित, पिछड़ा (वि.)
विकारी –अविकारी (वि.)
विकास –विनाश (पुं.)
विकृत –अविकृत (वि.)
विक्षुब्ध –अविक्षुब्ध (वि.)
विख्यात –कुख्यात (वि.)

विख्याति – कुख्याति (स्त्री.)
विचलित – अविचलित (वि.)
विचारवान – अविचारी (वि.)
विचारित – अविचारित (वि.)
विच्छिन्न – अविच्छिन्न (वि.)
विजयी – पराजित, परास्त (वि.)
विज्ञ – अविज्ञ (वि.)
विदग्ध – अविदग्ध (वि.)
विदित – अविदित (वि.)
विद्यमान – अविद्यमान (वि.)
विधि – निषेध (स्त्री., पुं.)
विधिक – अविधिक (वि.)
विधिसम्मत – विधिविरुद्ध (वि.)
विनम्र – अविनम्र (वि.)
विनय – अविनय (पुं.)
विनयी – अविनयी (वि.)
विनश्वर – अविनश्वर (वि.)
विनीत – अविनीत, दुर्विनीत (वि.)
विपन्न – अविपन्न, नीरोग (वि.)
विबुध – अविबुध (वि.)
विभक्त – अविभक्त (वि.)
विमुख – उन्मुख (वि.)
वियोज्य – अवियोज्य (वि.)
विरल – सुलभ, सर्वसुलभ (वि.)
विराट – क्षुद्र (वि.)
विवाहित – अविवाहित (वि.)
विवेकी – अविवेकी (वि.)
विशिष्ट – सामान्य, साधारण (वि.)
विशुद्ध – अविशुद्ध (वि.)
विशेष – सामान्य, साधारण (वि.)
विशेषज्ञ – अविशेषज्ञ (वि.)
विश्वसनीय – अविश्वसनीय (वि.)
विश्वस्त – अविश्वस्त, विश्वासघाती (वि.)
विश्वास – अविश्वास (पुं.)
विश्वासी – अविश्वासी (वि.)
विस्तीर्ण – अविस्तीर्ण (वि.)
विस्तृत – संकुचित, संक्षिप्त (वि.)
विस्मरणीय – अविस्मरणीय (वि.)
विहित – अविहित (वि.)
वृद्धि – ह्रास (स्त्री., पुं.)
वृष्टि – अनावृष्टि (स्त्री.)
वैज्ञानिक – अवैज्ञानिक (वि.)
वैतनिक – अवैतनिक (वि.)
वैधिक – अवैधिक (वि.)
वैध – अवैध (वि.)
वैज्ञानिक – अवैज्ञानिक (वि.)
व्यक्त – अव्यक्त (वि.)
व्यस्तिक – अव्यस्तिक (वि.)
व्यग्र – अव्यग्र, प्रशांत (वि.)
व्यभिचारी – सदाचारी (वि.)
व्यर्थ – अव्यर्थ (वि.)
व्यवस्था – अव्यवस्था, कुव्यवस्था (स्त्री.)
व्यवस्थित – अव्यवस्थित (वि.)
व्यवहृत – अव्यवहृत (वि.)
व्यष्टि – समष्टि (स्त्री.)
व्यापक – अव्यापक (वि.)
व्याप्त – अव्याप्त (वि.)
व्याप्ति – अव्याप्ति (वि.)
व्याप्य – अव्याप्य (वि.)
व्यावहारिक – अव्यावहारिक (वि.)
शंकित – अशंकित (वि.)
शकुन – अपशकुन (पुं.)
शक्य – अशक्य (वि.)
शत्रु – मित्र (पुं.)
शम्य – अशम्य (वि.)
शरीरी – अशरीरी (वि.)
शर्मदार – बेशर्म (वि.)
शहरी – देहाती, गँवार (वि.)
शांत – अशांत, उत्तेजित, उद्विग्न (वि.)
शांति – अशांति (वि.)
शानदार – शर्मनाक (वि.)
शाप – वरदान (पुं.)
शालीन – धृष्ट (वि.)
शासक – शासित (पुं.)
शास्त्रीय – अशास्त्रीय (वि.)
शिक्षित – अशिक्षित (वि.)

शिष्ट –अशिष्ट (वि.)
शुचि –अशुचि (वि.)
शुद्ध –अशुद्ध (वि.)
शुद्धता –अशुद्धता (वि.)
शुभ –अशुभ (वि.)
शुष्क –सरस (वि.)
शूर –भीरु (वि.)
शूरता –भीरुता (स्त्री.)
शृंखलित –विशृंखलित (वि.)
शोक –हर्ष (पुं.)
शोधित –अशोधित (वि.)
शोचनीय –अशोचनीय (वि.)
शोषक –शोषित (वि.)
शोहरत –बदनामी (स्त्री.)
शौच –अशौच (पुं.)
श्रद्धा –अश्रद्धा (स्त्री.)
श्रांत –अश्रांत (वि.)
श्री गणेश –इतिश्री (पुं., स्त्री.)
श्रुत –अश्रुत (वि.)
श्रुतिमधुर –कर्णकटु (वि.)
श्रेष्ठ –अधम (वि.)
श्रेष्ठता –अधमता (स्त्री.)
श्लाघ्य –अश्लाघ्य (वि.)
श्लिष्ट –अश्लिष्ट (वि.)
श्वेत –अश्वेत (वि.)
संकल्प –विकल्प (पुं.)
संक्षेप में –विस्तार से (क्रिवि.)
संग –कुसंग (पुं.)
संगत –असंगत, बेमेल (वि.)
संगति –असंगति, विसंगति (स्त्री.)
संघटन –विघटन (पुं.)
संघठित –विघठित (वि.)
संतत –असंतत (वि.)
संतुलन –असंतुलन (पुं.)
संतुष्ट –असंतुष्ट (वि.)
संतुष्टि –असंतुष्टि (स्त्री.)
संतोष –असंतोष (पुं.)
संतोषजनक –असंतोषजनक (वि.)
संतोषी –असंतोषी (वि.)
संदिग्ध –असंदिग्ध (वि.)
संदेह –विश्वास (पुं.)
संधि –विग्रह (स्त्री., पुं.)
संपन्न –विपन्न (वि.)
संपन्नता –विपन्नता (स्त्री.)
संपृक्त –असंपृक्त (वि.)
संबद्ध –असंबद्ध (वि.)
संभव –असंभव (वि.)
संभावना –असंभावना (स्त्री.)
संभावित –असंभावित (वि.)
संभाव्य –असंभाव्य (वि.)
संभाषण –असंभाषण (पुं.)
संयत –असंयत (वि.)
संयम –असंयम (पुं.)
संयमी –असंयमी, व्यभिचारी (वि.)
संयुक्त –असंयुक्त (वि.)
संयोग –असंयोग (पुं.)
संलग्न –असंलग्न (वि.)
संवादी –असंवादी (वि.)
संवृत –विवृत (वि.)
संशय –असंशय (पुं.)
संशयी –निःसंशयी (वि.)
संशोधित –असंशोधित (वि.)
संसारी –असंसारी (वि.)
संस्कृत –असंस्कृत (वि.)
संहत –असंहत (वि.)
सकाम –निष्काम (वि.)
सकारण –अकारण (क्रिवि.)
सकारात्मक –नकारात्मक (वि.)
सक्रिय –अक्रिय, निष्क्रिय (वि.)
सक्रियता –अक्रियता, निष्क्रियता (स्त्री.)
सक्षम –अक्षम (वि.)
सख्त –नरम (वि.)
सगुण –निर्गुण (वि.)
सच –झूठ (पुं.)
सचेत –अचेत, बेसुध, बेखबर, गाफिल (वि.)
सचेष्ट –अचेष्ट, निश्चेष्ट (वि.)

सच्चरित्र –दुश्चरित्र (वि.)
सच्चा –झूठा (वि.)
सजल –निर्जल (वि.)
सजीव –निर्जीव (वि.)
सजीवता –निर्जीवता (स्त्री.)
सज्जन –दुर्जन, शठ, खल (पुं.)
सटा –हटा (वि.)
सतर्क –असतर्क (वि.)
सतर्कता –असतर्कता (स्त्री.)
सत्कर्म –अपकर्म, कुकर्म, दुष्कर्म (पुं.)
सत्कर्मी –कुकर्मी, दुष्कर्मी (वि.)
सत्कार –तिरस्कार (पुं., स्त्री.)
सत्य –असत्य (वि.)
सत्यवादी –असत्यवादी (वि.)
सत्यशील –असत्यशील (वि.)
सत्संग –कुसंग (पुं.)
सदय –निर्दय (वि.)
सदाचार –अनाचार, दुराचार (पुं.)
सदाचारी –अनाचारी, दुराचारी (वि.)
सदुपयोग –दुरुपयोग (पुं.)
सद्भाव –दुर्भाव (वि.)
सद्भावना –दुर्भावना (स्त्री.)
सद्व्यवहार –दुर्व्यवहार (पुं.)
सन्निहित –असन्निहित (वि.)
सफल –असफल, विफल, निष्फल (वि.)
सफलता –असफलता, विफलता (स्त्री.)
सबल –दुर्बल, निर्बल (वि.)
सभ्य –असभ्य, उजड्ड, बर्बर (वि.)
समंजित –असमंजित (वि.)
सम –असम, विषम (वि.)
समझदार –बेसमझ, नासमझ, नादान (वि.)
समतल –असमतल, खुरदरा (वि.)
समता –असमता, विषमता (स्त्री.)
समय –असमय, कुसमय (पुं.)
समरूप –असमरूप (वि.)
समर्थ –असमर्थ (वि.)
समर्थता –असमर्थता (स्त्री.)
समर्थक –विरोधी (वि. पुं.)
समर्थन –विरोध, खिलाफत (पुं., पुं., स्त्री.)
समर्थित –असमर्थित (वि.)
समस्त –असमस्त (वि.)
समान –असमान (वि.)
समानता –असमानता (स्त्री.)
समास –असमास (वि.)
समास –व्यास (पुं.)
समीप –दूर (क्रिवि.)
समीपता –दूरी (स्त्री.)
समीपवर्ती –दूरवर्ती (वि.)
समीचीन –असमीचीन
समीपस्थित –दूरस्थित (वि.)
समृद्धि –विनाश (स्त्री.)
सम्मत –असम्मत (वि.)
सम्मति –असम्मति (स्त्री.)
सम्मान –असम्मान, अपमान, अवमान (पुं.)
सम्मानित –१. अपमानित, २. उपेक्षित (वि.)
सम्मुख –विमुख (वि.)
सरल –कठिन, पेचीदा (वि.)
सरस –नीरस, शुष्क (वि.)
सर्वत्र –कहीं-कहीं (क्रिवि.)
सलज्ज –निर्लज्ज (वि.)
सवर्ण –असवर्ण (वि.)
सवाल –जवाब (पुं.)
सशक्त –अशक्त (वि.)
सशस्त्र –निरस्त्र (वि.)
सशुल्क –निःशुल्क (वि.)
ससीम –असीम, निस्सीम (वि.)
सस्ता –महँगा (वि.)
सहज –कठिन (वि.)
सहनीय –असहनीय (वि.)
सहमत –असहमत (वि.)
सहमति –असहमति (स्त्री.)
सहयोगी –प्रतियोगी (वि.)

सहित –रहित, विहीन (वि.)
सहिष्णु –असहिष्णु (वि.)
सहिष्णुता –असहिष्णुता (स्त्री.)
सही –गलत (वि.)
सहृदय –हृदयहीन (वि.)
सह्य –असह्य (वि.)
सांप्रदायिक –असांप्रदायिक (वि.)
सांसारिक –पारलौकिक (वि.)
साकार –निराकार (वि.)
साक्षर –निरक्षर (वि.)
साक्षरता –निरक्षरता (स्त्री.)
साधार –निराधार (वि.)
साधारण –असाधारण, विलक्षण (वि.)
